स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
1 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 1
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 279 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


सचिन तेंदुलकर को पसंद नहीं आईपीएल का ये नियम, तुरंत हटाने की कर दी मांग



# डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को नई धमकी

## अमेरिका बहुत अच्छे समझौते के करीब, नहीं बनी बात तो अपनाएंगे दूसरा रास्ता

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और ईरान एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वॉशिंगटन को अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप नतीजा नहीं मिला तो वह इसे दूसरे तरीके से खत्म करेगा। ट्रंप ने यह टिप्पणी अपनी बहू लारा ट्रंप को दिए एक साक्षात्कार में की, जिसका प्रसारण शनिवार रात फॉक्स न्यूज पर हुआ। उन्होंने कहा, हम एक बहुत अच्छे सौदे के करीब हैं। अगर आप जल्दबाजी करेंगे तो आपको अच्छा सौदा नहीं मिलेगा। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें वह मिल रहा है जो हम चाहते हैं - और अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे किसी और तरीके से समाप्त करेंगे।



**ट्रंप बोले- ईरानी अच्छे वार्ताकार, लेकिन सारे पत्ते हमारे पास**

ट्रंप ने कहा कि ईरानी अच्छे वार्ताकार हैं, लेकिन उनका दावा था कि इस समय अमेरिका के पास सभी पत्ते हैं, क्योंकि ईरान सैन्य रूप से पराजित हो चुका है। उन्होंने कहा, हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है। वरना हम सीधे युद्ध विभाग को लाएंगे, जैसा कि हम इसके नाम को बुलाते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा।

हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वह ऐसा हथियार खरीद ले तो क्या होगा। उन्होंने कहा, अब इसमें लिखा है कि हम न तो सैन्य हथियार विकसित करेंगे और न ही किसी भी तरह से खरीदेंगे। यह एक बड़ा अंतर है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका का ईरान पर महत्वपूर्ण दबाव है, क्योंकि उसकी नौसेना और वायुसेना पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की पूरी सैन्य क्षमता को खत्म नहीं किया, क्योंकि वहां के कुछ नेता अपेक्षाकृत नरम रुख वाले हैं।

# धूल भरी आंधी के बाद झमाझम बारिश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही बादलों की आवाजाही और धूप-छांव का सिलसिला जारी रहा, लेकिन दोपहर बाद घने बादलों ने आसमान को पूरी तरह ढक लिया। हालात ऐसे बने कि दिन में ही अंधेरा छाने लगा। इसके बाद तेज झोंकेदार हवाएं चलनी शुरू हुईं, जिनकी रफ्तार 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। देखते ही देखते धूल भरी आंधी ने शहर को अपनी चपेट में ले लिया और शाम करीब पांच बजे तेज बारिश शुरू हो गई। राजधानी में मौसम के इस बदले मिजाज से लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। तेज हवाओं और बारिश के कारण कई इलाकों में लोगों को दिन में ही वाहन चलाने के लिए लाइटें जलानी पड़ीं। सड़कों पर अचानक अंधेरा और धूल का गुबार छा गया, जिससे कुछ समय के लिए जनजीवन भी प्रभावित हुआ। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी मौसम का यही रंग देखने को मिला। तराई क्षेत्र और एनसीआर से सटे जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। संभल, मुरादाबाद, हाथरस, गोंडा और बलरामपुर में जोरदार बारिश दर्ज की गई। वहीं शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, अलीगढ़ और बुलंदशहर में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम वर्षा हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से लगातार आ रही नमी के कारण प्रदेश के मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भी राजधानी समेत उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादलों की सक्रियता बनी रहेगी और कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। ऐसे में लोगों को अगले 24 घंटे तक मौसम के बदले हुए तेवर देखने को मिल सकते हैं।

- कई जिलों में अचानक बदला मौसम

## पेट्रोल पर 1.5 रु. व डीजल पर 3 रु. की टैक्स कटौती का ऐलान

**1 जून से लागू होगा फैसला**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** केंद्र सरकार ने तेल कंपनियों को बड़ी राहत दी है। 1 जून से पेट्रोल, डीजल और एटीएफ के एक्सपोर्ट पर लगने वाले टैक्स में कटौती की जाएगी। इसका आदेश शनिवार को जारी कर दिया गया है। पेट्रोल पर 1.5 रुपये और डीजल पर 3 रुपये की टैक्स कटौती का सरकार ने किया ऐलान, 1 जून से लागू होगा फैसला केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एटीएफ को लेकर बड़ा फैसला किया है। सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया था कि 1 जून से पेट्रोल, डीजल और एटीएफ के एक्सपोर्ट पर लगने वाली ड्यूटी को घटा दिया जाएगा। पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर 1.5 रुपये प्रति लीटर, डीजल के एक्सपोर्ट पर 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। वहीं, एविएशन टरबाइन फ्यूल के एक्सपोर्ट पर लगने वाले टैक्स में 7 रुपये प्रति लीटर की कटौती सरकार ने की है। बता दें, इस कटौती का घरेलू स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्योंकि सरकार ने घरेलू स्तर पर टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया है। एक्सपोर्ट ड्यूटी में कटौती का फैसला सरकार ने ऐसे समय में किया है जब इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी सी नरमी देखने को मिल रही है।

## यूपी में छात्र की हत्या का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या का मुख्य आरोपी असद (19) एनकाउंटर में मारा गया। वह शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। रविवार तड़के 4 बजे पुलिस ने घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में असद ढेर हो गया। पुलिस ने शनिवार को ही उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ शहर के वसुंधरा इलाके में हुई। बकरीद के दिन (28 मई) 17 साल के सूर्या की हत्या हुई थी। नाबालिग दोस्त के मुताबिक, असद ने फोन करके सूर्या को बुलाया। साथियों के साथ उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। मारने से पहले उसने सूर्या से पूछा था- क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? आओ, दिखाते हैं। इसका सीसीटीवी भी सामने आया था। वहीं, खोड़ा पुलिस ने 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें खोड़ा के रहने वाले नवाब (45), फरहान (19) और आतिफ (19) शामिल हैं। एनकाउंटर पर सूर्या की मां ने कहा- असद की लाश की फोटो दिखाओ, तभी मानूंगी कि उसका एनकाउंटर हुआ है।

- सूर्या की मां बोलीं- लाश की फोटो दिखाओ, तब मानूंगी

# वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल देगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने वियतनाम को सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस देने का समझौता किया है। बताया जाता है कि समझौते पर हस्ताक्षर पहले ही हो चुके हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने पहली बार आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। इस सौदे का अब तक सार्वजनिक रूप से एलान नहीं किया गया था, लेकिन समझा जाता है कि दोनों देशों के बीच 60 अरब रुपये का यह समझौता हो चुका है। सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग के दौरान वियतनामी प्रतिनिधि के एक सवाल के जवाब में रक्षा सचिव ने यह जानकारी दी। यह पहली बार है जब भारत सरकार के किसी शीर्ष अधिकारी ने सार्वजनिक मंच से वियतनाम के साथ ब्रह्मोस सौदे के पूरा होने की पुष्टि की है।

- दोनों देशों के बीच 60 अरब रुपये का समझौता
- पहली बार हुआ आधिकारिक खुलासा



**दोनों देशों में आपसी व्यापार 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य**

हाल ही में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी का एलान किया था। प्रधानमंत्री मोदी और लाम की मौजूदगी में दोनों देशों ने 13 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। साथ ही 2030 तक आपसी व्यापार को 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी रखा था। वियतनाम के साथ ब्रह्मोस समझौते के खुलासे के बाद एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक समीकरण बदल सकते हैं। चीन के साथ तनाव के बीच वियतनाम को ब्रह्मोस जैसी मारक मिसाइल मिलना उसकी रक्षा क्षमताओं को कई गुना बढ़ा देगा।

## यूपी में कई जिलों के सीएमओ बदले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। प्रदेश के 21 से अधिक जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल दिए गए हैं। डॉ. अवधेश कुमार यादव को कानपुर में अर्बन हेल्थ मिशन (यूएचएम) की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि डॉ. नीरज त्यागी को आगरा में संयुक्त निदेशक (जाइंट डायरेक्टर) के पद पर तैनात किया गया है। जारी सूची के अनुसार, डॉ. प्रमोद कुमार को फर्रुखाबाद के राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय से स्थानांतरित कर अंबेडकरनगर का नया सीएमओ नियुक्त किया गया है। डॉ. मुकेश कुमार को वाराणसी का सीएमओ बनाया गया है। इसी तरह डॉ. सचिन चंद्र वैश्य को गाजियाबाद, डॉ. हरिनंदन प्रसाद को जालौन, डॉ. अजय कुमार शर्मा को उन्नाव, डॉ. अभय नारायण राय को बलिया, डॉ. अल्का शुक्ला को हमीरपुर, डॉ. उदयभान सिंह को फतेहपुर, डॉ. किशोर कुमार आहूजा को हापुड़, डॉ. गंगाराम गौतम को जौनपुर, डॉ. पंकज कुमार को मऊ, डॉ. भुवन चंद्र पंत को पीलीभीत, डॉ. रमाकांत सागर को अमरोहा, डॉ. रामनाथ सिंह को अलीगढ़, डॉ. विकास चंद्रा को कन्नौज, डॉ. विनय कुमार को महोबा, डॉ. वेद प्रकाश को हाथरस, डॉ. सुखरंजन समदर को सीतापुर, डॉ. रमेश कुमार मिश्रा को सोनभद्र और डॉ. रंजन गौतम को बाराबंकी का सीएमओ नियुक्त किया गया है।

## जनरल सुब्रमणि ने भारत के नए सीडीएस के रूप में पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें पाकिस्तान और चीन के मामलों का बड़ा विशेषज्ञ माना जाता है। उनका मुख्य उद्देश्य महत्वाकांक्षी मिलिट्री थिएटरेशन (सैन्य थियेटराइजेशन) योजना को लागू करना और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करना है। उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल सुब्रमणि ने अपने पूर्ववर्तियों, दिवंगत जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान के शानदार नेतृत्व और योगदान के प्रति आभार जताया। जनरल चौहान शनिवार को देश के सबसे वरिष्ठ सैन्य कमांडर के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हुए। जनरल सुब्रमणि इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। वह पिछले साल 31 जुलाई को थल सेना के उप प्रमुख के पद से रिटायर हुए थे।



पद संभालने के बाद जनरल सुब्रमणि ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा। वह प्रधानमंत्री के जय विजन यानी जॉइंटनेस (तालमेल), आत्मनिर्भरता और इनोवेशन (नवाचार) को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों की ट्रेनिंग और उनका कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। जनरल सुब्रमणि ने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मुख्य आधार है। वह सेना में स्वदेशी हथियारों के विकास और उन्हें शामिल करने के काम में तेजी लाएंगे।

## एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने संभाला नौसेना प्रमुख का पदभार

**नई दिल्ली।** एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारतीय नौसेना के नए प्रमुख के रूप में 31 मई को अपना कार्यभार संभाल लिया। पद संभालने के बाद उन्हें साउथ ब्लॉक परिसर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके साथ ही वे भारतीय नौसेना के 27वें नौसेना प्रमुख बन गए हैं। दूसरी तरफ, निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एडमिरल त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से रिटायर हो गए।

- कहा युद्धक क्षमता बढ़ाने पर रहेगा जोर



एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को 1 जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। वे संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) खड़कवासला से पूरी की है।

## यूपी के पूर्णकालिक डीजीपी बने आईपीएस राजीव कृष्णा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को लंबे इंतजार के बाद अपना पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल गया है। वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को प्रदेश का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर मंथन पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी को ही पूर्णकालिक डीजीपी बनाए जाने पर मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यूपी को चार साल बाद स्थायी डीजीपी मिल गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यूपीएससी ने 26 मई को हुई बैठक के बाद 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा तथा 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण के नामों का पैनल प्रदेश सरकार को भेजा है। इनमें राजीव कृष्ण का नाम सबसे मजबूत माना जा रहा था। आखिरकार मुख्यमंत्री योगी ने भी उनके नाम पर मंजूरी दे दी। राजीव कृष्ण एक जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे। 1991 बैच के आईपीएस राजीव कृष्ण पुलिस महकमे में लंबे प्रशासनिक और मैदानी अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने प्रदेश के कई महत्वपूर्ण जिलों और जोनों में जिम्मेदारियां संभाली हैं।

- अभी तक कार्यवाहक के तौर पर निभा रहे थे जिम्मेदारी



## गर्मी से लड़ने का तरीका हमारी रसोई में भी है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में गर्मी को लेकर बात की। पीएम ने कहा- हमारे यहां गर्मी से लड़ने का तरीका कई बार रसोई में भी मिलता है। आपने भी देखा होगा जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे घर की रसोई का स्वाद बदल जाता है। पीएम ने कार्यक्रम में इस वक्त देश के दो चर्चित एथलीट की भी बात की। पीएम ने कहा- एक इवेंट जिसकी देशभर में बहुत चर्चा हो रही है, वह है 100 मीटर की रेस। महज दो दिनों के भीतर मेंस 100 मीटर रेस में नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा। जिन दो एथलीट्स ने ये कमाल दिखाया है वे हैं- गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर। दरअसल गुरिंदरवीर सिंह ने 23 मई को रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित फेडरेशन कप सीनियर नेशनल एथलेटिक्स टूर्नामेंट की पुरुषों की 100 मीटर रेस 10.09 सेकेंड में पूरी की। वे भारत के सबसे तेज धावक बने। गुरिंदरवीर ने अपने प्रतिद्वंद्वी अनिमेष कुजूर को पीछे छोड़ा। पहले यह रिकॉर्ड अनिमेष के नाम था। मन की बात कार्यक्रम में पीएम ने कहा-गर्मी में देशी पेय जल पीते रहें : देशी पेय से आप भी परिचित हैं, अगर आप उत्तर भारत में जाएंगे तो काफी जगह आपको मिलेगा आम पन्ना, कच्चे आम का स्वाद, और गर्मी से राहत भी 7 पंजाब-हरियाणा जाइए तो लस्सी मिल जाएगी। राजस्थान और गुजरात में छाछ, जैसे हर खाने की साथी बन जाती है। बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश में सत्तू का शरबत, उसकी तो बात ही क्या है - पेट भी भरे, ताकत भी दे।



- नीदरलैंड से 1000 साल पुरानी ताम्र पट्टिकाएं लाए
- 'मन की बात' में बोले पीएम मोदी

## एक और टीएमसी सांसद से मारपीट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हुगली में हमला हुआ है। कल्याण बनर्जी आज टीएमसी कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए ज्ञापन देने गए थे। दावा किया गया है कि उसी दौरान उन पर हमला हुआ। गौरतलब है कि कल टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर भी हमला हुआ था। सोनारपुर में चुनाव बाद हुई हिंसा के पीड़ितों से मिलने पहुंचे अभिषेक बनर्जी के साथ धक्का मुक्की हुई और उनके कपड़े फाड़ दिए गए। इस दौरान उन पर अंडे फेंके गए और अभिषेक बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी की गई। कल्याण बनर्जी रविवार को हुगली के चंडीतला पुलिस स्टेशन में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ज्ञापन देने पहुंचे थे। इस दौरान उनका विरोध शुरू हो गया और प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और उनके खिलाफ नारेबाजी की।

## यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल: अर्चना अग्रवाल बनीं राजस्व परिषद की अध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश की वरिष्ठतम आईएएस अधिकारियों में शामिल 1990 बैच की अधिकारी अर्चना अग्रवाल को प्रदेश के सर्वोच्च राजस्व प्रशासनिक पद उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रविवार को परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद शासन ने यह जिम्मेदारी अर्चना अग्रवाल को सौंप दी। अर्चना अग्रवाल वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की अध्यक्ष और परिवहन विभाग में अपर मुख्य सचिव के पद पर भी कार्यरत हैं। नई नियुक्ति के बाद वह इन दोनों महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन भी करती रहेंगी। शासन के इस फैसले को प्रदेश में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के रूप में देखा जा रहा है।

## देश के 166 तालाबों में मात्र 24.75 फीसदी पानी

**नई दिल्ली।** गर्मियों के चरम पर पहुंचते ही देश के तालाबों में संकट गहराने लगा है। केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार मई की शुरुआत से लेकर अंत तक देश के प्रमुख तालाबों से पानी का स्तर बहुत तेजी से नीचे गिरा है। देश के 166 प्रमुख तालाबों में मई के अंतिम सप्ताह तक कुल लाइव भंडारण घटकर 45.419 बिलियन क्यूबिक मीटर रह गया है, जो इनकी कुल क्षमता का मात्र 24.75 प्रतिशत है। मई के शुरुआती हफ्ते में इन तालाबों में 66.830 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी था, जो कुल क्षमता का 36.41 प्रतिशत था। इसका सीधा मतलब यह है कि इस एक महीने के भीतर ही गर्मी और भारी खपत के कारण देश के मुख्य जल स्रोतों से करीब 21.411 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी कम हो चुका है।

# 'विरोधियों के भी जायज मशवरे का एहतराम ज़रूरी'

**नवकांत ठाकुर**

**नज़र और नज़रिया**

इस फ़ानी दुनिया से रुखसती के बाद सुपुर्दे ख़ाक के वक्त स्थानीय समाज की कथित शर्मनाक बेरुखी और महज दो दर्जन से भी कम लोगों की मौजूदगी के बावजूद देश–दुनिया से लगातार सामने आ रही करोड़ों चाहनेवालों और मुरीदों की दुआएं, कसीदे और श्रद्धांजलि की असली वजह बशीर बद्र साहब की असीमित लोकप्रियता, बेजोड़ शख्सियत और बुलंद वकार के बाद भी वह शालीनता, तहजीब और विनम्रता है जिसका खुलासा करते हुए उन्होंने लिखा है कि– 'इबादतों की तरह मैं ये काम करता हूँ / मेरा उसूल है, पहले सलाम करता हूँ / मुख़ालिफ़त से मेरी शख़्सियत सँवरती है / मैं दुश्मनों का बड़ा एहतराम करता हूँ।'

लेकिन मसला है कि जायज बात पर दुश्मनों के भी मुख़ालिफ़त और मशवरे का एहतराम करने वाली पीढ़ी के लोग अब गिने–चुने ही बचे हैं। खास तौर से राजनीतिक क्षेत्र में स्थिति यह है कि कोई किसी की बात सुनने या समझने के लिए तैयार ही नहीं है।

बल्कि यहां हमेशा इस बात की होड़ लगी रहती है कि दूसरे की जुबान से निकली बात को गलत साबित करने के लिए कितनी तेजी से तर्क–कुतर्क गढ़ लिया जाए। नतीजन जायज बातें भी नक्कारखाने में तूती की तरह अनसुनी होकर रह जा रही हैं।

वर्ना, क्या गलत कहा है मुस्लिम समाज के काफी बड़े तबके ने कि अगर देश में गौ–हत्या बंदी के विचार को सख्ती से लागू करना है तो गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देकर गौ-हत्यारे के लिए फांसी की सजा का प्रावधान कर दिया जाए। हालांकि ऐसी मांग के पीछे गौमाता के प्रति स्नेह, श्रद्धा या संवेदना से ज्यादा यह खुराफाती मानसिकता छिपी हुई है कि अगर मांस के लिए गौवंश की हत्या रुक गई तो इसका सबसे अधिक नुकसान गौपालक हिंदुओं को ही होगा क्योंकि दूध नहीं देने वाली गाय को भी मजबूरन पालने से आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा और अगर उसको बेसहारा छोड़ दिया गया तो गांव में खेती और शहर में यातायात सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। लेकिन इसका सकारात्मक पहलू भी तो है कि गौ–हत्या निषेध के बाद देश में सांप्रदायिक संघर्ष की एक बहुत बड़ी वजह जड़ से ही खत्म हो जाएगी, जनसंघ–भाजपा की स्थापना के समय लिया गया संकल्प पूरा हो जाएगा और गौमाता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सदियों से प्रयासरत बहुसंख्यक गैर–मुस्लिम समाज के आंदोलनों और बलिदानों की सफल–सार्थक परिणति हो जाएगी। लेकिन, इस सकारात्मकता को तवज्जो देने, वैचारिक विरोधियों की ओर से आए मशवरे का एहतराम करने और गौहत्या बंदी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का संवाद से समाधान तलाशने के बजाय अब तमाम तर्क–कुतर्क के द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग पर ही सवाल उठाने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

कोई इस बात पर नाराजगी जता रहा है कि गाय को 'माता' के बजाय 'पशु' कहने की हिमाकत कैसे की गई? किसी को इस मांग के पीछे की खुराफाती मानसिकता से परेशानी है। यहां तक कि एक बड़ा वर्ग चुप्पी साध कर इस मांग को ही अनसुना कर देने पर आमादा दिख रहा है। बहरहाल, ऐसे–वैसे या जैसे–तैसे गौहत्या निषेध के लिए बन रही निर्विरोध सामाजिक आम सहमति की वजह से इसका संपूर्ण श्रेय अपने खाते में समेटकर राजनीतिक लाभ उठा पाने की मंशा पूरी नहीं होने के कारण इस मांग पर ध्यान नहीं देने वालों को ज्ञानेन्द्र मोहन 'ज्ञान' की इन पंक्तियों पर विश्वास करना चाहिए कि– 'आदमी सच की राह गर होगा / फिर किसी बात का न डर होगा / बात जायज़ कहो सलीक़े से / क्यों नहीं बात का असर होगा।'

**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**

# दंपत्ति को ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर ढाईघाट से गंगास्नान करके लौट रहे थे दोनो

**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर।** पुरुषोत्तम पूर्णिमा (ज्येष्ठ पूर्णिमा) के पावन पर्व पर बाइक से ढाईघाट में गंगास्नान करके बाइक से आ रहे पति - पत्नी को मिर्जापुर - ढाईघाट सिंगल रोड पर ढाई गांव के ईंट भट्ठे के समीप पीछे से आए बालू भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे पत्नी की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिर्जापुर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि रविवार सुबह लगभग आठ बजे थाना क्षेत्र के ग्राम चितरऊ निवासी रामप्रकाश वर्मा अपनी 50 वर्षीय पत्नी रामवती के साथ बाइक से



ढाईघाट गंगास्नान करके लौट रहे थे। रास्ते में मिर्जापुर - ढाईघाट सिंगल रोड पर पीछे से आ रहे बालू भरे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी रामप्रकाश की 50 वर्षीय पत्नी रामवती की रोड पर गिरकर मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि उसके पति रामप्रकाश बाइक सहित रोड से नीचे खाई में जा गिरे। ट्रैक्टर ट्राली चालक अपने बालू भरे वाहन को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। दुर्घटना में महिला की मृत्यु की सूचना पर उसके परिवार के लोग आ गए। परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर चालक की पुलिस तलाश कर रही है। इस मामले में समाचार लिखे जाने तक मृतका के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए तहरीर पुलिस को नहीं दी है। मृतका अपने पीछे चार बेटियां मीना,नीलम, मिथलेश, रेखा व बेटे शिवओम और हरी सिंह को रोता बिलखता छोड़ गई।

# महिला की बाइक से गिरने से मौत

## पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर पति के साथ बाइक से घर लौट रही थी

**कलान।** नगर के मोहल्ला शिव नगर निवासी महेश यादव अपनी पत्नी चंद्रकली (38) के बाइक पर सवार होकर बदायूं जनपद के थाना उसहैत अंतर्गत अटेना गंगा घाट पर ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान व पूजा अर्चना की।इसके बाद वह बाइक से रविवार सुबह 9 बजे आंधी देही रोड पर स्थित मिलकिया मोड़ पर ईट भट्टा के पास अचानक बाइक से गिर गयी। जिससे उसका सिर फट गया ।अधिक खून का



रिसाव एवं कान से खून बहने के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में एंबुलेंस के माध्यम से कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताते हैं इसी दौरान परिजन भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आ गये। मृतका की पुत्री पूजा (20) एवं पुत्र अमन (18) का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा ने मृतका के पति महेश यादव एवं अन्य परिजनों से पोस्टमार्टम के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।जिसके बाद पुलिस ने मृतका के शव को परिजनों को सौंप दिया।चंद्रकली की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# मां बगला मुखी मंदिर के निर्माण को आगे आए विधायक

## मंदिर प्रांगण एवं मुख्य मार्ग पर इंटरलॉक कराने का आश्वासन, दो श्रद्धालुओं ने मंदिर के नाम दान की जमीन

**पुवायां शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव समुलिया में निर्माणाधीन मां बगलामुखी मंदिर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए विधायक ने आश्वासन दिया। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जय माई बगलामुखी दसों महाविद्या मंदिर ट्रस्ट द्वारा गांव समुलिया में मंदिर निर्माण का भूमि पूजन 24 अप्रैल को ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित रोहित मुनि की अगुवाई में गांव समुलिया में किया गया था। जिसमें दूर दराज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और मंदिर निर्माण के लिए सहयोग भी किया। जिसके बाद अब विधायक चेतराम मंदिर निर्माण में सहयोग करने आगे आए। रविवार को विधायक गांव समुलिया स्थित निर्माणाधीन मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां पहुंच कर उन्होंने मां बगलामुखी को प्रणाम किया और मंदिर निर्माण को आगे बढ़ाने को सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मां बगलामुखी का पहला मंदिर का निर्माण होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में मिट्टी भराई से लेकर इंटरलॉक तथा मंदिर को आने वाले मुख्य मार्ग पर एक किलोमीटर तक मिट्टी भराई जल्द ही कराई जाएगी। वही ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित रोहित मुनि ने बताया कि समुलिया निवासी बृजेश चौधरी की मनोकामना पूर्ण होने पर उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए सवा दो बीघा जमीन दान की, इससे पूर्व अरविंद चौधरी ने एक प्लाट दान किया। जिसके बाद क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों का निरंतर सहयोग बना हुआ है। उन्होंने विधायक चेतराम द्वारा मंदिर में सहयोग करने पर उनका एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक चेतराम, विशाल तिवारी, ओमेंद्र चौधरी, पुनीत शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष रोहित मुनि, सचिव अधिवक्ता विनय शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह तथा विशेष सहयोगी कर्ता महेश शर्मा, जयप्रकाश पांडेय, अरविंद चौधरी, विजेंद्र सिंह, सुमित शर्मा, रणजीत सिंह, रोहित सिंह, संत कुमार सिंह, रामप्रताप मिश्रा, चौधरी रविंदर सिंह, सोनू पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# बिरियाबाबा मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## पुलिस व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से हुए दर्शन

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। नगर के बाराह पत्थर रोड स्थित प्रसिद्ध बिरियाबाबा मेले में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों ने बाबा के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सीओ इशिका सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम पूरे समय मुस्तैद रही और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष नजर रखी गई।मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिसकर्मियों ने मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग के बीच व्यवस्थित कतारें बनवाकर दर्शन कराए। भीड़ अधिक होने के बावजूद पुलिस की सतर्कता और बेहतर प्रबंधन के चलते कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनने दी गई। महिला, बुजुर्ग और बच्चों को



भी प्राथमिकता के आधार पर दर्शन कराने की व्यवस्था की गई।श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में प्रसाद चढ़ाकर अपनी-अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मेले में धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला और दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। पुलिस टीम लगातार लोगों को धैर्य बनाए रखने तथा कतारबद्ध होकर दर्शन करने के लिए जागरूक करती रही।सीओ इशिका सिंह के निर्देश पर तैनात पुलिस बल ने मंदिर परिसर और मेले के आसपास निगरानी बनाए रखी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने भी सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की सराहना की।रविवार को मेले में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ रही, लेकिन पुलिस की सक्रियता और सुव्यवस्थित प्रबंधन के कारण पूरे दिन दर्शन-पूजन का क्रम शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्यासे पंछियों को पानी पिलाएं, आओ इस आदत को संस्कार बनाएं




**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों को जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासार्थ विद्यार्थी , शाहजहांपुर की नगर इकाई तिलहर द्वारा पक्षियों के लिए पानी के सकोरे वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत करना था।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों की छतों, आंगनों एवं आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना एवं स्वच्छ पानी की व्यवस्था अवश्य करें, जिससे भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान शाहजहांपुर विभाग के विभाग संयोजक हर्षिल ठाकुर ने कहा कि प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता भारतीय संस्कृति की पहचान है। पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना केवल सेवा का कार्य नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी भी है।इस अवसर पर नगर मंत्री वैभव मिश्रा, तहसील संयोजक आदित्य गुप्ता, दिव्यांश अग्रवाल, संदीप वर्मा, सारांश गुप्ता, रितिक, सोनू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे गर्मी के इस मौसम में अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे तथा दाने की व्यवस्था कर इस पुनीत अभियान में सहभागी बनें।

### मंदिर पर पुजारी ने चोर को रँगे हाथों पकड़ा

#### पुलिस को सौंपा, 3320 रूपए वरामद

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** बाबा ब्रह्मदेव स्थान एवं



थाना परौर मुख्यालय एक ही प्रांगण में बने हुए हैं। रविवार को बाबा राज बहादुर दास अपने कमरे के बाहर बैठे हुए थे। लोगों से बातचीत कर रहे थे। कमरे के बाहर उनकी बनियान टंगी हुई थी। बनियान से चाबी निकाल कर कन्हई पुत्र राजकुमार कश्यप बक्से से पैसे निकालने लगा। खटपट की आवाज होने पर बाबा ने कन्हई को रंगे हाथों पकड़ कर मंदिर पर बैठे सहयोगी विनोद कुमार कठेरिया, सुरेंद्र कुमार गुप्ता व रामनिवास सिंह के सहयोग से पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि चोर के विरुद्ध चोरी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# रक्तदान शिविर का एसडीएम ने किया शुभारंभ

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। मानव जीवन कल्याण समिति द्वारा रविवार को महर्षि दयानंद शिक्षा सदन आर्य समाज मंदिर में प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में समाजसेवा और मानव कल्याण का संदेश देते हुए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया।

रक्तदान शिविर की शुरुआत समिति के अध्यक्ष पप्पू शर्मा ने स्वयं रक्तदान करके की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है और एक व्यक्ति का रक्त कई लोगों की जिंदगी बचाने में सहायक बनता है।

शिविर में अध्यक्ष पप्पू शर्मा सहित संजय यादव, उत्कर्ष गुप्ता, कौशिक राज, रजनेश, साहिल गुप्ता, सुनील दत्त मिश्रा, गौरव कुमार, रामोतार, सर्वेश, ईशु समेत कुल 15 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

रक्तदान शिविर में बरेली के महेश नाथ ब्लड बैंक की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान निर्मल राठौर, डॉक्टर दीपक, राजपाल यादव, पुष्पेंद्र गंगवार, टेक्नीशियन अभय राजपूत, शैलेंद्र एवं स्टाफ नर्स परवेश मौजूद रहे।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकांता त्रिवेदी, प्रबंधक अरविंद गुप्ता, अनुज मिश्रा, माया देवी, गायत्री श्रीवास्तव, किरन प्रजापति सहित समिति के अनेक सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में समिति पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# आवारा पशुओं का आतंक से राहगीरों का निकलना हुआ मुश्किल

**पुवायां शाहजहांपुर।** नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या आमजन के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। रविवार को स्थानीय निवासी एवं स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ शिशिर शुक्ला ने अपने आवास के निकट का एक दृश्य कैमरे में कैद किया, जिसमें कई आवारा गाय और सांड सड़क पर खड़े होकर आपस में लड़ते दिखाई दिए। पशुओं के इस झुंड के कारण मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांडों की लड़ाई के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोग दुर्घटना की आशंका से काफी देर तक रास्ता साफ होने का इंतजार करते रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है,



जिससे आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या केवल यातायात बाधित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आमजन की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ विषय है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति अत्यंत जोखिमपूर्ण बन चुकी है। निगोही रोड स्थित मोहल्ला हरदयाल कूंचा निवासी विकास शर्मा ने कहा कि समस्या के निस्तारण हेतु आवश्यक है कि आवारा पशुओं को सुरक्षित गौशालाओं अथवा निर्धारित स्थलों पर भेजने की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। आवारा पशुओं के कारण सड़क सुरक्षा और जनसुविधा दोनों प्रभावित हो रही हैं, जिसके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। वही नगर वासियों ने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# आस्था का केंद्र शिवालय,वालाजी मंदिर पर हुआ भंडारा

**स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर।** गत वर्षो की भांति जेठ मास की पूर्णिमा के उपलक्ष पर निगोही ब्लॉक प्रांगण में स्थापित शिवालय एवं वाला जी मूर्ति के समक्ष राजकीय बीज भंडार एवं कृषि रक्षा इकाई ने संयुक्त रूप से भंडारे का आयोजन किया! सुबह से शाम तक चलता रहा !इस बीच सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भंडारा प्रसाद का आनंद लिया! हिंदू धर्म मान्यताओं एवं विचारों से घिरा हुआ ! हिंदू भ्रमित है ! वह निर्णय नहीं ले पाता कि वह किस दिशा मार्ग का चयन करें किस सिद्धांत में जीवन जिए ! उसे स्वयं की आस्था की आवश्यकता है कि वह किस मार्ग पर चलकर जनकल्याण के साथ अपना जीवन धन्य बनाये! ब्लॉक निगोही प्रांगण में स्थापित शिवालय वाला जी मूर्ति लोगों की आस्था का केन्द्र है यहां आने वाले श्रद्धालु शिव जी को हनुमान जी को सुबह शाम पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पित करते हैं !



भगवान शिव,वाला जी को सच्चा एवं सिद्ध पूर्ण के रूप में जानी जाती है! मनौती पूर्ण होने पर कथा भागवत भंडारा इस बात का प्रमाण है ! कथा प्रवचन का भी लाभ प्राप्त होता है !बाल आपदाओं से पीड़ति तमाम लोगों को यहां आने पर छुटकारा मिलता है! इसके अलावा मुंडन और प्रसाद संस्कार ,वैवाहिक जीवन में प्रवेश लेने से पूर्व बर वधू यहां आकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं! मंगल एवं शनिवार के अलावा जेठ मास की अमावस्या एवं पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु ठंडे मीठे जल का प्याऊ लगाकर एवं भंडारा करते हैं! भंडारा कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार पांडे गोविंद कुमार गंगवार हरेंद्र कुमार वर्मा बाबूराम वर्मा, ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह रजनीश मिश्रा बीके वर्मा,डॉक्टर दृगपाल वर्मा, आशुतोष राजपूत,प्रमोद कुमार, पूसे राम वर्मा,दूजाराम वर्मा पत्रकार,आदि लोग उपस्थित रहे!

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित हो : फ़ूल मियाँ



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** दरगाह शाह शमसुद्दीन मियां के सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के आवा स पर एक बैठक की गई, जिसमें देश में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग उठाई गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है, इसलिए इसे राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा कि गाय का भारतीय समाज में विशेष महत्व है। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग गाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करते रहे हैं। श्री फूल मियां ने कहा कि गाय से प्राप्त होने वाले दूध एवं अन्य उत्पाद मानव स्वास्थ्य तथा कृषि क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने पर विचार करना चाहिए। साथ ही गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी योजनाएं लागू कर निराश्रित पशुओं की देखभाल की व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के साथ-साथ गोवंश संरक्षण हेतु कठोर एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया इस संबंध में एक ज्ञापन अधिकारियों के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा अंत में सभी उपस्थित लोगों ने गाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बैठक में इमाम गुलाम अहमद रजा, मौलाना वकार हुसैन, अंजुम खान, मोहम्मद जाहिद, ?ारी इदरीस, असलम, शरीफ़ कुरैशी, रईस कुरैशी, आदि मौजूद थे

# अवैध असलाह के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धन्योरा में एक युवक द्वारा अवैध असलाह के साथ फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किए गया है । उक्त फोटो वायरल होने से बेखौफ युवक कानून की खुले आम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहा है । गौर तलब है कि आये दिन अवैध हथियारों के साथ फोटो अपलोड किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं । युवकों में कानून का कोई खौफ नहीं है । फिलहाल उक्त वायरल फोटो बाला युवक अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।



# आज से विश्व प्रसिद्ध रासलीला गांधी ग्राउंड में

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। श्री राधा रानी सेवा समिति के आयोजत्व में नगर पालिका गांधी ग्राउंड में विश्व प्रसिद्ध वृंदावन धाम के रसाचार्य पं लेखराज ओम प्रकाश शर्मा द्वारा संचालित श्री राम श्याम मंडल के कलाकार भगवान श्री राधा कृष्ण की रास लीला का मनोहारी मंचन करेंगे । एक जून से सात जून तक यह रास लीला मंचन प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक होगी । समिति ने नगर के श्रद्धालु जनों से इस मनोहारी भक्तिमय कार्यक्रम में पहुंचकर लाभान्वित होने का निवेदन किया है ।

# पुरुषोत्तम पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था और विश्वास की डुबकी

**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर ।** रविवार को ढाईघाट में ज्येष्ठ पूर्णिमा (पुरुषोत्तम पूर्णिमा) के पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा मैया में आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना से गंगा पुरोहितों को अन्न,वस्त्र,फल,मिष्ठान और नकद मुद्रा दान कर पुण्यलाभ अर्जित किया। ढाईघाट गंगातट पर शाहजहांपुर जिले के अलावा आसपास के जिलों फर्रुखाबाद,हरदोई,लखीमपुर खीरी,पीलीभीत,बरेली आदि के हजारों श्रद्धालु विभिन्न वाहनों से गंगातट की ओर उमड़ पड़े। ढाईघाट मार्ग पर अपने जिले की सीमा तक यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए मिर्जापुर पुलिस जगह जगह तैनात रही। गंगातट पर फर्रुखाबाद जिले के शमशाबाद थाने की पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से



तैनात रही। पुरुषोत्तम पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रातः चार बजे से शुरू हुआ गंगास्नान का क्रम दोपहर बाद तक चलता रहा। तमाम श्रद्धालुओं ने गंगास्नान करने के बाद सत्यनारायण भगवान की कथा श्रवण कर संतों के स्थाई आश्रमों में चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महिला श्रद्धालुओं ने मेले में प्रसाद के रूप में श्रृंगार और पूजा सामग्री की खरीददारी की। गंगा पुरोहित अवधेश कुमार औदीचय ने बातचीत में गंगा मैया की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गंगा मैया पाप नाशनी और मोक्ष दायिनी ही नहीं,बल्कि इंसानों से लेकर पशु,पक्षियों,जीव जंतुओं,व्यापारियों,किसानों,मजदूरों, पंडा,पुरोहितों,साधु संतों और मांगने खाने वालों के लिए जीवन दायिनी हैं। गंगा मैया सांसारिक मां की तरह सभी का पेट भरती हैं। जिससे कलियुग में भी गंगा मैया की महिमा कम नहीं है।

# केन्द्रीय मंत्री जितिन ने प्रसाद भवन पर सुनी समस्याएं



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने प्रसाद भवन आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक को दिलाना उनकी प्रतिबद्धता है। इसके लिए हर जगह प्रशासन भी पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है यदि फिर भी जनमानस की किसी समस्या का समाधान में कोई कठिनाई आ रही हो तो वह जनप्रतिनिधियों एवं उनकी पार्टी के नेताओं को अवगत कराएं ताकि उनकी समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता पर निदान कराया जा सके। तदोपरांत श्री प्रसाद ने जलालाबाद विधान सभा क्षेत्र के ग्राम ककराहा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 134वें संस्करण को क्षेत्रवासियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ सुना। तत्पश्चात टिफिन बैठक में क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओ के साथ सहभोज कर स्थानीय मुद्दों, समस्याओं को सुनकर उसके समाधानों पर चर्चा की। इस अबसर पर क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी.मिश्रा, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र,जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख लता सिंह,बरिष्ठ भाजपा नेता उपेन्द्र पाल सिंह,अवधेश दीक्षित,कौशल मिश्र,श्याम बाबू सिंह,जितेंद्र सिंह,ब्रह्म कुमार दीक्षित,मनमोहन द्विवेदी, प्रशांत कठेरिया रामू अग्निहोत्री प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में 25 एनसीसी शिविर का तीसरा दिन



**शाहजहांपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय शाहजहांपुर में 25 यू पी बटालियन द्वारा आयोजित एन सी सी शिविर का तीसरा दिन था द्यसुबह कैडेटस का शारीरिक प्रशिक्षण कराया गया द्य इसके पश्चात का ड्रिल प्रशिक्षण, पॉइंट 22 राइफल्स का प्रशिक्षण एवं मानचित्र बोध का प्रशिक्षण दिया गया कर्नल आनंद शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी 25 यूपी बटालियन एनसीसी ने एस एस बी का प्रशिक्षण लेने आए कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया। शाम के समय गेम परेड में छात्रों को फुटबॉल, वॉलीबॉल और खो खो खेलों का अभ्यास कराया गया द्य शिविर में नियमित रूप से कैडेट की पानी परेड कराई जाती है जिसमें कैडेट्स को उनके प्रशिक्षक के समक्ष पानी पिलाया जाता है ताकि कैंप में किसी भी कैडेट को डिहाईड्रेशन ना हो। गेम परेड के बाद शाम के समय रोल कॉल में कैडेट्स को अगले दिन की गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई इसके बाद उन्हें एक मोटिवेशनल मूवी दिखाई गई।

# बीएड प्रवेश परीक्षा जनपद के सात केंद्रों पर सकुशल संपन्न



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर । जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की निर्देशन में बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई। बी0एड0 प्रवेश परीक्षा जनपद के 07 केन्द्रों पर कुल 2993 विद्यार्थियों की परीक्षा दो पालियों में प्रातः 9꞉00 से 12꞉00 बजे तक एवं द्वितीय पाली 2꞉00 से 5꞉00 बजे तक सम्पन्न होनी थी लेकिन इसमें,,शाहजहांपुर। जिले में यूपी बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 31 मई को 7 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। परीक्षा दो पालियों (सुबह 9-12 और दोपहर 2-5) में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 6000 में 5602 अभ्यर्थियों ने भाग लिया,। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा सकुशल एव शुचिता पूर्ण संपन्न हुई। दोनो पालियों में अभ्यर्थी का प्रवेश परीक्षा आरम्भ होने के एक घटा पूर्व प्रवेश आरम्भ हुआ तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के आधे घण्टे पश्चात् किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया गया। जनपद में निर्धारित परीक्षा केंद्रों का विवरण निम्नवत् है उसमें गांधी फैजाम डिग्री कॉलेज, सिविल लाइन, शाहजहाँपुर (ब्लॉक-ए. गांधी फैजाम डिग्री कॉलेज, सिविल लाइन (ब्लॉक-बी) स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, (ब्लॉक-ए) स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, (ब्लॉक-बी). स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, मुमुक्षु आश्रम, बरेली मोड़, राजकीय इंटर कॉलेज, शाहजहाँपुर आर्य महिला पीजी कॉलेज, सदर बाजार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। उन्होंने कहा कि गंभीरता के साथ परीक्षा को संपन्न कराएं किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते, निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कोई भी अनधिकृत व्यक्ति मौजूद न रहे इसका विशेष ध्यान रखा गया। परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह,अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, ने निरीक्षण किया। केन्द्र व्यवस्थापक एवं केन्द्र पर्यवेक्षक आदि मौजूद रहे।

# आईबीटी संस्थान का विस्तार
## अब तैयारी के लिए नहीं छोड़ना पड़ेगा शहर



**शाहजहाँपुर।** युवाओं में अद्भुत प्रतिभा है, बस उन्हें सही और आधुनिक मार्गदर्शन की जरूरत है। अब यहाँ के छात्र-छात्राओं को बैंकिंग, एस एस सी या रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली, मुंबई या लखनऊ जैसे बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।÷ आरोही भसीन ने कही यह बात देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज , मुंबई से एम बी ए कर चुकीं । कैबिनेट मंत्री संसदीय कार्य व वित्त सुरेश कुमार खन्ना ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के प्रयासों की सराहना की और युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के संस्थापक विनोद भसीन की पौत्री आरोही भसीन ने अब आई बी टी शाखा की कमान पूरी तरह संभाल ली है। श्री भसीन पिछले 25 वर्षों से जिले में एस एस सी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस जैसी परीक्षाओं की तैयारी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम रहे हैं। आरोही भसीन ने पिछले तीन वर्षों तक देश के बड़े शिक्षा क्षेत्र के संगठनों में कॉर्पोरेट स्तर पर कार्य किया है। आरोही ने बताया, केवल एक कोचिंग संस्थान नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के विश्वास का नाम है। हम यहाँ दिल्ली-मुंबई के स्तर की फैकल्टी, नेशनल लेवल टेस्ट सीरीज और सटीक अध्ययन रणनीति उपलब्ध कर रहे हैं।÷कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरी है फैकल्टी संस्थान प्रबंधन के अनुसार, प्रत्येक शिक्षक का चयन कई चरणों की बेहद कठिन लिखित परीक्षा और डेमो प्रक्रिया के बाद किया गया है। सभी शिक्षक उच्च शिक्षित और अनुभवी हैं। संस्थान में आधुनिक स्मार्ट क्लास, दैनिक डाउट क्लियरिंग सेशन, पर्सनल मेंटरशिप (एक-एक छात्र पर ध्यान)और पूरी तरह से अपडेटेड स्टडी मटेरियल की व्यवस्था की गई है। संस्थान का मुख्य लक्ष्य शाहजहाँपुर को पूरे रोहिलखंड क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं का सबसे बड़ा और सफल केंद्र बनाना है।

# सपाईयों ने अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती



**शाहजहांपुर ।** सपा के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती जनपद बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई।उनके चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया। सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन पर्यंत प्रयत्न किया प्रकार उन्होंने महिलाओ को आगे बढ़ाने के लिए विसेश योगदान दिये। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का मुख्य योगदानों में से एक 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ मंदिर है जिसका जीरणद्धार महारानी अहिल्याबाई होलकर ने करवाया साथ ही बनारस का काशी विश्वनाथ मंदिर भी उन्हें की देन है।इस प्रकार उन्होंने देश की प्रगति में विशेष योगदान दिया। इस मौके पर सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह सपा, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,पूर्व लोकसभा सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा,सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली खान,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा,सपा नेता दोद राम वर्मा,सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता अरविन्द पाल,सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया,सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा युव?न सभा के प्रदेश सचिव पार्थ यादव, जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव,सपा यूथ ब्रिगेड के राष्टीय सचिव अजीम खान, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजपाल भोजवाल,सपा नगर विधानसभा महासचिव लल्ला सिंह यादव,सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल,सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन,सविता कठेरिया, शौकत अली,सुरजीत यादव, रकीम खान, परविंदर यादव, मोहम्मद बिलाल, अखिलेश यादव, राकेश विश्वकर्मा, शाहाब खान,सचिन सक्सेना, अभय शंकर,विशाल सक्सेना, ऋषभ सक्सेना,अवनीश कुमार कनौजिया, गुफरान खान, श्लोक मौर्य,रानू खान, मोहम्मद जामिन,मोहम्मद वकार खान, शरीफ, आरिफ खान, मुनेंद्र पाल यादव रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

# महिला पर बांके से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**पुवायाँ, शाहजहाँपुर।** महिला पर बांके से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुवायाँ पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का बांका भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम सुनारा बुजुर्ग निवासी प्रेमराज पुत्र बद्री प्रसाद की तहरीर पर थाना पुवायाँ में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि मलिखान पुत्र बद्री प्रसाद ने प्रेमराज की पत्नी रामदेवी के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से उनके सिर पर बांके से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही प्रेमराज को भी जान से मारने की धमकी दी थी। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के पर्यवेक्षण में थाना पुवायाँ पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मलिखान (55 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक विशाल कुमार एवं कांस्टेबल अंकित कुमार की टीम ने आरोपी को ग्राम सुनारा बुजुर्ग से करीब 200 मीटर आगे रामस्नेही पुत्र गुलाब के मोटर के पास से दोपहर 2꞉39 बजे दबोचा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का बांका बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# आंधी में गिरा पेड़ 7 दिन बाद भी नहीं हटा



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** राष्टीय राजमार्ग 24 पर 25 में को रात में आंधी आई थी जिस कारण गिर गए थे उस पेड़ को अभी भी राष्टीय राजमार्ग तो नहीं हटाया गया हालांकि 3 दिन के बाद बिजली विभाग में स्टेशन कॉलोनी की लाइट सही कर दी थी लेकिन अभी तक पेड़ हटाने की जिम्मेदारी नहीं समझी दिन में तो राजगीर देखकर निकल जाते हैं लेकिन रात के अंधेरे में कई बहन इसमें टकरा जाते हैं जिससे कई बाइक सवार और फोर व्हीलर इसमें टकराकर घायल हुए इस संबंध में और अभियंता से जब बात की तो उन्होंने बताया मेरी जिम्मेदारी नहीं है रोजा जंक्शन सीनियर सेक्शन इंजीनियर कौशल कुमार अवस्थी से जब बात की तो उन्होंने बताया रेल विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं है वन विभाग की जिम्मेदारी बनती है वह सड़क पर गिरे हुए पेड़ को एक और किनारे करके रास्ता साफ करवा दिया।

# आवारा पशुओं का आतंक, राहगीरों का निकलना हुआ दूभर

**शाहजहांपुर।** नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या आमजन के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। रविवार को स्थानीय निवासी एवं स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ शिशिर शुक्ला ने अपने आवास के निकट का एक दृश्य कैमरे में कैद किया, जिसमें कई आवारा गाय और सांड सड़क पर खड़े होकर आपस में लड़ते दिखाई दिए। पशुओं के इस झुंड के कारण मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांडों की लड़ाई के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोग दुर्घटना की आशंका से काफी देर तक रास्ता साफ होने का इंतजार करते रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं।शिशिर शुक्ला ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या केवल यातायात बाधित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आमजन की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ विषय है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति अत्यंत जोखिमपूर्ण बन चुकी है। उन्होंने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन से अनुरोध किया है कि आवारा पशुओं को सुरक्षित गौशालाओं अथवा निर्धारित स्थलों पर भेजने की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। आवारा पशुओं के कारण सड़क सुरक्षा और जनसुविधा दोनों प्रभावित हो रही हैं, जिसके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई आवश्यक है।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित



**शाहजहांपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एक विचार गोष्ठी आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी में बोलते हुए जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मालवा क्षेत्र की विन्रम और उदार शासिका के साथ साथ एक महान शिवभक्त भी थी। उनके हृदय में गरीबों, जरूरतमंदों, असहाय लोगों के प्रति दया व परोपकार की भावना कूट कूट कर भरी थी। उन्होंने अपने राज्य की सीमा के बाहर देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थानों में मंदिर, घाट, कुँए,मार्गों का निर्माण कराया इसके साथ ही गुजरात में स्थित सोमनाथ मंदिर व बनारस में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार व पुनर्निर्माण भी सम्मिलित है। पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जीवनपर्यन्त कार्य किया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मानवता के कल्याण के लिए आज भी याद किया जाता है। गोष्ठी में प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुणोद मिश्रा, अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी,छात्र संगठन जिलाध्यक्ष रफ़ी उल हसन,संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा,फुरकान अहमद कुरैशी,महेंद्र त्रिपाठी,इक़बाल अंसारी, अखलेश पाल,यूसुफ खान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वृद्धजन हमारे समाज के धरोहर और मार्गदर्शक : सिंह
## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का ''वृद्धजनों के अधिकार'' जागरूकता शिविर का वृद्धाश्रम बनतारा आयोजित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ''वृद्धजनों के अधिकार'' के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन वृद्धाश्रम बनतारा, में किया गया, जिसकी अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती अपेक्षा सिंह द्वारा की गयी। सचिव ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की धरोहर और मार्गदर्शक हैं। जीवन के इस प?ाव पर उनका सम्मान, देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल हमारा नैतिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि कानूनी दायित्व भी है। उनके द्वारा ''माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007'' के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि कोई संतान या रिश्तेदार (जो संपत्ति का उत्तराधिकारी है) वृद्धजनों की उचित देखभाल करने से इंकार करता है या उन्हें प्रता?ित करता है, तो वरिष्ठ नागरिक इस अधिनियम के तहत भरण-पोषण भत्ते की मांग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वृद्धजनों को अपनी संपत्ति से बेदखल होने से बचाने के कानूनी उपायों और ट्रिब्यूनल में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क और त्वरित कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की विधिक समस्या या अधिकार हनन की स्थिति में वे सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। शिविर के अन्त में विनोबा सेवा आश्रम की सचिव श्रीमती विमला बहन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। शिविर का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मो0 अफजल द्वारा किया गया।इसके अतिरिक्त इस शिविर में पीएलवी राकेश राठौर, केयर टेकर अंजलि, वृद्धाश्रम का स्टॉफ व अधिक संख्या में वृद्धजन आदि उपस्थित रहे।



# नदी में नहाते समय डूबे किशोरों के शव बरामद

## एनडीआरएफऔर स्थानीय पुलिस की मदद से आज तड़के मिली सफलता

**स्वतंत्र भारत अल्हागंज-शाहजहांपुर।** रामगंगा नदी में नहाने गए तीन दोस्तों में दो की डूब कर मौत होने के 14 घंटे बाद एनडीआरएफ की टीम ने दोनों के शवों को अलग-अलग स्थानों से कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया है। बताया जाता है कि दोनों ही अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे दोनों के परिवारों में अचानक हुए इस हादसे से कोहराम मचा हुआ है, शवों को पीएम के लिए भेजा गया है।



बतादें कि हरदोई जनपद के रूपापुर चीनी मिल में काम करने वाले कर्मचारियों के बेटे तीन जिगरी दोस्त अक्सर रामगंगा नदी में नहाने के लिए रघुनाथपुर गांव की तरफआते थे जिन्हें कई बार स्थानीय लोगों ने नदी में नहाते हुए देखा भी था। अपनी आदत के मुताबिक शनिवार शाम लगभग 4:00 बजे तीनों दोस्त उत्कर्ष पुत्र दिवाकर विक्रम सिंह, सर्वज्ञ पुत्र अमन श्रीवास्तव व काव्य पुत्र रमाशंकर रामगंगा नदी के किनारे नहाने के लिए पहुंच गए।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के बरेली-फर्रुखाबाद हाई-वे पर स्थित रामगंगा नदी के पुल के पास से युवक स्कूटी को नीचे की तरफ उतारकर 100 मीटर रघुनाथपुर गांव की तरफ चले गए और स्कूटी को नदी के किनारे खड़ा कर दिया वहां से थोड़ी दूरी पर चलकर तीनों दोस्त नदी में स्थित एक टापू पर पहुंच गए जहां उत्कर्ष पुत्र दिवाकर एवं सर्वज्ञ पुत्र अमन श्रीवास्तव नदी में नहाने के लिए पानी में चले गए उत्कर्ष नहाते-नहाते गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा जिसको देख उसका दोस्त सर्वज्ञ बचाने के लिए नदी में कूद गया और गहरे पान में चला गया और वह अपने आप पर नियंत्रण नहीं रख सका और दोनों ही दोस्त डूबने लगे यह दृश्य तीसरा दोस्त काव्य देख रहा था आस पड़ोस लोगों से सहायता के लिए वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा लेकिन शाम ज्यादा हो जाने के कारण आसपास के लोग मौजूद नहीं थे जब काव्य किसी की सहायता नहीं पा सका तो उसने 112 पुलिस की गाड़ी



को फोन लगाया और जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने शनिवार देर रात तक दोनों युवकों को ढूंढने के काफी प्रयास किया रेस्क्यू ऑपरेशन को देर रात तक चलाया गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों की तलाश की और दोनों के शवों को बरामद कर लिया। मृतक सर्वज्ञ का शव एनडीआरएफ की टीम द्वारा घटनास्थल से चंद कदम की दूरी पर ही बरामद किया जबकि दूसरे मृतक उत्कर्ष का शव रघुनाथपुर स्थित देवी मंदिर के पास से नदी में से बरामद किया है। इस दौरान एसओ अल्हागंज ओम प्रकाश व मय पुलिस व बड़ी तादाद में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे दोनों के परिवार में कोहराम मचा है। रो-रो कर बुरा हाल हो गया है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बलात्कार मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** युवती को शादी का झांसा देकर शादीशुदा युवक ने अपने जाल में फसाया और काफी दिनों तक शारीरिक संबंध स्थापित कर उसे प्रेग्नेंट कर दिया मामला खुला तो युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है आरोपी फरार हो गया है। थाना जलालाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही उसके सजातीय युवक बबलू बलराम का घर पर आना जाना था उसने बरगला कर शारीरिक संबंध बनाए और उसके बाद शादी करने का आश्वासन दिया कहा वह अपनी पत्नी को तलाक दे देगा झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा युवती ने बताया कि गत 17 अप्रैल को दिन के 11:00 बजे जब वह भैंस को पानी पिला रही थी तभी बबलू उसके घर आया और पूछा पापा कहां गए हैं उसने बताया कि पापा बाहर गए गेहूं बेचने गये हैं बबलू ने फिर मौके का लाभ उठाते हुए उसकी मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती उसे टीन शेड में खींचकर ले गया व बलात्कार किया जिससे उसको गर्भ ठहर गया है वह काफी मानसिक रूप से परेशान हुई और भय के कारण किसी को कुछ बात नहीं बता पाई। युवती ने बताया कि बबलू गुंडा किस्म का व्यक्ति है जिस पर कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं बबलू उर्फ बलराम ने उसको धमकी दी कि तुम्हारे फोटो और वीडियो वायरल कर दिए जाएंगे और तुम्हारे भाई को खेत में रखवाली करते समय रात में मार देंगे जबकि युवती की मां भाई की पढ़ाई के कारण बाहर रहती हैं डर के कारण युवती अपनी मां के पास चली गई और घर वालों को पूरी घटना की जानकारी दी। घर वालों से आश्वासन मिलने के बाद तहरीर लेकर थाने आई व पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक आरोपी बबलू उर्फ बलराम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है जबकि आरोपी फरार बताया गया है।

इधर इस मामले में क्राइम इंस्पेक्टर रवि शंकर सिंह यादव से पूछने पर उन्होंने बताया कि युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है वह आरोपी की तलाश की जा रही है शीघ्र आरोपी पुलिस की गिरफ्तार में होगा।

# वित्त मंत्री ने पाइपलाइन परियोजना कार्य का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** ,प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को जलालनगर बाहर चुंगी स्थित अंबेडकर कॉलोनी एवं गदियाना मोहल्ले में चल रहे जल निगम की पाइपलाइन परियोजना का निरीक्षण किया,उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए,निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के कार्य से स्थानीय लोगों को अनावश्यक असुविधा नहीं होनी चाहिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कार्य पूरा हो जाए,वहां सड़क एवं अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल पूर्ववत कराया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े,मंत्री ने परियोजना से जुड़ी तकनीकी जानकारियां भी प्राप्त कीं और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष बल दिया,उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों को बेहतर पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा,इस अवसर पर पार्षद रीता राठौर,भाजपा पदाधिकारी,नगर निगम एवं जल निगम के अधिकारी तथा स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सकारात्मक पत्रकारिता से आते बेहतर परिणाम : खन्ना

## पत्रकारिता दिवस पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में श्रम जीवी पत्रकार यूनियन का एक कार्यक्रम प्रेस क्लब में आयोजित किया गया, जिसमें समाज निर्माण में प्रेस प्रशासन और राजनीति की भूमिका पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना पहुंचे। यहां वित्त मंत्री का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिनमें पत्रकार हरिओम त्रिवेदी, विवेक सैंगर, कु. शिशांत शुक्ला, सुखलाल वर्मा और अंकित गुप्ता सम्मानित किए गए। मंच पर मुख्य अतिथि के साथ विनोबा सेवा



आश्रम के संस्थापक रमेश भैया, वरिष्ठ पत्रकार ओमकार मनीषी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलदीप दीपक, और भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह मंचासीन रही। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुरेश चंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पत्रकार सरकार को आईना दिखाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सकारात्मक पत्रकारिता की जाए तो इसके बेहतर परिणाम सामने आते हैं। कार्यकर्ता के दौरान श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलदीप दीपक और महामंत्री शिवकुमार ने वित्त मंत्री को उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिलने पर उन्हें हनुमान जी की मूर्ति देखकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई वक्ताओं ने पत्रकारों की दशा दिशा और चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, वरिष्ठ अधिवक्ता इम्तियाज अली, पार्षद अल्पना श्रीवास्तव, डॉ आनंद प्रकाश मिश्रा, तराना जमाल, पार्षद प्रदीप सक्सेना, भाजपा नेता विपुल त्रिवेदी, कांग्रेस नेता अशफाक उल्ला खान, पूर्व प्राचार्य डॉ रानी त्रिपाठी पार्षद जगदीश कुशवाहा, उद्योगपति अशोक अग्रवाल, , मोहम्मद इरफान, राकेश श्रीवास्तव, संजीव कुमार गुप्ता, प्रेम शंकर गंगवार, अमित सक्सेना, कमल सिंह, आसिफ अली, अमित सिंह, अनूप कुमार, तबस्सुम हुसैन, जगदीश सिंह, कमल सिंह, सुखविंदर, रोमी आनंद डॉ आनंद प्रकाश मिश्रा,शुभम श्रीवास्तव, प्रभाकर मिश्रा, शान मोहम्मद, महेंद्र चावला, रागिनी श्रीवास्तव, बलराम शर्मा, पंकज सक्सेना, उदित शर्मा, अमित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विमलेश अवस्थी, योगेश शुक्ला, स्वदेश शुक्ला, विवेक शर्मा, नितेश गंगवार, संजय श्रीवास्तव, बलजीत सिंह, मोहम्मद खान, अभिनव गुप्ता, हामिद ?रीदी, दीपक साहू, सुनील अग्निहोत्री, रविंद्र सिंह, राजू बग्गा, आले नबी ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, शाहिद सहित तमाम पत्रकार और गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रमजीव पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलदीप दीपक और महामंत्री शिवकुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी के निधन पर शोक जताया

## नायब तहसीलदार ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय राम प्रसाद की विधवा ग्राम सरायं साधौ निवासी 90 वर्षीय चंपा देवी का शनिवार बीमारी के चलते निधन हो गया। इस मौके पर एसडीएम प्रभात राय के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार रोहित कटियार ने मौके पर पहुंचकर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गांव के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की विधवा को ससम्मान अंतिम विदाई दी गयी। ग्राम सरायं साधौ के प्रधानपति राम आसरे ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामप्रसाद का काफी समय पहले निधन हो चुका है आज उनकी विधवा चंपा देवी भी स्वर्गवासी हो गई। मृतका के दो बेटे हैं बेटी कोई नहीं है कल देर शाम उनका ढाई घाट गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया गया आज गांव में स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा हुई जिसमें 2 मिनट मौन रखकर दिवंगत की आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# जान से मारने की धमकी देने का आरोप

स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। गाली का विरोध करने पर चार लोगों ने पीटा जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप । सिमरिया सहसपुर के सूरज पाल ने बताया कि 28 मई को शाम 6.30 बजे लड़का शिवम् भैस मकान पर बाधने ले जा रहा था गांव के धनवीर एवं उसकी पत्नी तथा राजेश व अनीता अपने दरवाजे के सामने गालियां देने लगे लड़के ने गालिया देने से मना किया तो लात घूसो व डन्डों से मारपीट करने लगे बचाने पत्नी पूनम देवी व पालाराम की पत्नी सुषमा देवी आ गये तो उन्हे भी लात घूसों व लाठी डन्डों से मारापीटा जान से मारने की धमकी दी।

# दो युवक तमंचा सहित गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** जलालाबाद पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को दो तमंचों और दो जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे के मोहल्ला जमदग्निनगर से ढकियाई मंदिर रोड जाने वाले रास्ते पर स्थित पुलिया के पास से रविवार तड़के जलालाबाद निवासी रामजी गुप्ता और शेखर गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया। तलाशी के दौरान रामजी के पास से 12 बोर का देशी तमंचा व कारतूस तथा शेखर के पास से 315 बोर का देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। बतादें यह वही दोनों युवक हैं जिन्होंने दो दिन पहले कोचिंग पढ़कर आ रही एक छात्रा के साथ अश्लील हरकतें की थीं एवं छात्रा के भाई द्वारा विरोध करने पर उसे तमन्चे के बल पर धमकाया व गाली गलौज की थी जिसकी शिकायत थाने पर की गयी थी।

# परिजनों ने लगाया ग्रामीण की हत्या का आरोप

**सिंधौली।** क्षेत्र के गांव चक कन्हऊ निवासी शिवकुमार तिवारी 38 पुत्र सत्य राम तिवारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। पत्नी आरती एवं परिजनों ने सिंधौली पुलिस पर तीन दिन पहले हुई विवाद की घटना की रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए आज बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण एवं रिश्तेदारों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को दी तहरीर में बताया की तीन दिन पहले वह सिंधौली कोतवाली में मारपीट किए जाने की तहरीर लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था परंतु पुलिस ने दबाव में आकर न ही प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया और न ही मेडिकल



के लिए अस्पताल भेजा उल्टे अमृत एक शिवकुमार तिवारी उर्फ लाला को ही पुलिस ने सख्ती से डांट फटकार कर वहां से भगा दिया एवं मुकदमा दर्ज करने की धमकी दे दी परिजनों के मुताबिक यदि घटना वाले दिन ही पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजती तो ऐसी घटना घटित नहीं होती मृतक की दो बेटियां दर्शिका दीक्षित 7 साल अनुष्का दीक्षित 3 साल जो अबोध है का लालन पालन करना कठिन हो जाएगा इसलिए परिजनों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग प्रार्थना पत्र में की है पत्नी एवं परिजनों ने हत्या की सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की है घटना की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी या एस आई टी से कराये जाने एवं परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराये जाने की मांग की है जिससे दबंग पीड़ित परिजनों को धमकाकर राजीनामा लेने का दबाव न बना सके पीड़ित पत्नी गर्भवती भी है ऐसे में उसकी देखभाल का सवाल भी है बच्चों की पढ़ाई लिखाई न प्रभावित हो इसकी भी मांग पुलिस अफसरो से की गई है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल के दस दिवसीय समर कैंप का समापन

## बच्चों ने सीखी रचनात्मकता, तकनीक, खेल और आत्मरक्षा की नई विधाएँ

**शाहजहांपुर।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का अत्यंत उत्साह, उमंग एवं शानदार उपलब्धियों के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कैंप के दौरान बच्चों ने सीखने के साथ-साथ अनुशासन, टीमवर्क और मनोरंजन का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया। समर कैंप का सबसे रोमांचक आकर्षण बच्चों का ब्लू हेवन वाटर पार्क भ्रमण रहा। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों एवं साथियों के साथ विभिन्न वाटर राइड्स और मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। बच्चों का उत्साह, ऊर्जा और खुशी देखने योग्य थी। यह विशेष भ्रमण बच्चों के लिए यादगार अनुभव बन गया और समर कैंप में उत्साह का केंद्र रहा। कक्षा के.जी. से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं



के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने नई-नई विधाएँ सीखीं और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त किया। के.जी. के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ÷ओल्ड गेम्स÷ गतिविधि के अंतर्गत पारंपरिक खेलों का आनंद लिया, वहीं फायरलेस कुकिंग में स्वादिष्ट एवं आकर्षक डिश बनाना सीखा। स्विमिंग, एरोबिक्स, जुम्बा और फ्रीस्टाइल डांस जैसी गतिविधियों ने बच्चों में ऊर्जा, आत्मविश्वास और फिटनेस के प्रति जागरूकता का संचार किया। ÷फिटनेस विद फन÷ गतिविधि के माध्यम से छोटे बच्चों को खेल-खेल में स्वस्थ और सक्रिय रहने की प्रेरणा दी गई। कैलीग्राफी गतिविधि में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने राइटिंग स्ट्रोक्स, कार्ड मेकिंग, टी-शर्ट एवं हैंडकरचीफ पर कैलीग्राफी तथा गुल्लक सजाने जैसी कलात्मक गतिविधियाँ सीखीं। बच्चों की सुंदर हस्तलिपि और रचनात्मक सोच ने सभी को प्रभावित किया। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी समर कैंप अत्यंत प्रभावशाली रहा। कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने स्क्रैच कोडिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया, वहीं कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने पाइथन भाषा में प्रारंभिक कोडिंग, ग्राफिक्स एवं रोचक गणनाओं का अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने आधुनिक क्लाउड एप्लीकेशन के माध्यम से चार्ट, पोस्टर एवं डिजिटल डिज़ाइन तैयार करना भी सीखा, जिससे उनमें तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच का विकास हुआ। खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बैडमिंटन, खो-खो और फुटबॉल के नियमों का अभ्यास किया। ताइक्कांडो गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। वहीं धनुर्विद्या में बच्चों ने धनुष-बाण की पहचान, सही शारीरिक मुद्रा, एकाग्रता और सटीक निशाना लगाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्केटिंग गतिविधि में बच्चों ने संतुलन, साहस और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नृत्य गतिविधियों में विद्यार्थियों को कथक एवं फ्रीस्टाइल डांस का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समापन समारोह को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया और उपस्थित सभी दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। आर्ट एंड क्रिएटिविटी÷ गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने क्ले से पेंसिल टॉपर, टेडी बियर, नेम प्लेट, वॉल हैंगिंग एवं विभिन्न सजावटी वस्तुएँ बनाईं। वहीं ÷स्टाइल स्टूडियो (ज्वेलरी एंड फैशन)÷ गतिविधि में विद्यार्थियों ने नेकलेस असेंबल करना, पेंटिंग, फ्लेयर गाउन डिजाइनिंग, पेपर बैग मेकिंग एवं क्लॉथ डिजाइनिंग जैसी आकर्षक कलाएँ सीखीं। समापन समारोह में निदेशक राजकुमार व अरुण खंडेलवाल प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल एवं प्रबंध समिति की सदस्या पलक नील खंडेलवाल ने सभी गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना की। प्रधानाचार्य श्री प्रखर खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में प्रदेश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने बच्चों को निरंतर सीखते रहने तथा अपनी प्रतिभा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को पिज़्ज़ा हट का स्वादिष्ट पिज़्ज़ा अल्पाहार के रूप में वितरित किया गया। भीषण गर्मी एवं मौसम की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद समर कैंप में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय के प्रति बच्चों के उत्साह और समर्पण को दर्शाती है। प्रबंध समिति के सदस्यों ने बच्चों को गर्मी से बचाव हेतु पर्याप्त पानी पीने, अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने तथा स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी दी।

# जनगणना कार्य पूर्ण हो 22 जून तक : जिलाधिकारी


**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य से 20 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। यह कार्य समयबद्ध होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाना भी अनिवार्य है, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार की उपस्थिति में जनगणना कार्यों की समीक्षा हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठकें तहसील जलालाबाद, कलान, पुवायां, तिलहर एवं सदर क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों, समस्त चार्ज अधिकारियों तथा संबंधित समस्त नामित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बिस्मिल सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों के साथ जनगणना कार्यों की प्रगति एवं तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कराने, आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने तथा फील्ड स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 3 जून को पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाले संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। वहीं, 8 जून को उन निकायों एवं विभागों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिनका कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो जाएगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आगामी समीक्षा बैठक का प्रारूप इस प्रकार होगा, जिसमें प्रगणक कौन हैं, कुल कितने घरों का सर्वे किया जाना है, अब तक कितने घरों का सर्वे पूर्ण किया जा चुका है तथा कार्य की प्रतिशत प्रगति क्या है, जैसे बिंदुओं से संबंधित आंकड़ों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीज अस्पताल में चल रहा था उपचार गर्भवती महिला की मौत

- स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल
- जांच के बाद होगी विधिक कार्रवाई-सीएमएस

स्वतंत्र भारत



**पसगवां-खीरी।** थाना पसगवां क्षेत्र के बरखेरिया जाट स्थित न्यू सिटी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत का मामला सामने आया है। अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब दो माह पूर्व अवैध संचालन के आरोप में सीज किया जा चुका था। इसके बावजूद वहां कथित रूप से मरीजों का उपचार जारी रहने की बात सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जसमढ़ी निवासी रोहित पुत्र टररू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह 25 मई 2026 को अपनी गर्भवती पत्नी नीलू को मुंह में छालों की शिकायत के चलते न्यू सिटी हॉस्पिटल लेकर गया था। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि प्रसव का समय निकट है। आरोप है कि बाद में खून की जांच कर महिला में मात्र तीन यूनिट रक्त होने की बात कही गई और अस्पताल में ही सामान्य प्रसव कराने का आश्वासन दिया गया। रोहित का आरोप है कि उपचार के दौरान महिला को कई इंजेक्शन लगाए गए और उसकी हालत बिगड़ने लगी। जब स्थिति गंभीर हुई तो उसे शाहजहांपुर रेफर करने की बात कहकर एक कार से भेजा गया। परिजनों का कहना है कि रास्ते में ही महिला की मौत हो गई, जिसके बाद उन्हें वापस लौटने के लिए कहा गया।

घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं सीएचसी पसगवां के प्रभारी डॉ. अश्वनी वर्मा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। न्यू सिटी हॉस्पिटल पहले से सीज है। यदि सीज अस्पताल में उपचार किए जाने की पुष्टि होती है तो अस्पताल संचालक के विरुद्ध विधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## प्रधानमंत्री की अपील पर प्रभारी मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे पैदल



- बोले प्रभारी मंत्री- प्रधानमंत्री की अपील का करें पालन
- कम दूरी के लिए ईंधनरहित संसाधनों का करें प्रयोग

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की बचत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर की गई अपील का पालन करते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने एक प्रेरणादायक पहल की। रविवार को जनपद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने आए प्रभारी मंत्री कचहरी गेस्ट हाउस से कलेक्ट्रेट स्थित सभागार तक पैदल पहुंचकर लोगों को ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि ईंधन की बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से भी छोटी दूरी के लिए पैदल चलने अथवा वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की अपील की।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अनूप कुमार गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, विधायक अमन गिरी, विधायक शशांक पटेल, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र, ब्लॉक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता, अशोक अवस्थी तथा सह मीडिया प्रभारी राजीव मिश्रा सहित पार्टी एवं प्रशासन से जुड़े कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके साथ पैदल चलते दिखाई दिए।

## गन्ने के खेत में युवक पर जंगली जानवर का हमला

- मेहन्दी गांव में खाद डालने गया था, जिला अस्पताल में भर्ती

स्वतंत्र भारत



**बिजुआ-खीरी।** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मेहन्दी में रविवार सुबह एक युवक पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। युवक अपने गन्ने के खेत में खाद डालने गया था। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, मेहन्दी निवासी सिराज पुत्र जाकिर (लगभग 32 वर्ष) रविवार सुबह करीब 10:30 बजे अपने खेत में खाद डालने गए थे। यह क्षेत्र बिजुआ ब्लॉक, कोतवाली फूलबेहड़ के अंतर्गत आता है। घटना स्थल वन रेंज शारदानगर व गोला के बॉर्डर पर स्थित गोला वनरेंज क्षेत्र के अंतर्गत आता है। खेत में घात लगाए बैठे जंगली जानवर ने अचानक सिराज पर हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। हमले की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल सिराज को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है और उनकी हालत पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

इस संबंध में वन रेंज क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मल्ल ने बताया कि उन्हें अभी घटना की पूरी जानकारी नहीं मिली है। जानकारी मिलने के बाद ही वह इस मामले पर विस्तार से बता पाएंगे। वन विभाग की टीम भी घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात'

स्वतंत्र भारत



**जंगबहादुरगंज-खीरी।** शक्ति केंद्र सल्लिया पर भाजपा जिला महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष सीमा कश्यप की अध्यक्षता में कमल सिंह के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर व्यक्त विचारों को सुना। इसके पश्चात सीमा कश्यप ने बूथ संख्या 339 की बूथ समिति के गठन पर चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ठाकुर वीरेंद्र सिंह, कमल सिंह, पवन सिंह, सीमा कश्यप, मीरा सिंह, सुशीला देवी, जगरानी, उर्मिला देवी, नीरज मिश्रा, सूरजा गुप्ता, सरोजिनी देवी, कमला देवी, माया देवी, शिवानी, दर्शनी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सीमांकन के बाद भी नहीं चली पोकलैंड

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी के मोहल्ला पट्टी रामदास स्थित तालाब को उसके मूल स्वरूप में लाने की कवायद सवालों के घेरे में आ गई है। राजस्व विभाग द्वारा एसडीएम अश्विनी सिंह, नायब तहसीलदार और नगर पंचायत अधिकारियों की मौजूदगी में तालाब का सीमांकन कराया गया था। पैमाइश में आधा दर्जन से अधिक पक्के मकान तालाब की भूमि की जद में पाए गए थे। इसके बाद जेसीबी से कुछ खुदाई कराकर कार्रवाई की शुरुआत तो हुई, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ सका।तालाब की खुदाई के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पोकलैंड मशीन भी मौके पर पहुंची थी। लोगों को उम्मीद थी कि वर्षों से अतिक्रमण और उपेक्षा का शिकार तालाब अब अपने मूल स्वरूप में लौटेगा, लेकिन मशीन एक दिन तक मौके पर खड़ी रहने के बाद बिना खुदाई किए ही वापस चली गई। इसके बाद जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आए।शनिवार को जब राजस्व विभाग की टीम दोबारा मौके पर पहुंची तो पोकलैंड मशीन वहां नहीं मिली। बाद में मशीन खराब होने की बात कही गई, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच यह सवाल लगातार उठ रहा है कि आखिर तालाब खुदाई का कार्य शुरू क्यों नहीं हो सका और इसके लिए जिम्मेदार कौन है?सबसे बड़ा सवाल यह है कि सीमांकन के दौरान तालाब की भूमि पर बने कई पक्के मकान चिह्नित होने के बावजूद अब तक किसी भी कब्जेदार को नोटिस जारी नहीं की गई। इससे लोगों में यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर कार्रवाई को लेकर इतनी ढिलाई क्यों बरती जा रही है।

## एमएलसी ने किया विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन

**ओयल-खीरी।** प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अनूप कुमार गुप्ता ने रविवार को जिला सहकारी बैंक के निकट भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का सजीव प्रसारण सुना और उसके विषयों पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत नगर पंचायत ओयल और ग्राम पंचायत ओयल में विभिन्न विकास कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन किया।



भूमि पूजन किए गए कार्यों में मोहल्ला मुराउन टोला में रोहित शर्मा के मकान से देवी मंदिर तक 525 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य (लागत 53.07 लाख रुपये), मोहल्ला कबाड़ियन टोला में दीनदयाल पार्क, लक्ष्मीनारायण हनुमान मंदिर और अंबेडकर पार्क से राजा रोड मोड़ तक 995 मीटर इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य (लागत 91.58 लाख रुपये), मुराउन टोला में त्रिभुवन के मकान से श्रवण मौर्य, बस स्टॉप, शरद गुप्ता के मकान होते हुए वेदप्रकाश के मकान तक 950 मीटर इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य (लागत 87.45 लाख रुपये) तथा युवराज दत्त इंटर कॉलेज के गेट से कक्षाओं एवं प्रार्थना स्थल तक 510 मीटर इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य (लागत 35.39 लाख रुपये) शामिल हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा, अधिशासी अधिकारी ऋषिकेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष शर्मा प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा, अजय अवस्थी, डॉ. अखिलेश वर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी एवं चौकी प्रभारी डिम्पल सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## छात्रों ने दिया नशामुक्त समाज का संदेश

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कृषक समाज इंटर कॉलेज, गोला में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कॉलेज के प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। धूम्रपान न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान से शरीर में ऐसे हार्मोन सक्रिय होते हैं, जो तनाव के स्तर को बढ़ाते हैं और व्यक्ति को विभिन्न बीमारियों की ओर धकेलते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, ओम प्रकाश, संजय राज, रामकिशोर तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## संक्षिप्त समाचार

### दो साल से खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप पानी के लिए परेशान ग्रामीण

**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मंझोरा में एक इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले करीब दो वर्षों से खराब पड़ा है, जिससे आसपास के ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। हैंडपंप बंद होने के कारण लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। महिलाओं और बच्चों को पानी की व्यवस्था में घंटों समय व्यतीत करना पड़ रहा है। ग्रामीण कमलेश चौधरी, उत्तम, प्रेम कुमार, शिवचन्द्र और रामजी ने प्रशासन व ग्राम पंचायत से हैंडपंप की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है। ग्रामीण कमलेश कुमार का कहना है कि कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका। वहीं प्रधान प्रतिनिधि तोता राम ने बताया कि सूचना मिलने पर हैंडपंप को दो बार ठीक कराया गया था, लेकिन यह एक व्यक्ति के घर में लगा होने के कारण समस्या बनी हुई है। उन्होंने सुझाव दिया था कि हैंडपंप को किसी सार्वजनिक स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाए, ताकि सभी ग्रामीणों को लाभ मिल सके, लेकिन संबंधित व्यक्ति इसके लिए तैयार नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दे दी गई है और जल्द ही हैंडपंप की मरम्मत कराकर पेयजल आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा।

### गायत्री महायज्ञ में यज्ञाचार्य ने दिया सदाचार व दान का संदेश

**लखीमपुर खीरी।** नकहा विकास खंड के ग्राम रौली रामापुर, शारदानगर रोड स्थित श्री वेदमाता गायत्री प्रज्ञा पीठ पर आयोजित पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर यज्ञाचार्य एवं श्री वेदमाता गायत्री प्रचार समिति के संस्थापक अध्यक्ष पंडित राजेश दीक्षित ने उपस्थित श्रद्धालुओं को नैतिक जीवन, ईमानदारी और दान के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। पंडित राजेश दीक्षित ने कहा कि मनुष्य को पाप की कमाई छोड़कर परिश्रम और ईमानदारी की कमाई पर विश्वास करना चाहिए। बेईमानी से अर्जित धन कभी स्थायी सुख नहीं देता, जबकि परिश्रम से कमाया गया धन जीवन में समृद्धि और संतोष लाता है। उन्होंने कहा कि धन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की धरोहर है। इसलिए उसका सदुपयोग जनकल्याण और सत्कार्यों में किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से कुपात्रों को दान देने से बचने और सत्पात्रों की सहायता करने का आह्वान किया। महायज्ञ में पंडित अवधेश त्रिवेदी एवं पंडित उपेंद्र मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। वहीं पंडित अवधेश बाजपेई, अभिनव बाजपेई और वैभव बाजपेई ने भजन एवं गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान दीक्षा संस्कार, पुंसवन संस्कार, विद्यारंभ संस्कार सहित विभिन्न वैदिक संस्कार संपन्न कराए गए। अनेक श्रद्धालुओं ने नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प भी लिया। महायज्ञ के तीसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, राष्ट्र कल्याण और मानवता के उत्थान के लिए यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित कीं।

## सोलह संस्कार भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : अतुल रस्तोगी

**मोहम्मदी-खीरी।** आर्य समाज द्वारा श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ एवं वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर्य समाज के मंत्री अतुल रस्तोगी ने किया, जबकि मुख्य यजमान रामलाल गुप्ता रहे। इस अवसर पर रामलाल गुप्ता ने नियमों का वाचन किया तथा सुमन पाण्डेय, डॉ. रमाशंकर गुप्ता और पंडित राधाकृष्ण मिश्रा ने भजन प्रस्तुत किए। अतुल रस्तोगी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वर्णित सोलह संस्कार मानव जीवन को शुद्ध, अनुशासित और संस्कारित बनाने की पवित्र साधना हैं। उन्होंने कहा कि संस्कार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और चरित्र परिष्कार की प्रक्रिया हैं। गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि तक प्रत्येक संस्कार मनुष्य के जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, उपनयन, विवाह और अन्त्येष्टि सहित सभी संस्कार जीवन के महत्वपूर्ण चरणों से जुड़े हैं। इनका उद्देश्य व्यक्ति में संयम, अनुशासन, कर्तव्यबोध, करुणा और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में संस्कारों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा रचित 'संस्कार विधि' ग्रंथ का अध्ययन प्रत्येक आर्यजन को करना चाहिए। इस अवसर पर प्रदीप श्रीवास्तव, कौशलेंद्र मिश्रा, गोपाल मोहन रस्तोगी, जितेंद्र प्रताप सिंह 'बंटू', शशांक रस्तोगी 'जुगनू', रामआसरे राठौर, मिथलेश प्रजापति, सोमवती प्रजापति, बीना राठौर, सुशीला देवी, रामदेवी और ऊषा अवस्थी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जर्जर विद्युत लाइन बनी मुसीबत, हल्की हवा में गुल हो जाती है बिजली

स्वतंत्र भारत



**मितौली-खीरी।** विकासखंड मितौली के रामनगर फीडर से लगभग 80 गांवों में विद्युत आपूर्ति की जाती है, लेकिन फीडर पर पर्याप्त कर्मचारियों की व्यवस्था न होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे क्षेत्र में बिजली संचालन का जिम्मा मात्र एक लाइनमैन के सहारे चलाया जा रहा है, जिससे विद्युत संबंधी समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है। रामनगर फीडर के अंतर्गत आने वाले राजेपुर-रौतापुर मार्ग के निकट स्थित कचियानी गांव की विद्युत लाइन वर्षों से जर्जर अवस्था में है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में अब भी पुराने जीआई (गैल्वेनाइज्ड आयरन) तारों के सहारे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इन तारों के ऊपर बबूल समेत अन्य पेड़ों की शाखाएं फैली हुई हैं, जिससे हल्की हवा या बारिश होते ही तार आपस में टकराने लगते हैं और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि कचियानी गांव में आए दिन बिजली गुल होने से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। गर्मी के मौसम में बिजली कटौती के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं सिंचाई कार्य भी बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर लाइन और पेड़ों की कटाई-छंटाई की समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसके चलते उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं एवं ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से कचियानी गांव की जर्जर विद्युत लाइन को तत्काल बदलकर सुदृढ़ लाइन बिछाने तथा तारों पर झुकी पेड़ों की शाखाओं की छंटाई कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति मिल सके।

## प्रभारी मंत्री ने की विकास योजनाओं की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश

- पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और परियोजनाएं समय पर पूरी करने पर दिया जोर

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल रविवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत लखीमपुर खीरी पहुंचे। उनके आगमन पर जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग तथा मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, विधान परिषद सदस्य अनूप कुमार गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, अमन गिरी, शशांक वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।

बैठक में बाढ़ एवं कटान निरोधक 12 परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए 15 जून तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जल निगम की परियोजनाओं और सड़क पुनर्स्थापन कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए लंबित कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा। मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान भारत, टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, गेहूं खरीद, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं की भी समीक्षा की गई। वहीं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश सचान ने गो-आश्रय स्थलों और मुख्यमंत्री सहभागिता योजना की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों और महिला सशक्तिकरण योजनाओं को और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हुआ पत्रकारों का हुआ सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) के बैनर तले नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऐप्जा के जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', तहसीलदार भीमचंद, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह तथा ऐप्जा के जोनल कोऑर्डिनेटर अजय शुक्ला (मितौली) शामिल रहे। वरिष्ठ पत्रकार मयंक बाजपेई ने मुख्य वक्ता के रूप में पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप और चुनौतियों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिला संरक्षक रविसुत शुक्ला ने किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका, मीडिया की सामाजिक जिम्मेदारी तथा निष्पक्ष एवं सकारात्मक पत्रकारिता की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और पत्रकारों को निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा एवं सामाजिक सरोकारों के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण मोहन मिश्रा, तहसील अध्यक्ष सूर्य प्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्णानंद बाजपेई, महामंत्री आशीष तिवारी, महासचिव राजेश कश्यप, पवन सक्सेना, डॉ. पीयूष शुक्ला, प्रवीण बाजपेई, मतीन अहमद, राजदीप शुक्ला, नवीन गिरि, दीपक पंडित, हरीश मौर्य, संतोष सक्सेना, पंकज शुक्ला, प्रमोद गुप्ता, पंकज मिश्रा, रफी अहमद, शिखा अवस्थी, अंशिका सक्सेना, कौशल शर्मा, राजीव भारती, आदित्य मिश्रा, श्रीकृष्ण शर्मा, मनीष शर्मा, अन्नू मिश्रा, अमर सिंह और रामलाल मौर्य सहित अनेक पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## व्यापार वार्ता का भविष्य

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता पिछले कई महीनों से चल रही है और काफी चर्चा में भी रही है। हालांकि अभी भी यह किसी अंतिम स्वरूप तक नहीं पहुंच सकी है। अब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने हाल के नई दिल्ली दौरे के दौरान इस वार्ता में कुछ नया होने के संकेत दिए हैं। उन्होंने परस्पर हित सुनिश्चित किए जाने की बात की और कहा कि यह समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी एवं टिकाऊ होगा। वास्तव में पिछले कुछ महीनों में अमेरिका द्वारा लिए गए निर्णयों से यह नहीं लगता कि वह परस्पर और समान हित का सूत्र अमल में लाना चाहता है। तेल खरीद को लेकर उसके द्वारा लगाई गई शर्तें इसका प्रमुख उदाहरण हैं। वह अभी भी यही इशारा कर रहा है कि भारत को वह मनचाहा तेल देने के लिए तैयार है लेकिन अगर तेल के लिए भारत अमेरिका पर निर्भर रहता है तो उसके क्या परिणाम होंगे। भारत के लिए जरूरी है कि अन्य देशों के साथ भी व्यापक और विश्वसनीय स्रोतों का भी रास्ता खुला रखे जो अधिक सुविधाजनक और सस्ते हों। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज स्ट्रेट से सप्लाई चेन बाधित होने से उपजा संकट किसी से छिपा नहीं है। इसी के कारण भारत में तेल और गैस के दामों सरकार को बढ़ोतरी भी करनी पड़ी है जिसका असर अन्य वस्तुओं के भी भी महंगा होने के रूप में सामने आया है। अब भारत को इन परिस्थितियों और घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए यह सोचने की जरूरत है कि अमेरिका व्यापार वार्ता को क्या दिशा देना चाहता है। वह अपने हितों के साथ भारतीय हितों को प्राथमिकता देगा या केवल अपने फायदे की ही सोचेगा जो कि अभी तक वह करता आया है। फिलहाल यही कहा जा सकता है कि अमेरिकी विदेश मंत्री ने जिस तरह परस्पर हित सुनिश्चित किए जाने की बात कही है, उससे यह माना जा सकता है कि अमेरिका भी व्यापार वार्ता को एक सकारात्मक दिशा देना चाहता है। दोनों देशों के बीच जल्दी ही होने वाली वार्ता के अगले दौर में यह बात पूरी तरह से स्पष्ट भी हो जाएगी। अमेरिका के लिए किसी मुद्दे पर जबर्दस्ती न अड़ना इसलिए भी जरूरी है कि प्रस्तावित व्यापार समझौते से केवल भारत को ही लाभ नहीं होगा बल्कि अमेरिका के फायदे भी निहित हैं। देखने की बात यह भी होगी कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत की लगातार तारीफ और व्यापार वार्ता में शर्तों के बीच किस हद तक एकरूपता आ पाती है। इसी पर वार्ता का भविष्य भी निर्भर करेगा।

## जवाबदेही तय हो

इसमें दो राय नहीं कि समाज में विकास के खूब काम हुए हैं। इनकी रफ्तार भी बढ़ती जा रही है। लेकिन इन्हीं कार्यों को करने के दौरान ऐसी दुर्घटनाएं भी होती हैं जिन्हें रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने के दावे किए जाते हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान राजधानी लखनऊ में नाले की सफाई के दौरान दम घुटने के कारण सफाईकर्मी की मृत्यु हो गई तथा पोल पर चढ़कर बिजली ठीक कर रहे विद्युत संविदाकर्मी की करंट आ जाने से जान चली गई। सामान्य दिनों में विभाग बताते हैं कि अमुक काम के लिए सुरक्षा की पूरी व्यवस्था है लेकिन जब हादसा हो जाता है तो सिवाय जांच और मुआवजे की घोषणा के कुछ करने को नहीं रह जाता। यह समस्या केवल लखनऊ की नहीं बल्कि अन्य प्रदशों के शहरों-राजधानियों की भी है। कुछ समय पहले संसद में दी गई जानकारी के अनुसार 2017 के बाद से अब तक छह सौ बीस से ज्यादा सफाईकर्मियों की सीवर सफाई में मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद भी देशभर में हो रहे हादसों का मतलब तो यही है कि इस आंकड़े से कोई सबक नहीं लिया गया। यानी हमारा तंत्र ऐसी घटनाओं से कोई सीख नहीं लेता। लोग इन हादसों को जल्दी ही भूल जाते हैं और तंत्र का पूरा जोर पीड़ितों के लिए मुआवजा घोषित कर देने तक ही होता है। सीवर सफाई और सुचारु विद्युत आपूर्ति आज के जीवन की सबसे बड़ी जरूरत है। चूंकि ये लगातार चलने वाले काम हैं तो इनमें अलग-अलग कारणों से स्वाभाविक रूप से समस्याएं आती रहेंगी और उनको ठीक करने के लिए कर्मियों को लगाना भी पड़ेगा। अब जब इसके लिए बाकायदा नियम हैं कि ऐसे काम करने वालों के लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं पूर्व में ही की जानी चाहिए तो उनका पालन भी सुनिश्चित होना चाहिए। यह निश्चित रूप से विभागीय अधिकारियों तथा उनके अधीनस्थों की जिम्मेदारी है लेकिन खेद की बात है कि इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता।

## काँव-काँव

♦♦♦

**मोदी नीट मामले में खुद निगरानी कर रहे हैं-केंद्र**
इसके बाद तो शक़ की गुंजाइश ही नहीं रही!

**जून में सिर्फ नब्बे प्रतिशत बारिश का पूर्वानुमान**
लखनऊ की सड़कें जुलाई में तालाब बनेंगी!

**तनाव के बीच भी मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था**
मजबूत अर्थव्यवस्था में लोग कमजोर हो गये!

**पांच वर्षों में डेढ़ डिग्री बढ़ेगा वैश्विक तापमान**
तब तक पता नहीं कितने देश बचेंगे दुनिया में?

**सपा संगठन में महिलाएं असुरक्षित-पंकज चौधरी**
यूपी में भाजपा संगठन की महिलाएं सुरक्षित हैं!

**भाजपा के मंत्रियों की संपत्ति जांच हो -कांग्रेस**
अवैध संपत्ति वाले कांग्रेसी भाजपा में चले गये!

♦♦♦

# परीक्षा-प्रणाली की परीक्षा

भारत में परीक्षा केवल शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं होती। करोड़ों परिवारों के लिए यह अवसरों तक पहुँच का सबसे बड़ा माध्यम होती है। एक परीक्षा किसी विद्यार्थी का कॉलेज तय करती है, दूसरी उसका पेशा। एक रैंक किसी प्रतिष्ठित



**- डॉ. शिवम भारद्वाज**

संस्थान का दरवाज़ा खोल सकती है, तो कुछ अंकों की कमी कई वर्षों की मेहनत को पीछे धकेल सकती है। ऐसे में परीक्षा-प्रणाली को लेकर पैदा होने वाला हर संदेह सीधे विद्यार्थियों और उनके परिवारों तक पहुँचता है।

देश में आज कभी प्रश्नपत्र लीक होने की खबरें सामने आती हैं, कभी परीक्षा रद्द करनी पड़ती है, कभी परिणामों को लेकर असंतोष दिखाई देता है, तो कभी मूल्यांकन प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में आ जाती है। तकनीकी व्यवस्थाएँ भी बहस का विषय बनी हैं। अलग-अलग परीक्षाओं में कारण अलग रहे हैं, लेकिन लगातार सामने आती घटनाएँ एक साझा प्रश्न छोड़ती हैं—क्या देश की परीक्षा-प्रणाली पर पहले जैसा भरोसा बचा हुआ है? चाहे बात नीट-यूजी की हो या सीबीएसई की हो, विवादों के कारण अलग रहे लेकिन चिंताएँ लगभग एक जैसी रहीं। एक ओर परीक्षा-सुरक्षा पर सवाल उठे, दूसरी ओर मूल्यांकन प्रक्रिया पर। तकनीकी व्यवस्थाओं को लेकर बहस हुई, और निर्णय लेने की पारदर्शिता पर। कहा गया कि समस्या अस्थायी है और आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं। लेकिन जब बड़े परीक्षा-चक्र के बाद किसी न किसी रूप में वही सवाल लौट आएँ, तो लोगों का ध्यान किसी एक घटना से हटकर पूरी व्यवस्था की तरफ जाने लगता है।

दरअसल, ये विवाद परीक्षा-प्रणाली के दो सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों से जुड़े दिखाई देते हैं—परीक्षा और परिणाम। यदि परीक्षा की सुरक्षा पर संदेह हो तो निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। यदि मूल्यांकन, रिकॉर्डिंग या तकनीकी प्रक्रिया पर सवाल हों तो परिणामों की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। और जब परीक्षा तथा परिणाम, दोनों ही बहस का विषय बनने लगें, तो असर किसी एक संस्थान तक सीमित नहीं रहता। उसका प्रभाव पूरी व्यवस्था की साख पर पड़ता है। परीक्षा-प्रणाली की विश्वसनीयता केवल परिणामों से तय नहीं होती। उसका आधार यह विश्वास होता है कि प्रक्रिया निष्पक्ष है और परिणाम वास्तविक प्रदर्शन को दर्ज करते हैं। विद्यार्थी परीक्षा देते समय यह मानकर चलते हैं कि उनकी मेहनत का सही मूल्यांकन होगा। अभिभावकों को भरोसा होता है कि प्रक्रिया समान अवसर देगी। समाज भी परिणामों को इसलिए स्वीकार करता है क्योंकि उसके पीछे योग्यता-आधारित चयन की धारणा होती है। लेकिन जब प्रक्रिया ही लगातार सवालों के घेरे में आने लगे, तो यह विश्वास धीरे-धीरे प्रभावित होने लगता है।

यही कारण है कि अब कई विद्यार्थियों की चिंता केवल प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहती। उनके सामने यह प्रश्न भी रहता है कि रिकॉर्ड सही तरीके से दर्ज हुआ या नहीं, मूल्यांकन ठीक से हुआ या नहीं, तकनीकी प्रक्रिया में कहीं कोई त्रुटि तो नहीं हुई और परिणाम वास्तव में उनके प्रदर्शन को ही दर्ज करेंगे या नहीं। पिछले कुछ वर्षों में परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों की मनःस्थिति में आया यह बदलाव अपने-आप में एक महत्वपूर्ण संकेत है।


पिछले एक दशक में परीक्षा-प्रक्रियाओं में तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। डिजिटल मूल्यांकन, ऑनलाइन निगरानी, केंद्रीकृत डेटा-प्रबंधन और नई तकनीकी प्रणालियों को अधिक पारदर्शी और तेज व्यवस्था का आधार बताया गया। विशाल छात्र संख्या और व्यापक परीक्षा-तंत्र को देखते हुए इसकी आवश्यकता भी थी। लेकिन किसी भी तकनीकी व्यवस्था की उपयोगिता अंततः उसके संचालन और विश्वसनीयता से तय होती है। यदि किसी नई प्रणाली के लागू होने के बाद उसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगें, तो चर्चा केवल तकनीक तक सीमित नहीं रहती। तब प्रश्न तैयारी, परीक्षण, निगरानी और प्रशासनिक फैसलों की गुणवत्ता तक पहुँचता है। यह भी पूछा जाने लगता है कि जिन व्यवस्थाओं का सीधा संबंध विद्यार्थियों के परिणामों से है, क्या उन्हें लागू करने से पहले पर्याप्त स्तर पर परखा गया था। क्योंकि तकनीकी गड़बड़ियाँ केवल किसी सॉफ्टवेयर या प्लेटफ़ॉर्म की समस्या नहीं रह जातीं, उनका असर सीधे मूल्यांकन और परिणामों पर दिखाई देता है। इसी तरह परीक्षा-सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताएँ भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। यदि किसी परीक्षा को सुरक्षित बनाने के लिए बार-बार अतिरिक्त निगरानी, विशेष सुरक्षा-व्यवस्थाओं और असाधारण नियंत्रणों की आवश्यकता महसूस हो, तो ऐसी परिस्थितियाँ सामान्य संस्थागत व्यवस्थाओं की क्षमता को लेकर भी प्रश्न खड़े करती हैं। किसी भी प्रणाली की विश्वसनीयता केवल इस बात से तय नहीं होती कि वह संकट आने के बाद क्या करती है। उसका आकलन इस आधार पर भी होता है कि वह संकटों को रोकने में कितनी सक्षम है।

इन सबके बीच सबसे अधिक दबाव विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर पड़ता है। देश में पहले ही प्रतियोगी



परीक्षाओं को लेकर अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा है। लाखों छात्र वर्षों तक तैयारी करते हैं। परिवार अपनी आय का बड़ा हिस्सा कोचिंग, किताबों, आवास और दूसरे शैक्षणिक खर्चों पर लगाते हैं। कई घरों में पूरी आर्थिक और सामाजिक योजना किसी एक परीक्षा के परिणाम से जुड़ जाती है। ऐसे में यदि परीक्षा-प्रक्रिया को लेकर ही अनिश्चितता पैदा होने लगे, तो उसका असर केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता। वह मानसिक दबाव, असुरक्षा और निराशा के रूप में भी सामने आता है। यही कारण है कि नीट-यूजी हो या सीबीएसई—मामला केवल प्रशासनिक गलती, तकनीकी समस्या या किसी एक विवाद का नहीं रह जाता। मामला उस भरोसे से जुड़ जाता है जिस पर पूरी परीक्षा-व्यवस्था खड़ी होती है। क्योंकि परीक्षा-प्रणाली केवल प्रश्नपत्र छापने, परीक्षा कराने और परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया नहीं है। उसकी विश्वसनीयता इस बात से तय होती है कि परीक्षा और परिणाम—दोनों ही स्तरों पर निष्पक्षता तथा भरोसे की धारणा कितनी मजबूत है। चिंता की बात यह है पहले किसी गड़बड़ी को असाधारण घटना माना जाता था। अब कई बार पहली प्रतिक्रिया यह होती है कि इस बार समस्या क्या हुई। किसी भी सार्वजनिक व्यवस्था के लिए यह स्थिति सामान्य नहीं मानी जाती। संस्थागत भरोसा अचानक कमजोर नहीं पड़ता। वह धीरे-धीरे कम होता है—जब सवाल बढ़ने लगते हैं और उत्तर लगातार कम पड़ने लगते हैं। प्रश्नपत्र दोबारा छापे जा सकते हैं। परीक्षाएँ दोबारा कराई जा सकती हैं। तकनीकी प्रणालियाँ बदली जा सकती हैं। नियमों में संशोधन किए जा सकते हैं। लेकिन सार्वजनिक विश्वास की भरपाई अपेक्षाकृत कहीं कठिन होती है। एक बार यदि विद्यार्थियों और अभिभावकों के मन में व्यवस्था की विश्वसनीयता को लेकर संदेह घर करने लगे, तो उसका असर किसी एक परीक्षा-चक्र तक सीमित नहीं रहता। आखिरकार परीक्षा सिर्फ विद्यार्थियों की नहीं होती। परीक्षा उस व्यवस्था की भी होती है जिसके हाथ में करोड़ों युवाओं का भविष्य होता है। इस समय परीक्षा-प्रणाली की सबसे बड़ी चुनौती केवल परीक्षा कराना नहीं दिखाई देती। प्रश्न यह है कि क्या परीक्षा और परिणाम—दोनों ही स्तरों पर वह विश्वसनीयता बची हुई है, जिसके आधार पर करोड़ों विद्यार्थी हर वर्ष अपनी मेहनत और भविष्य को इस व्यवस्था के हवाले करते हैं।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अथैकादशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

जिसका कभी विनाश नहीं होता, राजयोग का परिणाम है।

द्रोणं च भीष्मं च जयद्रथं च कर्णं तथान्यानपि योधवीरान् ।
मया हतांस्त्वं जहि मा व्यथिष्ठा युध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान् ।। 34।।

इन द्रोण, भीष्म, जयद्रथ और कर्ण तथा अन्यान्य बहुत से मेरे द्वारा मारे हुए शूरवीर योद्धाओं को तू मार। भय मत कर। संग्राम में वैरियों को तू निश्चित जीतेगा, इसलिये युद्ध कर। यहाँ भी योगेश्वर ने कहा कि ये मेरे द्वारा मारे हुए हैं, इन मरे हुए को तू मार। स्पष्ट किया कि मैं कर्त्ता हूँ, जबकि पाँचवें अध्याय के 13, 14 एवं 15वें श्लोक में उन्होंने कहा- भगवान अकर्त्ता हैं। अठारहवें अध्याय में वे कहते हैं कि शुभ अथवा अशुभ प्रत्येक कार्य के होने में पाँच माध्यम हैं- अधिष्ठान, कर्ता, करण, चेष्टा और दैव। जो कहते हैं कि कैवल्यस्वरूप परमात्मा करते हैं वे अविवेकी हैं, यथार्थ नहीं जानते अर्थात् भगवान नहीं करते। ऐसा विरोधाभास क्यों?

वस्तुतः प्रकृति और उस परमात्मपुरुष के बीच एक सीमा-रेखा है। जब तक प्रकृति के परमाणुओं का दबाव अधिक रहता है, तब तक माया प्रेरणा देती है और जब साधक उससे ऊपर उठ जाता है- ईश्वर, इष्ट अथवा सद्गुरु के कार्यक्षेत्र में प्रवेश प्राप्त कर लेता है, उसके बाद सद्गुरु इष्ट (याद रहे प्रेरक के स्थान पर सद्गुरु, परमात्मा, इष्ट, भगवान पर्यायवाची हैं। कुछ भी कहें, कहते भगवान ही हैं।) हृदय से रथी हो जाता है, आत्मा से जाग्रत होकर उस अनुरागी साधक का स्वयं पथ संचालन करने लग जाता है।

'पूज्य महाराज जी' कहते थे- 'हो, जिस परमात्मा की हमें चाह है, जिस सतह पर हम खड़े हैं उस सतह पर स्वयं उतरकर जब तक आत्मा से जागृत नहीं हो जाता, तब तक सही मात्रा में साधन का आरम्भ नहीं होता। उसके बाद जो कुछ साधक से पार लगता है, वह उसकी देन है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते।**
**ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव हि॥**

जो मनुष्य निश्चित यानी सही को छोड़कर अनिश्चित यानी गलत का सहारा लेता है, उसका सही भी नष्ट हो जाता है। इसलिए जब भी कोई निर्णय लें तो सही और गलत की परख अवश्य करें।

♦♦♦

# विश्व शांति के लिये सबसे बड़ा ख़तरा है इस्राईल

दशकों से वैश्विक स्तर पर ईरान को एक खलनायक राष्ट्र के रूप में पेश करने की घिनौनी साज़िश रची जाती रही है। इस्राइल यह बार बार दोहराता रहा है कि उसे डर है कि यदि ईरान परमाणु बम बना लेता है तो उसका



**-तनवीर जाफ़री**

अस्तित्व ख़तरे में पड़ सकता है। यह दुष्प्रचार तब किया जाता है जबकि ईरान में इस्लामी क्रांति के नेता आयतुल्लाह खुमैनी द्वारा परमाणु बम को मानवता विरोधी बताते हुये इसके निर्माण के विरुद्ध फ़तवा तक दिया जा चुका है। उधर ईरान के किसी भी धर्मगुरु या नेता ने आज तक परमाणु बम बनाने की बात भी नहीं की है। परन्तु इराक़ में सद्दाम हुसैन की तर्ज़ पर ईरान को भी केवल मीडिया प्रोपेगंडा कर बार बार खलनायक प्रमाणित करने की कोशिश की जाती रही है। दरअसल इसकी एक वजह यह भी है कि अमेरिकी-इस्राईली प्रभाव वाले ईरानी शासक मोहम्मद रज़ा शाह पहलवी ने तो 1948 में इस्राइल को एक स्वतंत्र राष्ट के रूप में मान्यता तो दी थी परन्तु 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान ने इस्राइल की मान्यता भी समाप्त कर दी साथ ही उसे ÷सियोनवादी शासन÷ भी घोषित कर दिया। परन्तु यदि हम ईरान व इस्राईल के 'ट्रैक रिकॉर्ड' को देखें तो 1967 के युद्ध में इस्राइल ने वेस्ट बैंक और ग़ज़ा पर क़ब्ज़ा जमाकर फ़िलिस्तीन पर अपना नियंत्रण करना शुरू कर दिया था। तब से लेकर आज तक इस्राइल पूरे क्षेत्र में बर्बरीयत व हिंसा करता आ रहा है। इसके पीछे उस ग्रेटर इस्राइल के गठन व निर्माण की एक ज़ायोनिस्ट (यहूदीवादी) विस्तारवादी अवधारणा काम कर रही है जिसके तहत एक ऐसे विशाल यहूदी राज्य की कल्पना की गई है, जो वर्तमान इस्राइल से कहीं ज़्यादा बड़ा हो और इसमें मध्य पूर्व के कई अरब देशों के क्षेत्रों को शामिल किया जा सके। इस योजना को आधुनिक राजनीतिक संदर्भ में एक विवादित इस्राईली विस्तारवादी परियोजना के रूप में देखा जाता है । ज़ायोनिस्ट के इस काल्पनिक ग्रेटर इस्राइल की भौगोलिक सीमाएं मिस्र की नील नदी से लेकर इराक़ की फ़ुरात (यूफ्रेट्स) नदी तक और मदीना से लेकर लेबनान तक शामिल हैं। यहाँ तक कि पूरा जॉर्डन, फ़िलिस्तीन (पश्चिमी तट व ग़ज़ा ), लेबनान, सीरिया, इराक़, मिस्र, सऊदी अरब के बड़े हिस्से,पवित्र स्थल मक्का, मदीना, और माउंट सिनाई पर क़ब्ज़ा भी इस योजना में शामिल माना जाता है। इसी दूरगामी योजना के मद्देनज़र इस्राईल की सरपरस्ती करते हुये अमेरिका ने दशकों से ईरान का भय दिखाकर तथा शिया सुन्नी मतभेदों को हवा देकर इसी की आड़ में मध्य पूर्व के अनेक देशों में अपने सैन्य ठिकाने भी बना रखे हैं। दरअसल ईरान ही एक अकेला ऐसा देश है जोकि न केवल ग्रेटर इस्राइल रुपी इस विस्तारवादी परियोजना को खुलकर ख़ारिज करता है बल्कि फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों ग़ज़ा,वेस्ट बैंक व लेबनान आदि में इस्राईल द्वारा क़ब्ज़ा की गयी ज़मीन को भी मुक्त कराये जाने का पक्षधर है। यही वजह है कि ईरान, इस्राईल व अमेरिका की नज़रों में खटकता रहता है। ईरान की तेल सम्पदा पर भी अमेरिका अपनी गिद्ध दृष्टि जमाये रखता है। उधर अपनी इसी योजना को आगे बढ़ाते हुये अब तक इस्राईल ने आतंक व बर्बरता का वह इतिहास रचा है जिसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। उदाहरण के तौर पर ग़ज़ा में 7 अक्टूबर 2023 से 19 मई 2026 के मध्य इस्राइली सैन्य कार्रवाई में 72,772 से अधिक निहत्थे बेगुनाह फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि घायलों की संख्या 172,707 से भी अधिक है । मृतकों में आधे से अधिक महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं। इसी तरह लेबनान में भी मई 2026 तक इस्राईल के हमलों में 2,255 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यहाँ भी मरने वालों में 122 बच्चे, 83 महिलाएं और 42 चिकित्सा कर्मी भी शामिल हैं। यह इस्राइल ही है जिसने ईरान को ग्रेटर इस्राईल के रास्ते का सबसे बड़ा अड़ंगा समझते हुये अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिये उकसाया। हद तो यह है कि अमेरिका और इस्राइल ने परमाणु वार्ता के दौरान ईरान पर कम से कम दो बार हमला किया। पहला हमला 13 जून 2025 को यानी ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता के 5 राउंड की वार्ता के दो दिन बाद किया गया था। इस में इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर भीषण हमला किया, जबकि




दोनों देश आगे बातचीत की योजना बना रहे थे। इसी तरह इस्राइल और अमेरिका ने दूसरा हमला 27 फ़रवरी 2026 को, अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता के बीच किया जिसमें ईरान में 30 जगहों पर हमला किया गया, जिसमें तेहरान में ईरानी खुफ़िया एजेंसी की इमारतें, एयरपोर्ट्स, राष्ट्रपति भवन और रिहायशी इलाक़े शामिल थे। साथ ही तेहरान और इस्फ़हान जैसे 30 शहर भी अमेरिका-इस्राइल के निशाने पर थे। इसी हमले में मिनाब में स्कूल के 165 मासूम बच्चे, सर्वोच्च ईरानी नेता ख़ामनेई व अनेक उच्चाधिकारी शहीद हुये थे। इसके अतिरिक्त विश्व में हिंसा व अशांति फैलाने के लिये इस्राईल अनेक बार युद्धविराम का उल्लंघन भी करता आया है। चाहे वह ग़ज़ा का युद्ध विराम हो या लेबनान का युद्ध विराम। इस्राइल ग़ज़ा युद्ध विराम 10 अक्टूबर 2025 को अमेरिकी मध्यस्थता में लागू हुआ था। परन्तु युद्धविराम के बाद से अब तक लगभग 2000 बार इस्राईली सेना युद्धविराम का उल्लंघन कर चुकी है। और विराम के बाद 700 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 3 हज़ार से ज़्यादा घायल हो चुके हैं। मानवता के विरुद्ध अपराध और युद्ध अपराध के कारण ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसके अतिरिक्त, तुर्की ने भी नेतन्याहू और 36 अन्य इस्राईली अधिकारियों के विरुद्ध नरसंहार के आरोप में अलग से गिरफ़्तारी वारंट जारी किए हैं। आश्चर्यजनक है कि परमाणु हथियार रखने वाला देश इस्राइल, जिसे विश्व के सबसे बड़े नरसंहारक देश के रूप में देखा जा रहा है, व उसका संरक्षक अमेरिका, यदि ईरान जैसे देश को परमाणु हथियार बनाने की झूठ आधारित कथित संभवनाओं के चलते महज़ प्रोपेगंडा फैलाकर विश्व शांति के लिये बड़ा ख़तरा बता रहे हैं जबकि ईरान का मानवता के विरुद्ध अपराध, युद्ध अपराध या दूसरे देशों की ज़मीन पर घुसपैठ जैसे कोई आरोप नहीं हैं। सच तो यह है कि इस्राईल ही विश्व शांति के लिये इस समय सबसे बड़ा ख़तरा है।

## प्रेरक प्रसंग

### अहंकार

बहुत समय पहले की बात है। एक गांव में एक मूर्तिकार (मूर्ति बनाने वाला) रहता था। वह ऐसी मूर्तियां बनता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था। आस-पास के सभी गांव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे। इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था। जीवन के सफर में एक वक्ता ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा। उसे जब लगा कि जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई। उसने हुबहू अपने जैसी दस मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया। यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है। वे सोचने लगे अब क्या किया जाए। अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा। अचानक एक यमदूत को मानव स्वाभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया। उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा, कितनी सुन्दर मूर्तियां बनी हैं, लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है। काश मूर्ति बनाने वाला मेरे सामने होता, तो मैं उसे बताता मूर्ति बनाने में क्या गलती हुई है। यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा, उसने सोचा, मेने अपना पूरा जीवन मूर्तियां बनाने में समर्पित कर दिया, भला मेरी मूर्तियों में क्या गलती हो सकती है? वह बोल उठा कैसी त्रुटी झट से यमदूत ने उसे पकड़ लिया और कहा बस यही गलती कर गए तुम अपने अहंकार में कि बेजान मूर्तियां बोला नहीं करती। इस कहानी की शिक्षा यही है कि अहंकार ने हमेशा इन्सान को परेशानी और दुःख के सिवा कुछ नहीं दिया।

## आपका पत्र मिला

### चिंता बढ़ाता जलाशयों का संकट

भीषण गर्मी के दौर मे जल संकट गहराना आम बात होते जा रही है, गर्मियों के चरम पर पहुँचते ही देश के जलाशयों के संकट गहराने के समाचार जन जीवन मे चिंता की लकीरे बढ़ाता नजर आ रहा है, अगर समय रहते हम जल सरक्षण और जल के महत्व के प्रति उदासीन रहे, तो आने वाले समय में भयावह तस्वीर उभर कर आएगी! केंद्रीय जल आयोग द्वारा ताज़ा आंकड़ों के अनुसार मई की शुरुआत से लेकर अंत तक देश के जलाशयों का जल स्तर बहुत तेजी से नीचे गिर रहा है! देश के 166 प्रमुख जलाशयों मे मई के अंतिम सप्ताह तक कुल भंडारण घटकर 45419 बिलियन क्यूबीक मीटर रह गया! जो इनकी कुल क्षमता का 24.75 प्रतिशत है ! गर्मी का चरम स्वरूप का पता इससे ही लग जाता है कि देश के कुछ हिस्सों के हालात इतने भयावह तस्वीर पेश कर रहे कि बड़े बांध पूरी तरह मैदान मे तब्दील हो गए! पानी कि कमी से दक्षिण भारत के राज्यों मे डरावनी तस्वीर देखने को मिल रही है कुल क्षमता का 26.83 प्रतिशत पानी बचा हुआ था, मई के अंतिम सप्ताह मे रिपोर्ट मे गिरकर केवल 17.55 प्रतिशत रह गया ! गंभीर संकट वाले बांधो कि संख्या 11 से बढ़कर 15 हो गई! मौसम विभाग ने अल नीनो के चलते सूखे कि आशंका जताई, कुछ भी हो आंकड़ों का ग्राफ चिंतनीय है, हम सभी को जल सरक्षण और जल स्त्रोत को जीवंत रखने हेतु कारगर रणनीति बनाना होंगी, जल के महत्व को समझ कर जल कि उपयोगी पहलुओं को भी समझना होगा! जल के दुरपयोग को रोकने के लिए भी हमें सब मिलकर संकल्प लेना होगा! क्योंकि जल है तो जीवन है! क्या सरकारी प्रयासों के साथ हम भी कदमताल मिलाकर इस भयावह संकट से उबरने के लिए सकारात्मक नीति रीती बनाएंगे।

**योगेश जोशी,**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# क्या आपका भी वजन बढ़ रहा है? जिम्मेदार हो सकते हैं ये कारण



आजकल वजन बढ़ना एक आम समस्या बन गई है, लेकिन कभी-कभी यह अचानक और बिना किसी स्पष्ट कारण के बढ़ने लगता है। वजन बढ़ने का असर केवल शरीर की उपस्थिति पर ही नहीं पड़ता, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। इससे डायबिटीज, थायराइड, दिल की बीमारियां, और महिलाओं में प्रजनन स्वास्थ्य समस्याएं जैसे कि पीसीओएस और पीसीओडी का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि आप अचानक वजन बढ़ने के कारणों को समझें। आइए, जानते हैं वे प्रमुख कारण जिनकी वजह से आपका वजन अचानक बढ़ सकता है। कई बार दवाएं वजन बढ़ने का कारण बन सकती हैं। उदाहरण के लिए, बर्थ कंट्रोल पिल्स, बाइपोलर डिसऑर्डर की दवाएं, और डायबिटीज की दवाएं शरीर में पानी की मात्रा बढ़ा सकती हैं और चर्बी को जमाने में मदद कर सकती हैं। यदि आप किसी स्वास्थ्य समस्या के लिए दवा ले रहे हैं और अचानक वजन बढ़ने लगा है, तो यह दवा का साइड इफेक्ट हो सकता है। हार्मोनल असंतुलन भी वजन बढ़ने का एक प्रमुख कारण हो सकता है। खराब लाइफस्टाइल, तनाव, और असंतुलित डाइट हार्मोन्स को प्रभावित कर सकती हैं। कोर्टिसोल या थायराइड हार्मोन का असंतुलन भी वजन बढ़ा सकता है। मेनोपॉज या प्रेग्नेंसी के दौरान हार्मोनल बदलाव भी वजन में तेजी से वृद्धि कर सकते हैं। आपका खानपान भी अचानक वजन बढ़ने में अहम भूमिका निभा सकता है। ज्यादा जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, शुगर और रिफाइंड फूड का अधिक सेवन कैलोरी की अधिकता को जन्म देता है। इससे शरीर में चर्बी जमने लगती है और वजन बढ़ता है। कभी-कभी वजन बढ़ने का कारण कोई छुपी हुई बीमारी हो सकती है। शरीर में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या का संकेत न दिखाई दे, फिर भी वजन बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में, यह जरूरी है कि आप एक डॉक्टर से संपर्क करें और बीमारी का पता लगाने के लिए उचित जांच कराएं। यदि आप अधिक कैलोरी युक्त आहार का सेवन कर रहे हैं, तो यह वजन बढ़ाने का एक मुख्य कारण हो सकता है। कैलोरी का अत्यधिक सेवन शरीर में फैट को जमाता है, जिससे वजन बढ़ता है। अपनी कैलोरी की खपत पर नजर रखना जरूरी है, ताकि आप अपने वजन को नियंत्रित रख सकें। अधिक तनाव के कारण शरीर में हार्मोनल असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। तनाव के चलते कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ सकता है, जो वजन बढ़ने में योगदान देता है। जब तनाव के कारण शरीर के केमिकल चेंज होते हैं, तो यह कई हार्मोन को असंतुलित कर सकता है, जिससे वजन तेजी से बढ़ सकता है। अगर आपका वजन अचानक से बढ़ने लगा है, तो इन कारणों में से कोई एक आपकी समस्या का कारण हो सकता है। उचित जांच और डॉक्टरी सलाह के बिना सही कारण का पता लगाना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में, यह जरूरी है कि आप एक विशेषज्ञ से संपर्क करें और इसके कारणों की सही पहचान कर इसका उचित समाधान निकालें।

# बर्फीली पहाड़ियां और मंत्रमुग्ध कर देने वाले नजारों से भरा अरुणाचल प्रदेश



अरुणाचल प्रदेश घूमने-फिरने के लिए बेहद शानदार जगह है। अगर आप यहां घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो जान लें किन जगहों की सैर बिल्कुल भी नहीं करनी चाहिए मिस।

### रोइंग

रोइंग को अरुणाचल प्रदेश की जान कहा जाता है। साफ-सुथरी नदियां, बर्फ से ढके पहाड़, झील व झरने इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। यहां फरवरी महीने में एक फेस्टिवल भी होता है, जो काफी रोमांचक होता है। दूर-दूर से पर्यटक इसे देखने आते हैं। रोइंग अरुणाचल प्रदेश के दिबांग घाटी में स्थित है। एडवेंचर से लेकर नेचर लवर्स तक के लिए रोइंग बेहतरीन जगह है। अरुणाचल प्रदेश का चांगलांग अपनी नायाब खूबसूरती के लिए जाना जाता है। ये जगह अरुणाचल की खास संस्कृति और परंपराओं को समेटे हुए है। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से चांगलांग की दूरी 307 किमी. है। चांगलांग समुद्र तल से 200 मीटर से 4,500 मीटर की ऊंचाई तक स्थित है। ये जगह फोटोग्राफी के लिए भी बेहतरीन है।

### महो वाइल्डलाइफ संेचुरी

रोइंग के सबसे मशहूर पर्यटक स्थलों में से एक महो वाइल्डलाइफ सेंचुरी है. यह अपनी प्राकृतिक सुन्दरता और विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों के लिए यात्रियों के बीच काफी फेमस है. यहां आप बाघ, तेंदुआ, सियार, हिमालयी काला भालू, भारतीय साही, जंगली कुत्ता सहित कई अन्य जंगली जानवरों को देख सकते हैं. इसके साथ ही यहां जड़ी-बूटियों, झाड़ियों, फूलों और पौधों की अलग अलग वैरायटी आपको देखने को मिलेंगी।

### मेचुका वैली

मेचुका वैली अरुणाचल प्रदेश का बेहद शानदार हिल स्टेशन है। जो शि-योमी जिले में बसी है। मेचुका वैली समुद्रतल से लगभग 6000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। नेचर लवर्स को तो ये जगह बहुत पसंद आएगी। अरुणाचल प्रदेश की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देखना चाहते हैं, तो इस जगह को एक्सप्लोर करें। इस जगह को मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से भी जाना जाता है।

मेचुका आकर दोर्जिलिंग गांव, हनुमान पॉइंट, गुरु नानक तपोस्थान और गुरुद्वारा, न्यू गोम्पा, मेचुका बस्ती, सैमटेन योंगचा मठ (पुराना गोम्पा) जरूर देखें।

### जीरो वैली

अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबानसिरी जिले में समुद्रतल से लगभग 5500 फुट की ऊंचाई पर स्थित जीरो वैली बेहद खूबसूरत सी जगह है। दूर-दूर तक फैले हरे घास के मैदान, हरे-भरे बांस के जंगल, ऊपर साफ-नीला आसमान आपकी ट्रिप को बना देगा यादगार। जीरो वैली अपनी खास तरह की खेती और समृद्ध वन्यजीव के लिए मशहूर है।

यहां खेती के लिए किसी जानवर या मशीन की मदद नहीं ली जाती, बल्कि सारा काम लोग अपने हाथों से करते हैं।

जीरो वैली आएं तो टैली वैली वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी, कार्दो हिल्स यहां स्थित शिव लिंगम को देखने का मौका हाथ से न जाने दें।



रेसिपी➔

# घर पर बनाएं क्रंची दही कबाब



लंच या डिनर के पहले कुछ लोग स्टार्टर के तौर पर डिशेज खाना पसंद करते हैं। स्टार्टर की बात करें तो दही कबाब बेहद पसंद किया जाता है। बच्चे हो या बड़े सभी इसे चाव से खा लेते हैं। इसमें पड़ने वाला फ्राइड प्याज और पनीर एक्स्ट्रा जायका एड कर देता है। ऐसे में यदि आपको भी दही कबाब पसंद है तो आज इसे बनाने की विधि के बारे में जानते हैं।

### सामग्री

दही - 1/2 कप, पनीर - सवा कप (कद्दूकस किया हुआ), प्याज - 1/2 कप (लच्छेदार कटे हुए), काजू - 3 टेबलस्पून, ब्रेड क्रम्ब्स - 1/4 कप, लाल मिर्च पाउडर - 1 टीस्पून, गर्म मसाला - 1 टीस्पून हरी मिर्च - 2, हरा धनिया - 1 कप चीनी - 2 चुटकी, तेल - जरुरतअनुसार, नमक - स्वादअनुसार।

**विधि** सबसे पहले हरी मिर्च, हरा धनिया बारीक करके काट लें। फिर एक कढ़ाई में तेल गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें प्याज डालकर फ्राई करें। प्याज जब अच्छी तरह से ब्राउन हो जाए तो उसे निकाल लें। अब एक बड़ी बाउल में दही डालकर फेंट लें। दही में कद्दूकस किया हुआ पनीर मिलाएं। पनीर मिलानेके बाद इसमें फ्राइड प्याज और ब्रेड क्रम्ब्स मिला दें। अब मिश्रण में बारीक कटे प्याज, काजू, धनिया पत्ती, हरी मिर्च मिलाएं। इसके बाद लाल मिर्च, गर्म मसाला और एक चुटकी चीनी और स्वादअनुसार नमक डालें। मिश्रण मिक्स करके थोड़ा हाथ में लेकर आलू टिक्की के आकार का कबाब बना लें। फिर बाकी मिश्रण से भी ऐसे ही कबाब बना लें। कबाब बनाकर ब्रेड के चुरे में डालें और अच्छे से लपेट दें। एक कढ़ाई में तेल डालें और मीडियम आंच पर गर्म कर लें। जैसे तेल गर्म हो जाए तो दही कबाब डाल दें। कबाब को अच्छी तरह से डीप फ्राई करें। जब इनका रंग ब्राउन हो जाए तो प्लेट में निकाल कर सर्व करें।

# घर पर हींग दही तड़का की ये सब्जी जरूर करें ट्राई

रोजाना दाल-सब्जी खाने के बाद हर कोई चाहता है कि वह कुछ अलग और स्वादीष्ट खाने को मिले। ऐसे में आप अपने मेन्यू में हींग का दही तड़का को जरूर शामिल करना चाहिए। ये ना सिर्फ खाने में टेस्टी होता है बल्कि ये बनाने में भी बहुत आसान होता है। ये बड़ों से लेकर बच्चों तक को बहुत पसंद आएगा।

### सामग्री

दही 3 कप, 2 प्याज, आधा से भी कम चम्मच हींग, 2 बारीक कटी हुई मिर्च, बारीक कटी हुई धनिया पत्ती

2 चम्मच सरसों का तेल, 2 लहसुन, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच हल्दी, आधा चम्मच गर्म मसाला, नमक स्वाद अनुसार।



**विधि** हींग दही तड़का बनाने के लिए सबसे पहल एक बड़े बर्तन में दही 4 कप दही निकालें। अब दही को अच्छी तरह से फेंटें। आप चाहें तो दही को ग्राइंडर जार में डालकर अच्छी तरह से ब्लेड कर सकते हैं। दही को फेटने के बाद उसमें 2 कप पानी मिलाएं।

अब गैस ऑन करें और उस पर कड़ाही रखें। जब कड़ाही गर्म हो जाए तब उसमे 2 चम्मच सरसों का तेल डालें। जब तेल हल्का गर्म हो जाए तब उसमे आधा चम्मच जीरा, 2 बारीक कटी हुई मिर्च, लहसुन के टुकड़े, आधा से भी कम चम्मच हींग तेल में डालें। कुछ सेकेंड्स के बाद अब इसमें 2 बड़े आकर में कटा प्याज डालें। अब प्याज को सुनहरा होने तक भूनें। जब प्याज हलक भून जाए तब उसमे आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच हल्दी, और आधा चम्मच गर्म मसाला मिलाएं। अब प्याज पूरी तरह से रोस्ट हो चुका है अब इस मिक्स को जो हमने दही का बैटर तैयार किया है उसमें मिलाएंगे। अब दही को अच्छी तरह से चलाएंगे और उसमें नमक स्वाद अनुसार भी मिलाएंगे। आपका हींग दही तड़का तैयार है।

# रात को कभी न छोड़े जूठे बर्तन बन सकता हैं दुर्भाग्य का कारण



वास्तु शास्त्र में कहा गया है कि रात में किचन में जूठे बर्तन छोड़ना अशुभ माना जाता है। इसके कारण अनेक समस्याएं हो सकती हैं, जैसे धन की हानि और परिवार के बीच विवाद। इसलिए, यह अच्छा होता है कि हम समय पर अपने किचन को साफ रखें। इसी के साथ चलिए आपको बताते हैं रत को जूठे बर्तन रख कर सोने से किस तरह का नुकसान आपके जीवन में हो सकता है। हमारे घरों में कई छोटी-छोटी आदतें होती हैं जो हमारी किस्मत और सुख-समृद्धि को प्रभावित कर सकती हैं। भारतीय परंपराओं के अनुसार, रात को बर्तन जूठे छोड़ने की आदत को भी महत्वपूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं और घर में धन-धान्य की कमी हो सकती है।


### क्यों महत्वपूर्ण है रात को बर्तन धोना?

**स्वच्छता और स्वास्थ्य :** रात को बर्तन धोने से घर में सफाई रहती है। गंदे बर्तन खाद्य पदार्थों के सड़ने का कारण बन सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। स्वच्छता बनाए रखने से आप बीमारियों से बच सकते हैं और परिवार का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। **धन और समृद्धि :** भारतीय संस्कृति में मान्यता है कि रात को बर्तन धोने से मां लक्ष्मी, जो धन और समृद्धि की देवी हैं, खुश होती हैं। जब बर्तन साफ-सुथरे होते हैं, तो इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और लक्ष्मी माता घर में स्थायी रूप से निवास करती हैं। **रात की शांति :** रात को बर्तन धोने से घर में अराजकता नहीं रहती। गंदे बर्तन आपके मन को भी अस्थिर कर सकते हैं। जब बर्तन साफ होते हैं, तो आप शांति से सो सकते हैं और एक नई ऊर्जा के साथ दिन की शुरुआत कर सकते हैं। **रात को बर्तन धोने के फायदे :** नियमित रूप से बर्तन धोने से घर में धन और समृद्धि बनी रहती है। इसे एक अच्छी आदत मानकर नियमित रूप से पालन करें। रात को बर्तन धोने की आदत से आप अनुशासन और स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाते हैं, जो आपके जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सकारात्मक प्रभाव डालती है।

### कैसे बनाएं इसे आदत?

हर रात बर्तन धोने का एक नियमित समय निर्धारित करें। इससे यह आदत का हिस्सा बन जाएगी। परिवार के सभी सदस्यों को इसमें शामिल करें। यह न केवल आपके काम को हल्का करेगा, बल्कि एक सामूहिक प्रयास से परिवार में बेहतर सहयोग भी बनेगा। बर्तन धोने को एक कष्ट के रूप में नहीं, बल्कि एक अच्छी आदत और मां लक्ष्मी की कृपा को आकर्षित करने के एक अवसर के रूप में देखें। इस तरह, रात को बर्तन जूठे छोड़ने की आदत से बचने के लिए आप अपने घर में स्वच्छता और समृद्धि को बनाए रख सकते हैं।

# ब्यूटी इंडस्ट्री का नया ट्रेंड स्किन फास्टिंग



आज के समय में त्वचा की सेहत को लेकर लोग बेहद सतर्क हो गए हैं। बाजार में कई महंगे प्रोडक्ट्स और ब्यूटी ट्रीटमेंट उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ लोग इसे प्राकृतिक और हल्के तरीके से सुधारना चाहते हैं। इसी के चलते 'स्किन फास्टिंग' का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। यह एक ऐसा तरीका है जिसमें त्वचा को रोजमर्रा के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स, हेवी क्रीम्स और केमिकल्स से मुक्त रखा जाता है। स्किन फास्टिंग का उद्देश्य त्वचा को रेस्ट देना, उसे खुद को रिजनरेट करने का समय देना और नेचुरल ग्लो वापस लाना है। यहां इस लेख में हम आपको बताएंगे ये क्या है और इसके फायदे क्या हैं। **स्किन फास्टिंग क्या है-** स्किन फास्टिंग एक ऐसा तरीका है जिसमें त्वचा को समय-समय पर कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स, जैसे कि मॉइस्चराइजर, मेकअप, सनस्क्रीन और अन्य टॉपिकल केमिकल्स से मुक्त रखा जाता है। इसका उद्देश्य त्वचा को खुद को रीजेनरेट करने का समय देना और प्राकृतिक ग्लो वापस लाना है। इसे सप्ताह में 1-2 दिन अपनाना सबसे सुरक्षित माना जाता है। **त्वचा को क्या लाभ मिलता है-** जब त्वचा को आराम मिलता है, तो यह अपने ऑयल बैलेंस को ठीक करने लगती है। स्किन फास्टिंग से पोर क्लियर होते हैं, ब्लैकहेड्स कम होते हैं और प्राकृतिक नमी बनती है। इस प्रक्रिया से सेल रिजनरेशन भी तेज होती है, जिससे नई त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है। **कौन कर सकता है स्किन फास्टिंग-** स्किन फास्टिंग हर प्रकार की त्वचा के लिए फायदेमंद है, लेकिन खासकर ऑयली और एक्ने प्रोन स्किन वालों के लिए यह बेहद उपयोगी है। ड्राई स्किन वाले लोग हल्का मॉइस्चराइज़र या हाइड्रेटिंग फेस मिस्ट इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि अत्यधिक ड्राईनेस से बचा जा सके।

# सिर्फ हंसने के ही नहीं रोने के भी हैं कई फायदे



रोना एक बेहद सामान्य क्रिया है, जो किन्हीं इमोशन्स या अन्य फैक्टर्स से ट्रिगर होने की वजह से होता है। लेकिन क्या आपने कभी यह जानने की कोशिश की है कि आखिर कुछ भावनाओं को महसूस करने पर हमें रोना क्यों आता है। दरअसल, कई शोध में पाया गया है कि रोना आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। रोने से आपकी मानसिक और शारीरिक सेहत को काफी फायदा पहुंचता है। आइए जानते हैं रोने आपकी सेहत को क्या फायदे मिल सकते हैं। **वजन कम होता है :** रोने से कैलोरी बर्न होती है, जिससे वजन कम होता है। आपने ध्यान दिया होगा कि जब आप दुखी होते हैं, तो आपका वजन कम होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि रोने से कैलोरी बर्न होती है। हालांकि, इसका कुछ कनेक्शन यह भी हो सकता है कि जब आप दुखी होते हैं, तब आपको भूख कम लगती है। **तनाव कम होता है :** रोते समय आपकी आंखों से निकलने वाले आंसुओं में कॉर्टिसोल होता है, जो एक स्ट्रेस हार्मोन होता है। आंसु के जरिए ये हार्मोन बाहर निकलते हैं, जिनकी वजह से तनाव कम होता है। इसलिए आपने अगर ध्यान दिया होगा, तो रोने के बाद आप कम स्ट्रेस महसूस करते हैं। **आंखें साफ होती हैं :** रोन से आंखें साफ होती हैं। दरअसल, आंख में कोई कचरा, धूल-मिट्टी या अन्य कुछ चला जाता है, तो आपकी आंखों से आंसू निकलने लगते हैं। ऐसे ही रोते वक्त भी आंखें साफ होती हैं। दरअसल, आंसुओं में एक प्रकार का एंजाइम होता है, जिसे लाइजोजाइम कहते हैं। यह बैक्टीरिया आदि को मारता है, जिससे आंखों के इन्फेक्शन का खतरा कम होता है। **दर्द से आराम मिलता है :** आपने ध्यान दिया होगा कि जब भी आपको चोट लगती है या बहुत दर्द होता है, तो आपको रोना आने लगता है और कई बार तो न चाहते हुए भी आंसू निकलने लगते हैं।

# सिजोफ्रेनिया में बना रहता है भ्रम और सुनाई देती हैं डरावनी आवाजें



मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं दुनियाभर में गंभीर चिंता का कारण बनी हुई हैं। हम सभी अपने शारीरिक स्वास्थ्य पर तो ध्यान देते रहते हैं पर मेंटल हेल्थ को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधित कई समस्याएं काफी गंभीर हो सकती हैं? सिजोफ्रेनिया ऐसी ही एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य की समस्या है, जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। आंकड़ों से पता चलता है कि दुनियाभर में लगभग 24 मिलियन (2.4 करोड़) लोग या 300 में से 1 व्यक्ति को सिजोफ्रेनिया की दिक्कत हो सकती है। सिजोफ्रेनिया एक दीर्घकालिक और गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को वास्तविकता की धारणा में भ्रम होता है। ये व्यक्ति के व्यवहार, मानसिक स्थिति, सोचने-समझने की क्षमती सभी को प्रभावित कर सकती है।

**सिजोफ्रेनिया और इसका खतरा**

कल्पना कीजिए कि आप एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहां हर आवाज पर शक होता हो, हर चेहरा अजनबी लगता हो और खुद की सोच भी परायी लगने लगती हो। सिजोफ्रेनिया वास्तव में यही है। सिजोफ्रेनिया का आपके शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ये बीमारी आपके मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित कर देती है परिणामस्वरूप रोगियों के लिए दैनिक जीवन के कार्य भी काफी कठिन हो जाते हैं।

**सिजोफ्रेनिया होने के कारण क्या हैं-** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि सिजोफ्रेनिया बीमारी किसी एक कारण से नहीं होती, बल्कि इसके लिए कई जैविक, आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। अगर परिवार में किसी को सिजोफ्रेनिया की दिक्कत रही है, तो इससे अन्य लोगों में भी होने की आशंका बढ़ जाती है। अध्ययनों से पता चलता है कि डोपामिन और ग्लूटामेट जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का असंतुलन मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बिगाड़ सकता है, इसके कारण भी सिजोफ्रेनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्भावस्था या प्रसव के दौरान संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, या पोषण की कमी से दिमागी विकास पर असर पड़ सकता है। बचपन में भावनात्मक आघात, अकेलापन, गरीबी या सामाजिक अलगाव भी सिजोफ्रेनिया को ट्रिगर कर सकती है।

**सिजोफ्रेनिया हो जाए तो क्या करें-**

सिजोफ्रेनिया मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति है जिसका समय पर इलाज कराना जरूरी है। अगर आपको घर में किसी व्यक्ति में सिजोफ्रेनिया जैसे लक्षण दिख रहे हैं तो जल्द से जल्द मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के पास ले जाएं। दवाइयां, थेरेपी और लाइफस्टाइल मैनेजमेंट की मदद से सिजोफ्रेनिया की जटिलताओं को कम किया जा सकता है। दवाएं दिमाग में डोपामिन जैसे रसायनों का संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं। साइकोथेरेपी और काउंसलिंग की मदद से जीवन के कार्यों को आसान बनाया जा सकता है। लाइफस्टाइल मैनेजमेंट जैसे नशे से दूर रहना, योग और ध्यान का अभ्यास लक्षणों को बेहतर तरीके से मैनेज करने में मदद करती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ
### सोमवार, 1 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे। दशमी तिथौ सोम वासरे 12/11/ ज्येष्ठा नक्षत्रे 28/09/ सिद्ध योग 27/16/ कौलव करणे 16/47/ धनु राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार-

**मेष :** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स स्हा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पानी से हर्ष होगा।

**कर्क :** आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा। वाणी पर संयम रखने के कारण बिगड़ते कार्य बनते दिखाई देंगे। रचनात्मक कार्य सफल होंगे।

**सिंह :** किसी मूल्यवान वस्तु के पानी के अभिलाषा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा मित्रों से संबंध प्रगाढ़ होंगें।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :** समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आर्थिक लेनदेन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन :** आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

# हिंदी पत्रकारिता ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य किया है-पवन सिंह चौहान

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कलमकार एसोसिएशन बिसवां ईकाई के बैनर तले कस्बे के आर के ग्रांड होटल में डिजिटल युग में हिंदी पत्रकारिता विषय पर एक गरिमामय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, डिजिटल माध्यमों की बढ़ती भूमिका तथा हिंदी भाषा की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह में क्षेत्र के पत्रकारों, साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने हमेशा समाज को जागरूक करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में समाचारों की गति तेज हुई है, लेकिन पत्रकारों की जिम्मेदारी भी पहले से अधिक बढ़ गई है। निष्पक्षता, विश्वसनीयता और सामाजिक सरोकार पत्रकारिता की सबसे बड़ी पहचान होनी चाहिए।




विशिष्ट अतिथि निर्मल वर्मा ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता देश की आत्मा से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में हिंदी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने पत्रकारों से समाजहित में सकारात्मक और तथ्यात्मक पत्रकारिता करने का आह्वान किया। समाजसेविका रेनू मेहरोत्रा ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और उनकी लेखनी समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार/ पत्रकार रमेश बाजपेई विरल ने की। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और उसकी सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते दौर में तकनीक को अपनाना समय की आवश्यकता है, लेकिन पत्रकारिता के मूल मूल्य हमेशा सुरक्षित रहने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रखर वक्ता एवं लेखक आराध्य शुक्ला ने प्रभावशाली अंदाज में किया। इस अवसर पर अतिथियों का फूल-मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।वही क्षेत्र के पत्रकारों को भी सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। समारोह मे एक समय भावुक क्षण भी देखने को मिला जब दिवंगत पत्रकार विनोद गर्ग एवं मुबारक अली के परिजनों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम मे अतिथियों ने दोनों दिवंगत पत्रकारों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आर०एन० सिंह, पदमकान्त शर्मा, संदीप मिश्र 'सरस', मोहित जायसवाल, अश्वनी त्रिपाठी, अय्यूब खान, बिलाल खान, नैयर शकेब, सिराज अहमद, मधुकर वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, संतोष कठेरिया, पंकज भारतीय, अमित जायसवाल, शावेज खान, अतुल त्रिवेदी 'चंदन', विवेक पाण्डेय, मतीन अहमद, निर्मल यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक अरुणनाथ सिंह एवं हरिशंकर गुप्ता ने सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जीवाश्म कार्बन की मात्रा जैविक खादों के प्रयोग से बढ़ायें-सचिन प्रताप सिंह

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाने के लिये रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के लिए जनपद सीतापुर के सहकारी समितियों के सचिव, इफ्को विक्री केंद्र, अग्रिजंक्शन , अन्य बिक्री केंद्रों उर्वरकों से सम्बंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास खण्ड सभागार खैराबाद में किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत इफ्को क्षेत्र अधिकारी सचिन प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए किया , और सभी से आवाहन किया कि किसानों को जागरूक करें कि जीवाश्म कार्बन की मात्रा जैविक खादों के प्रयोग से बढ़ाये, कान्सोर्टिया का खेती में समावेश करें, मिट्टी की जांच करवाकर उर्वरकों का प्रोयग करें। उप महाप्रबंधक एस सी मिश्रा ने सभी से आवाहन किया खेती को लाभकारी, खेत मृदा वायुमंडल प्रदूषित न हो ऐसे उर्वरकों का प्रयोग करे, जिसमे नैनो उर्वरकों का किसान के हित के लिए है और इनके प्रयोग से उत्पादन भी बढ़ेगा और कोई दुष्प्रभाव जमीन पर नहीं पड़ता है,नैनो यूरिया प्लस के उपयोग करने से ३० से ५०: दानेदार यूरिया के उपयोग को कम कर सकते हैं। इफ्को लखनऊ से आये उपमहाप्रबंधक डा. एस के सिंह ने सभी को रासायनिक खादों को कम करके वैकल्पिक उर्वरकों का प्रोयग करें, ज्यादातर हम लोग रासायनिक उर्वरकों को विदेश मांगते हैं, भारी सब्सिडी सरकार उर्वरकों पर खर्च करती है,किसान भाई नैनो उर्वरकों के प्रयोग से सब्सिडी के व्यय से बचा जा सकता है, नैनो से बीज जड़ उपचार करके किसान भाई दानेदार को ५०प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। किसान जैव उर्वरक का बीज जड़ और मृदा में उपयोग कर सकते हैं, जिला कृषि अधिकारी द्वारा सभी को भारत सरकार की योजना उत्तर प्रदेश के दो जनपद सीतापुर एवम रामपुर में जून में लागू होगी, इस योजना के माध्यम से किसानों को उर्वरक अब कोड योजना के तहत किसान भाई ऐप्प के माध्यम से उर्वरक अपने मोबाइल या केंद्र से कोड बनाएगे इसको लेकर जिस केंद्र से बुक किया है वहाँ दिन लेकर जाएंगे और खाद क्रय करेंगे। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने सभी सहकारी समितियों के सचिवों को निर्देशित किया इस योजना का कड़ाई से पालन हो, किसान इस योजना से लाभान्वित होंगे। इस कार्यक्रम में सहकारी समितियों के सचिव, गन्ना विकास समिति, क्रय विक्रय समित, इफ्को किसान सेवा केंद्र, इफ्को बाजार, विक्री केंद्र आदि ३५० लोगो को प्रशिक्षण दिया गया।



## अग्निपीड़ितों को आवास दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत सरैंया चालाकपुर में आग पीड़ितों से आवास दिलाने के एवज में रिश्वत मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ितों ने शपथ पत्र के साथ जिलाधिकारी को शिकायत देकर निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है। ग्राम चालाकपुर में बीते माह चार अप्रैल को गांव में भीषण आग से कई परिवारों के मकान जलकर राख हो गए थे। इसके बाद शासन स्तर से कुछ पीड़ित परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए। आरोप है कि ग्राम पंचायत अधिकारी श्रीकांत द्वारा लाभार्थियों से प्रति आवास २०-२० हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत के अनुसार



संजय, मनोज व लवकुश पुत्र राजाराम को एक ही परिवार से तीन आवास मिले हैं। वहीं पूनम देवी पत्नी अवधराम, मीरा देवी पत्नी वीरेश तथा रामलली पत्नी देशराज ने भी धनराशि मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ितों का कहना है कि रुपये देने से मना करने पर ग्राम पंचायत अधिकारी ने कथित रूप से कहा, डीएम साहब धर्मात्मा हैं तो वहीं दे दें, मैं बिना सुविधा शुल्क के काम नहीं कर पाऊंगा। इस बयान से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पीड़ितों ने डीएम से पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा बिना अवैध वसूली के सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।

## तेज आंधी और बारिश के दौरान गौवंश की मौत

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। ग्राम पंचायत धरमपुर के गांव गौढ़ी में बुधवार को आई तेज आंधी और बारिश के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। गांव में रामकुमार के घर के बाहर लगा गुलर का पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। पेड़ के नीचे बंधी राम कुमार पुत्र हरद्वारी लाल की गाय उसकी चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय पेड़ के नीचे कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## शिविर के दौरान 51 जरूरतमंदों ने प्रस्तुत किये अपने आवेदन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। विकास खंड पहला सभागार में रविवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की समस्याओं के निस्तारण एवं नवीन आवेदन के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसके प्रभारी एडीओ समाज कल्याण विभाग रहे। इस कैंप में प्रभारी एडीओ समाज कल्याण अभिषेक सिंह द्वारा आवेदन प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कुल ५१ आवेदन जरूरतमंद लोगों के द्वारा प्रस्तुत किये गये। इनमें वृद्धावस्था के २८, दिव्यांग के ५, निराश्रित महिला के १६ व शादी अनुदान के लिये दो आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीओ पंचायत दिनेश मिश्र, सचिव जयसिंह, आशीष वर्मा, पवन तिवारी, बलवीर कुमार, आशीष रावत तथा बीडीसी उपेन्द्र यादव अन्य लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों के हित साधक होंगे विशाल : विभू पुरी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। विशाल कपूर के प्रतिष्ठान पर आयोजित पत्रकार



वार्ता में उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष विभू पुरी व जिला उपाध्यक्ष लहरपुर प्रभारी अखिलेंद्र यादव ने लहरपुर नगर इकाई का विधिवत गठन किया जिसमें विशाल कपूर को नगर अध्यक्ष,सलीम चौधरी को नगर महामंत्री,निखिल मेहरोत्रा को नगर कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता,कलीम चौधरी,सतीश जयसवाल,, लईक अंसारी,राजकुमार कश्यप को नगर उपाध्यक्ष और पंकज रस्तोगी,पंकज यादव,सुजल चौरसिया,रुखसार किराना और संदीप केसरीगंज को नगर मंत्री बनाया गया साथ ही सदस्य के रूप में डा.आकाश शुक्ला,अजीम ज्वैलर्स सगीर रेडिमेट,मुसीर दाल वाले,रियाज किराना,शानू टंडन,शिवम गुप्ता, अकरम किराना, डा.नदीम,अनुज मेहरोत्रा व राम जी खन्ना की नियुक्ति की गई। श्री पुरी ने अपने संगठन के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि संगठन के रचयिता पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्रा ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष किया उन्होंने ये भी बताया कि संगठन प्रदेश का सबसे बड़ा और सबसे पुराना व्यापारियों का संगठन है नवनियुक्त नगर अध्यक्ष विशाल सहित पूरी टीम को उन्होंने बधाई देते हुए ये आशा व्यक्ति की कि संगठन व्यापारियों के हितों को साध कर आगे बढ़ेगा। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष विशाल कपूर ने संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करते हुए व्यापारियों की सेवा करने का संकल्प लिया।

# अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वाले डाक्टर संजय विश्वास के कारनामे उजागर, बरेली पुलिस ने किया गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जनपद में इन दिनों चंद तथाकथित और झोलाछाप चिकित्सकों ने अपने लालच के चलते पूरे चिकित्सा विभाग को शर्मसार कर दिया है। जिले में मानवता को तार-तार करने वाले दो बड़े मामले सामने आए हैं, जिन्होंने पूरे प्रशासनिक अमले को हिलाकर रख दिया है। एक ओर महोली क्षेत्र में अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वाले कथित डाक्टर को अंर्तजनपदीय बच्चा चोरी और मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) के संगीन मामले में बरेली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं दूसरी ओर शहर सीतापुर के बट्सगंज स्थित आरोग्यम चिकित्सालय में कमीशन और घोर लापरवाही के चलते एक प्रसूता की जान चली गई, जिसके बाद प्रशासन के निर्देश पर अस्पताल संचालक सहित चार डाक्टरों के खिलाफ



गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इन दोनों घटनाओं ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर फल-फूल रहे अवैध और संवेदनहीन कारोबार की पोल खोलकर रख दी है। महोली कोतवाली क्षेत्र के उर्दौली में स्थित स्वर्ण लता मेमोरियल हास्पिटल के संचालक और उसके गिरोह के तार अंतरजनपदीय बच्चा चोरी और मानव तस्करी नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। बरेली जनपद की आंवला व मनौना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने महोली से कथित डाक्टर संजय विश्वास समेत तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। यह कार्रवाई बरेली के मनौना श्याम मंदिर से अगवा हुए डेढ़ वर्षीय मासूम बालक ऋषभ की बरामदगी के बाद शुरू हुई थी। पूछताछ में इस गिरोह के तार सीतापुर, लखीमपुर खीरी और बदायूं जिलों से जुड़े पाए गए। जांच में सामने आया है कि गिरोह का सक्रिय सदस्य संजय विश्वास मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और वह पिछले कई वर्षों से महोली के उर्दौली क्षेत्र में अवैध रूप से विश्वास क्लीनिक का संचालन कर स्वास्थ्य व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहा था। पुलिस ने संजय विश्वास के साथ उसके साथी केशवराम और सीता को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मानव तस्करी गिरोह की मास्टरमाइंड सीता नाम की महिला है। यह गिरोह विभिन्न धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से छोटे बच्चों को अगवा कर निसंतान दंपतियों या अन्य खरीदारों को ५ लाख रुपये तक में बेचता था। पुलिस इस मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और अन्य संदिग्धों पर जांच जारी है।

### तीन वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद खैराबाद में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को समान प्राथमिकता दी जा रही है : अभिषेक गुप्ता बबलू

( स्वतंत्र भारत )

खैराबाद, सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबाद की अध्यक्ष श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्ता के सफलतापूर्वक तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका परिषद परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभासदगण, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों की उपलब्धियों और नगर के बदलते स्वरूप को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्ता, अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया एवं अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता द्वारा बीते तीन वर्षों के दौरान नगर में कराए गए विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनता के सामने प्रस्तुत की गई। वक्ताओं ने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए गए हैं। सड़क, पेयजल, जलनिकासी, पार्क, धार्मिक स्थल एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में नगरोदय योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि ललियापुर पार्क का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है,



जिससे क्षेत्र के लोगों को हरियाली और मनोरंजन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त नगर के आठ परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प का शुभारंभ किया गया है। विद्यालयों में बेहतर भवन, स्वच्छ परिसर, आधुनिक सुविधाएं एवं बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर माहौल मिल सके। वहीं डिजिटल लाइब्रेरी की स्वीकृति को भी नगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। इससे छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को डिजिटल माध्यम से अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। वंदन योजना के अंतर्गत धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास को लेकर भी कई महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। मां गौरी देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण, अवस्थापना एवं नागरिक सुविधाओं के विकास की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बैठने, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा शीतला माता मंदिर एवं वाल्मीकि मंदिर के सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार हेतु भी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। धार्मिक स्थलों का विकास नगर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। नगर के प्रमुख स्थलों एवं पार्कों के सौंदर्यीकरण को लेकर भी कई योजनाओं पर कार्य किया गया है। गौरी देवी सरोवर का सौंदर्यीकरण नगर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। वहीं माखूपुर स्थित रविदास पार्क के सौंदर्यीकरण की स्वीकृति तथा उसके सामने स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है। इन कार्यों से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। आधारभूत संरचना विकास के अंतर्गत पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना के तहत विभिन्न वार्डों में सड़कों का निर्माण कराया गया है। साथ ही जलनिकासी योजना के अंतर्गत नाला एवं नालियों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। नगरीय झील एवं तालाब योजना के अंतर्गत वार्ड जोशी टोला में तालाब निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। नगर में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पाइपलाइन विस्तार कार्य लगातार जारी है, जिससे अधिक से अधिक घरों तक स्वच्छ जल पहुंचाया जा सके। वहीं पनवाड़िया क्षेत्र में निर्मित अटल पार्क बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्ता ने कहा कि नगर की जनता के सहयोग, विश्वास एवं आशीर्वाद से विकास कार्यों को लगातार गति मिली है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प खैराबाद नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित करना है, जहां प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा और नगर के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया ने भी नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का सहयोग और विश्वास ही विकास कार्यों की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को समान प्राथमिकता दी जा रही है और भविष्य में भी विकास की गति को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की तथा उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित एवं विकास से जुड़े कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# द्वितीय स्थापना दिवस पर किया फल जूस और बिस्किट का वितरण

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने परिषद के द्वितीय स्थापना दिवस पर सेवा कार्यक्रम



आयोजित किया गया। इसी क्रम में जिला अस्पताल में मरीजों के बीच फल, जूस और बिस्किट का वितरण किया गया। अस्पताल में आयोजित इस पहल से मरीजों एवं उनके तीमारदारो के बीच सकारात्मक संदेश गया और लोगों ने इस मानवीय प्रयास की सराहना की। इसी दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने कहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानवता और मानव धर्म की भावना के साथ गरीबों, निराश्रित मरीजों की सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना था। प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने कहा परिषद का लक्ष्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति ने कहा कि परिषद के पदाधिकारियों ने कार्यालय से बाहर निकलकर वितरण कार्यक्रम जैसे पुनीत कार्य करके परिषद का उद्देश्य पूर्ण किया। जिला महासचिव विजय शुक्ला ने आभार जताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य लगातार जारी रखने की बात कही। इस सेवा कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला, लेखा परीक्षक उमा शंकर गुप्ता, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, उपाध्यक्ष डा. शांति स्वरूप रस्तोगी, जिला उप सचिव डा. विकास जैन, जिला कोषाध्यक्ष अम्ब्रीश दीक्षित, जिला अध्यक्ष वरि नागरिक प्रकोष्ठ राम कुमार कटियार, जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ दीपक श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष विधि परामर्श केंद्र रेखा द्विवेदी, उपाध्यक्ष रंजीत कुमारी, न्यायपीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव, कमलेश गुप्ता, जीतेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# विदेशी उत्पादों का मोह त्यागें, देश को मजबूत बनाएं

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का युवा प्रशिक्षण शिविर आयोजित




-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का युवा प्रशिक्षण शिविर पीलीभीत बायपास रोड स्थित स्पर्श रिजॉर्ट में आयोजित हुआ जिसमें संपूर्ण उत्तर प्रदेश से लगभग 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने संगठन के बारे में बताते हुए कहा कि व्यापार, परिवार और राष्ट्र जब तक संगठित रहता है तब तक उन्नति करता है। जैसे ही इनमें विघटन शुरू होता है तरक्की के मार्ग अवरुद्ध होने लगते हैं। प्रांतीय युवा अध्यक्ष जितेंद्र सोनी ने अपने सभी साथियों का आह्वान करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में युवा शक्ति को जागृत करें सभी जिलों के वरिष्ठ व्यापारियों के साथ समन्वय बनाएं और प्रशिक्षण शिविर में जो महत्वपूर्ण बातें सीखने को मिले उनको आत्मसात करें।

द्वितीय सत्र में स्वदेशी जागरण मंच के सह संगठक सतीश कुमार ने स्वदेशी की बात करते हुए कहा कि अनजाने में सभी लोग विदेशी कंपनियों के उत्पादों को प्रश्रय देते हैं और परिणाम स्वरूप हमारे अपने देश के उत्पाद पिछड़ जाते हैं। इसलिए हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाकर अपने देश का गौरव बढ़ाने का काम करना चाहिए। तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के प्रमुख उद्यमी बरेली का गौरव घनश्याम खंडेलवाल ने कहा कि जैसे-जैसे परिवार बड़ा होता है तो व्यापार को बढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है प्रयास होना चाहिए कि जो काम चल रहा है उसके अतिरिक्त कोई नई लाइन का कारोबार स्थापित होना चाहिए ताकि एक तो पारिवारिक प्रतिस्पर्धा ना हो और नए व्यवसाय में नई ऊर्जा लगेगी तो उसकी कामयाबी शिखर पर पहुंचेगी। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यापारियों की 50 साल पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए इस बोर्ड की स्थापना की है। इसका उद्देश्य व्यापारियों के कल्याण के लिए कार्य करने के साथ-साथ ऐसे कानून में परिवर्तन लाना है जो व्यापारियों को परेशान करते हैं। इस बोर्ड के बनने के बाद व्यापारी के सम्मान में वृद्धि हुई है और उसकी बात सुनी जाने लगी है। पुराने कर कानून में परिवर्तन हुए हैं वोकल फार लोकल और जीएसटी 2.0 के माध्यम से लोगों को लाभ दिया गया है। बिजली, कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हुए हैं और व्यापार करना आसान हुआ है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज के इस प्रशिक्षण शिविर से जो अमृत निकलेगा वह प्रदेश के संपूर्ण व्यापारी ग्रहण करके अपने-अपने जिलों में जाकर उसका वितरण करेंगे और सभी व्यापारियों को लाभान्वित करेंगे।

# राजीव कृष्ण के पूर्णकालिक डीजीपी बनने पर बरेली में खुशी की लहर, अफसरों व समाजसेवी ने दी मुबारकबाद



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को उत्तर प्रदेश का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किए जाने पर बरेली में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पुलिस अधिकारियों से लेकर समाजसेवियों तक ने इस फैसले का इस्तकबाल करते हुए उन्हें मुबारकबाद पेश की। एडीजी जोन रमित शर्मा, डीआईजी रेंज अजय कुमार सहनी, कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य तथा एसपी सिटी मानुष पारीक समेत कई अधिकारियों ने डीजीपी राजीव कृष्ण को शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में प्रदेश पुलिस के और अधिक सशक्त एवं जनोन्मुखी बनने की उम्मीद जताई। वहीं सीबीगंज निवासी समाजसेवी अशोक आहूजा ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि बरेली में एसपी व एसएसपी तैनाती के दौरान वरिष्ठ आईपीएस राजीव कृष्ण की कार्यशैली, अनुशासन और आमजन से जुड़ाव हमेशा यादगार रहा। उनके पूर्णकालिक डीजीपी बनने से पुलिस महकमे को एक अनुभवी और दूरदर्शी नेतृत्व मिला है। पुलिस और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का मानना है कि राजीव कृष्ण की सरपरस्ती में उत्तर प्रदेश पुलिस कानून-व्यवस्था, जनविश्वास और पेशेवर दक्षता के नए मयार कायम करेगी। उनके मनोनयन को पुलिस महकमे के लिए एक अहम और खुशआइंद फैसला माना जा रहा है।

# आईपीएस विदाई: भविष्य की चुनौतियों के लिए अंजना दहिया को एसएसपी ने किया सम्मानित



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जनपद में अपना व्यवहारिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी अंजना दहिया को पुलिस कार्यालय में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अंजना दहिया ने अपने कार्य, अनुशासन और व्यवहार से अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह भविष्य में पुलिस सेवा में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए विभाग का नाम रोशन करेंगी। विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षु आईपीएस के साथ प्रशिक्षण अवधि के अनुभव साझा किए और उनके आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक दक्षिण अंशिका वर्मा, पुलिस अधीक्षक उत्तर मुकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद

# दो बेटियों के बाद जन्मा बेटा, कुछ घंटों में मां-बेटे की मौत से मचा कोहराम



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शहर के थाना सुभाषनगर क्षेत्र के एक परिवार में पांच वर्ष बाद बेटे के जन्म से आई खुशियां कुछ ही घंटों में गहरे शोक में बदल गईं। चौकी चौराहा स्थित सिद्धि विनायक अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात और उसकी मां की क्रमिक मौत से परिजनों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई। अनुपम नगर निवासी शिवम कश्यप के अनुसार उनकी 24 वर्षीय पत्नी शशि को प्रसव पीड़ा होने पर शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शशि ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिससे परिवार में उत्साह का माहौल था। परिजनों का आरोप है कि जन्म के कुछ समय बाद नवजात की तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन उसे समय पर समुचित चिकित्सा नहीं मिली। शनिवार देर रात नवजात की मौत हो गई। परिवार इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि रविवार सुबह शशि ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने मरीज की वास्तविक स्थिति की जानकारी समय रहते साझा नहीं की और उपचार में लापरवाही बरती। दोहरी मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। वहीं, घटना ने निजी अस्पतालों में चिकित्सा प्रबंधन और जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# डिजिटल इम्प्लांट कॉन्फ्रेंस में आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण एवं हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) बरेली शाखा और इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस) बरेली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय डिजिटल इम्प्लांट कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिवस पर डिजिटल इम्प्लांट तकनीकों एवं आधुनिक दंत चिकित्सा पर प्रशिक्षण और हैंड्स-ऑन वर्कशॉप आयोजित की गई।

मुख्य वक्ता डॉ. नवनीत कुमार ने डिजिटली गाइडेड इम्प्लांट सर्जरी, इम्प्लांट प्लानिंग और क्लिनिकल एक्सीलेंस पर व्याख्यान देते हुए लाइव डेमो प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. अपर्णा सिंह ने प्रतिभागियों को इंट्राओरल स्कैनर, डिजिटल डेंटिस्ट्री और आधुनिक उपचार पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में आईडीएस के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक, विभागाध्यक्ष डॉ. चंदना नायर, आईडीए बरेली के अध्यक्ष डॉ. राहुल वोहरा, सचिव डॉ. अवधेश गंगवार सहित अनेक वरिष्ठ दंत चिकित्सक मौजूद रहे।

आयोजकों के अनुसार दूसरे दिन डिजिटल गाइडेड तकनीक से लाइव इम्प्लांट सर्जरी एवं इमीडिएट टीथ लोडिंग का प्रदर्शन किया जाएगा। सम्मेलन में विभिन्न शहरों से आए दंत चिकित्सकों, पीजी छात्रों और डेंटल विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# किला थाने से चंद कदम दूर दिनदहाड़े जुआ, स्थानीय लोगों में बढ़ी चिंता



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** थाना किला क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी के बावजूद खुलेआम जुआ खेले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मूंगफली मंडी में दिन के समय नियमित रूप से जुआ संचालित होता है। बताया जा रहा है कि यह स्थान किला थाने से करीब 100 मीटर और किला चौकी से लगभग चंद कदम की दूरी पर स्थित है। क्षेत्रवासियों और दुकानदारों का कहना है कि यहां हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग जुआ खेलने के लिए जुटते हैं।

दिनभर लगने वाली इस महफिल के कारण आसपास के व्यापारियों और परिवारों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोगों का आरोप है कि कई बार पुलिस को इसकी सूचना दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही जुआरी मौके से फरार हो जाते हैं। इसके बाद कुछ समय के लिए गतिविधियां शांत रहती हैं, लेकिन जल्द ही फिर से जुआ शुरू हो जाता है। स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो किसी दिन विवाद या मारपीट जैसी बड़ी घटना हो सकती है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# पत्रकारिता दिवस पर सैंथल के उभरते सितारे ने पत्रकारों का किया सम्मान




-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** पत्रकारिता दिवस के पर क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक लोगों ने प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को सम्मानित किया। सम्मान पाकर पत्रकारों ने उनका आभार व्यक्त किया।

नगर पंचायत सैंथल के उभरते युवा सितारे और समाजसेवा के साथ ही धार्मिक कार्यों में बढ़चढकर अपनी भागीदारी निभाने वाले शैज रज़ा जैदी ने पत्रकारों को शाल ओढाकर और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्हें महानगर में डिनर कराया। श्री ज़ैदी द्वारा पत्रकारों को सम्मानित किए जाने पर पत्रकारों ने उनकी खूब तारीफ की।

समाजसेवी शैज रज़ा जैदी मरहूम मो0 यासीन ज़ैदी के पुत्र हैं, वह तहसील नवाबगंज में डब्लू वी एन रह चुके थे और बरेली में प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवा निवृत हुए थे, दो साल पहले उनका निधन हो गया था।

अपने मरहूम पिता के बताए रास्ते पर चलते हुए वह समाजसेवा में लगे हैं। उनके इस तरह समाजसेवा में बढ़चढकर हिस्सेदारी करने को लेकर सैंथल कस्बे में तरह तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं।

इसके साथ ही समाजवादी पार्टी ने भी पत्रकारिता दिवस पर क्षेत्र के प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, , पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, वार एसोशिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नवाब अहमद, पति छेदा लाल दिवाकर, नीलम गंगवार, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष ओमेंद्र गंगवार अकबर जहीर आदि ने पत्रकारिता दिवस पर सभी को बधाई दी।

# रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ का रक्तदान शिविर बना सेवा और समर्पण का महापर्व, 105 यूनिट रक्तदान किया




-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ द्वारा आईएमए ब्लड बैंक में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर मानव सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनकल्याण का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। शिविर में 105 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो क्लब की सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण का परिचायक है।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार तथा कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत क्लब अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल एवं सचिव संजय गर्ग ने पटका, मोती माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, सर्जरी तथा प्रसव जैसी परिस्थितियों में रक्तदान अनेक लोगों के जीवन की रक्षा करता है।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदाता वास्तव में समाज के सच्चे नायक हैं। वे बिना किसी स्वार्थ के मानवता की सेवा करते हुए दूसरों को जीवनदान देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अधिकाधिक रक्तदान करने की अपील की।

क्लब सचिव संजय गर्ग ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है।

कार्यक्रम में राकेश धीरवानी, शिशिर पांडे, दिनेश प्रधान, रोहित जिंदल, अचल कुमार एवं वीरेश मित्तलख क्लब अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल, सचिव संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष सुजीत जायसवाल एवं कम्युनिटी सर्विस डायरेक्टर राजीव बूबना, डॉ. एस.के. भारद्वाज, डॉ. अमित अग्रवाल, रमेश वाष्णेय, संदीप मेहरा, शरद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रोशन अग्रवाल, शिभित अग्रवाल, उमेश तलवार, पंकज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अनुपम कपूर, संजय आनंद, अंकुर अग्रवाल, पंकज जैन, मुकेश जैन, शरद गर्ग, नीरज अग्रवाल, योगेन्द्र गोयल, अंकुर बंसल, विकास गर्ग, चरण कमल सिंह, डॉ. अनमोल अग्रवाल, अमरजीत सिंह, गौरव गर्ग, रवि प्रकाश अग्रवाल, मनोज सेठी, विभोर भरतिया, अपूर्व गुप्ता, मनोज खंडेलवाल एवं डॉ. सुनील कुमार सहित अनेक रोटेरियन एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# गृह विज्ञान विभाग द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन




-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** गृह विज्ञान विभाग द्वारा संघटक राजकीय महाविद्यालय भदपुरा, नवाबगंज परिसर में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा भारतीय हस्तशिल्प कला के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर समरीन फातिमा (सहायक आचार्य, गृह विज्ञान, संघटक राजकीय महाविद्यालय रिछा ) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा निर्मित विभिन्न हस्तशिल्प वस्तुएँ जैसे वॉल हैंगिंग, फ्लावर अरेंजमेंट, री यूसेबिल रंगीली, कढ़ाई कार्य, क्रोशिया कला, सजावटी वस्तुएँ, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) से तैयार उत्पाद तथा घरेलू उपयोग की कलात्मक सामग्री प्रदर्शित की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं की सृजनात्मकता और मेहनत की सराहना की। अतिथि डॉक्टर समरीन फातिमा ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं को अपनी कला एवं कौशल का प्रदर्शन करने के साथ-साथ स्वरोजगार और उद्यमिता की संभावनाओं को समझने का अवसर भी प्राप्त होता है ।

गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्रगति सक्सेना ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास तथा व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए।

# फरीदपुर में फिर फन उठाने लगा आईपीएल और ऑनलाइन सट्टे का अवैध कारोबार

## सट्टेबाजी के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों ने करोड़ों की सम्पत्ति इकट्ठी की

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** आईपीएल और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कुछ माह पूर्व हुई पुलिस कार्रवाई के बाद फरीदपुर में अवैध सट्टा कारोबार पर शिकंजा कसने की उम्मीद जगी थी, लेकिन शुरुआती तेजी के बाद जांच की रफ्तार धीमी पड़ने से अब एक बार फिर क्षेत्र में सट्टेबाजी का बाजार गर्म होने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर लंबे समय से जड़ें जमा चुके इस कारोबार के बड़े चेहरों तक पुलिस कब पहुंचेगी।

सूत्रों के अनुसार, ओमेंद्र की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कथित रूप से फरीदपुर में ऑनलाइन सट्टे से जुड़े कई संदिग्ध सरगनाओं और उनके करीबी सहयोगियों की पहचान कर ली थी। शुरुआती दौर में पूछताछ, निगरानी और आर्थिक गतिविधियों की पड़ताल को लेकर तेजी दिखाई दी, जिससे लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही बड़े नेटवर्क का खुलासा होगा। हालांकि समय बीतने के साथ कार्रवाई की गति धीमी पड़ती दिखाई दी और मामला धीरे-धीरे ठंडा पड़ गया।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कार्रवाई के दौरान कई कथित सट्टेबाज भूमिगत हो गए थे और कुछ समय तक उनकी गतिविधियां बंद जैसी दिखीं, लेकिन अब फिर से क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा खिलाने और मैचों पर दांव लगवाने की गतिविधियां शुरू होने की बातें सामने आने लगी हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नगर में चर्चा का विषय यह भी बना हुआ है कि जिन कुछ युवकों के नाम सट्टेबाजी से जोड़कर लिए जाते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति बीते लगभग दस वर्षों में तेजी से बदली है। लोगों का दावा है कि बिना किसी स्पष्ट व्यवसाय या बड़े रोजगार के उनकी संपत्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति खड़ी हो गई। अब लोगों की निगाहें पुलिस और जांच एजेंसियों की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। सवाल यह है कि क्या लंबे समय से चल रहे कथित सट्टा कारोबार के सरगनाओं तक कानून का हाथ पहुंचेगा या फिर यह मामला भी समय के साथ फाइलों में दबकर रह जाएगा।

13 मई को सट्टे के मास्टरमाइंड ओमेंद्र को पुलिस ने फरीदपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर भेजा था जेल। तीन साथी मौके का फायदा उठाकर हो गए थे फरार।

आईपीएल के चौको छक्को के बीच फरीदपुर में रात के अंधेरे में ऑनलाइन सट्टेबाजी का बड़ा खेल चल रहा था फरीदपुर रोडवेज बस स्टैंड के पास हर जीत पर लाखों की बाजियां लग रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दविश दी तो मौके पर भगदड़ मच गई थी। तीन सटोरिए अंधेरे का फायदा उठाकर खराब हो गए थे जबकि एक युवक पुलिस की गिरफ्त मैं आ गया था। पकड़ा गया आरोपी नगर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी 32 वर्षीय ओमेंद्र पुत्र देव सिंह निकाला। तलाशी में उसके पास से 10000 नकद, आईफोन, नेपाली सिम, 6 एटीएम कार्ड, 5 पासबुक, तीन चेक बुक, दो आधार कार्ड और दो फर्जी पैन कार्ड बरामद हुए थे। बरामदगी देख पुलिस भी हैरान रह गई थी। जानकारी में आया है सट्टे का मास्टरमाइंड ओमेंद्र ने इस कारोबार से बहुत बड़ी संपत्ति का साम्राज्य बना लिया है। पुलिस अब इसके फैले हुए साम्राज्य और इसके साथीयों को तलाशने में जुटी हुई है। वही फरीदपुर के रहने वाले संदीप नाम के व्यक्ति का भी सट्टे के कारोबार में शामिल होने की भी चर्चा है पुलिस उसकी भी जांच करने में जुटी है।

# संक्षिप्त समाचार

## जेठ पूर्णिमा पर भक्तों ने रामगंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के गांव में स्थित नगरिया कला घाट पर जेठ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब गंगा में स्नान करने के लिए उमर पड़ा फतेहगंज के अलावा समस्त क्षेत्र के लोगों ने जेठ पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी लगाकर अपने को धन्य किया इस अवसर पर सुबह 5:00 बजे से ही छोटे-छोटे दुकानदारों ने अपनी दुकान राम गंगा के घाट पर लगायी। श्रद्धालुओं ने राम गंगा के घाट पर स्नान करने के बाद सत्यनारायण कथा एवं कन्या भोज का आयोजन किया वहीं आने जाने वाले लोगों के लिए कई जगह पर शरबत एवं शीतल जल के प्याऊ भी लगाए गए। क्षेत्र में नगरीय घाट के अलावा कादरगंज, पढ़ेरा, खनपुरा, बेला दाणी आदि रामगंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर थाना पुलिस फतेहगंज पूर्वी के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह मय फोर्स के सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

## घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, दुराचार की कोशिश

**नवाबगज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक ग्राम की एक किशोरी ने गांव के ही युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, 22 मई को किशोरी घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता मजदूरी के सिलसिले में बाहर गए हए थे, जबकि उसकी बड़ी बहन किसी काम से गांव से बाहर गई थी। आरोप है कि दोपहर करीब के समय गांव का एक युवक लखन देव घर में घुस आया और सो रही किशोरी के साथ अशोभनीय हरकत करते हए उसके कपड़े खींचने का प्रयास किया। पीडिता का कहना है कि शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया। घर लौटने पर उसने इसकी जानकारी अपनी बड़ी बहन को दी, इसके बाद आरोपी पक्ष से शिकायत करने पर आरोपी की मां और मौसी ने अभद्र व्यवहार करते हए धमकी दी।

प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव के आदेश पर पलिस ने आरोपी लखन देव समेत अन्य नामजद लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भागवत कथा विश्राम के बाद हुई पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन

**फतेहगंज पूर्वी।** नगर के साहूकारा में स्थित राधा रमण खाटू श्याम जी मंदिर में पिछले 24 तारीख से चल रही सात दिवसीय भागवत कथा का शनिवार देररात्रि में विश्राम किया गया जिसमे भक्तों ने बहुत बड़ी संख्या में फूलों की होली खेल कर कथा स्थल पर एक दूसरे को भागवत कथा समापन की बधाई दी वहीं रविवार को सुबह 8:00 बजे अमित मोहन व्यास जी द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें भागवत कथा की समाप्ति पर पूर्ण आहुति दी गई यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर के अलावा क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने श्रीमद् भागवत कथा का प्रसाद ग्रहण किया पिछले 7 दिनों से नगर में भागवत कथा की भक्ति की रसधारा वह रही थी जिसमें क्षेत्र के अलावा बहुत-बहुत दूर से आकर लोग श्री भागवत कथा का श्रवण कर रहे थे भंडारे में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया मुख्य रूप से आयोजन करता विश्व मोहन अग्रवाल सुरेश चंद्र अग्रवाल विशाल अग्रवाल गोविंद गुप्ता बबलू गोयल के अलावा विनय अग्रवाल पत्रकार का विशेष सहयोग रहा भंडारे के बाद सभी लोगों को प्रसाद देकर विदा किया गया अवसर पर भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने वालों की भारी भीड़ उमड़ी।

## उर्स-ए-अन्नी मियाँ के कुल में मुल्क व आवाम की खुशहाली,तरक्की के लिये खुसूसी दुआ

**बरेली।** बिहारीपुर मेमरान राजो के तकिये स्थित हजरत अन्नी शाह मियाँ रहमतुल्लाह अलेह का चार रोजा उर्स मुबारक कुल शरीफ की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ। मजार प्रबंधक आसिफ साबरी ने बताया कि आज सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदायगी के बाद उर्स का समापन हुआ। रोमान अंसारी ने कहा कि हजरत अन्नी मियाँ रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह 200 वर्ष पुरानी है हर साल की तरह इस साल भी अदब ओ एतराम के साथ उर्स मनाया गया। दरगाह पर अकीदतमंदों ने गुलपोशी और चादरपोशी कर मन्नते मुरादे माँगी। महफिल समां में खानकारों ने बुजुर्गो की शान में कमाल पेश किये। रंग शरीफ की महफिल के बाद कुल शरीफ हुआ खुसूसी दुआ में मुल्क व आवाम की खुशहाली, तरक्की, भाईचारे अमनो अमान, बीमारों के लिये शिफा की दुआ की गई। इसी कड़ी में बिहारीपुर चौकी इंचार्ज रोहित कुमार और सहयोगियों का व्यवस्था के लिये फूलों के हार पहनाकर और दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया गया। आखिर में हाजरिने महफिल को तबर्रुक बाँटा गया। इस मौके पर प्रबंधक आसिफ साबरी, रोमान अंसारी, मुजफ्फर पप्पी, उवैस साबिर, हाजी फहीम साबिर, असल, सुहेल, सगी, निज़ाम, रिजवान साबरी नन्ना मियाँ आदि सहित बड़ी तादाद में अकीदतमंद शामिल रहे। समाजसेवी पम्मी खां वारसी ने सभी अकीदतमंदों को उर्स की मुबारकबाद पेश की।



# रामगंगा नदी में डूबे दो दोस्त, शव बरामद





- समोसा खाने की बात कहकर घर से निकले थे
- रूपापुर चीनी मिल में अधिकारी हैं दोनों के पिता

स्वतंत्र भारत

**पाली/हरदोई।** घर से चीनी मिल की कैंटीन में समोसा खाने की बात कहकर निकले तीन दोस्तों में से दो की रामगंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रात में रेस्क्यू टीम के पहुंचने के बावजूद अंधेरा होने के कारण तलाश अभियान शुरू नहीं हो सका। रविवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान दोनों किशोरों के शव बरामद कर लिए गए।

जानकारी के अनुसार, रुपापुर चीनी मिल के केन विभाग में तैनात सीडीओ दिवाकर विक्रम का पुत्र उत्कर्ष (18) तथा अकाउंट विभाग में कार्यरत अमन श्रीवास्तव का पुत्र सर्वज्ञ (16) अपने मित्र काव्य (15) पुत्र रमाशंकर के साथ शनिवार शाम करीब पांच बजे स्कूटी से घर से निकले थे। परिजनों को उन्होंने बताया था कि वे कैंटीन में समोसा खाने जा रहे हैं, लेकिन तीनों दोस्त शाहजहांपुर-फर्रुखाबाद सीमा पर स्थित रामगंगा नदी पहुंच गए।

बताया जाता है कि हुल्लापुर-फर्रुखाबाद मार्ग स्थित रामगंगा पुल के पास नहाते समय सर्वज्ञ गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में उत्कर्ष भी नदी में उतर गया, लेकिन दोनों नदी की गहराई और तेज धार की चपेट में आ गए। उनके साथ मौजूद काव्य ने उत्कर्ष के मोबाइल से परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया, लेकिन फोन लॉक होने के कारण संपर्क नहीं हो सका। बाद में उसने कुछ दूरी पर खेत में मौजूद एक व्यक्ति के मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही चीनी मिल के महाप्रबंधक संजीव तोमर समेत परिजन मौके पर पहुंच गए। सीमा विवाद के कारण काफी देर तक प्रशासनिक मदद नहीं मिल सकी। फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर जिलों के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रही। बाद में शाहजहांपुर के उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप पर बरेली से पीएसी की फ्लड रेस्क्यू टीम रात करीब 12 बजे मौके पर पहुंची, लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण सर्च अभियान शुरू नहीं किया गया।

रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जिसके दौरान उत्कर्ष और सर्वज्ञ के शव नदी से उतराते हुए बरामद कर लिए गए। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार उत्कर्ष ने हाल ही में रियान इंटरनेशनल स्कूल शाहजहांपुर से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और वह राजस्थान के कोटा में कोचिंग के लिए जाने की तैयारी कर रहा था। वहीं सर्वज्ञ रियान इंटरनेशनल स्कूल शाहजहांपुर में कक्षा 11 का छात्र था और अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, काव्य भी इसी स्कूल में कक्षा 10 का छात्र है। घटना से दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

## लकड़ी के ढेर से कार टकराने पर विवाद मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज

**माधोगंज (स्वतंत्र भारत)।** सड़क किनारे रखी लकड़ियों के ढेर से कार टकराने के बाद हुए विवाद में कार सवार लोगों के साथ मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सेवढ़ई निवासी ओमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय नंदराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 13 मई को उनका पुत्र दीपक, दिलीप तथा साला रामलड़ेते कार से संडीला जा रहे थे। आरोप है कि नंदापुरवा तिराहे के पास अचानक सड़क पर एक बकरा आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार सड़क किनारे रखी लकड़ियों के ढेर से टकरा गई, जिससे विवाद उत्पन्न हो गया। पीड़ित के अनुसार, इसी बात को लेकर नंदापुरवा निवासी लक्ष्मण, नरेश, पप्पू उर्फ शिवबालक तथा पंकज ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने दीपक और रामलड़ेते के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपितों ने कार में भी तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते समय आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मो. तालिब बने सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** समाजवादी अधिवक्ता सभा उत्तर प्रदेश ने संगठन का विस्तार करते हुए हरदोई के अधिवक्ता मो. तालिब को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। यह मनोनयन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव एडवोकेट द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार मो. तालिब, पुत्र वसीम इल्तिफात, कस्बा सण्डीला के मोहल्ला मलकाना के निवासी हैं। सिकंदर यादव अवध बार एसोसिएशन, हाईकोर्ट लखनऊ के पूर्व संयुक्त मंत्री भी रह चुके हैं।



मनोनयन पत्र की प्रतिलिपि राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निजी सचिव तथा जिलाध्यक्ष हरदोई को प्रेषित की गई है। पत्र पर प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने 'क्रांतिकारी अभिवादन' के साथ हस्ताक्षर किए हैं। नवनियुक्त प्रदेश सचिव मो. तालिब ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति से जिले के अधिवक्ताओं और समाजवादी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

## गंगा नहाने गये दो मासूम छात्रों की डूबने से मौत

**हरदोई।** अरवल थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम निकामदपुर मे गंगा नदी मे नहाने गये दो मासूम छात्रो की डूबने से मौत हो गयी। गोताखोरो ने लगभग चार घंटे के अथक प्रयास के बाद दोनो बच्चो के शव नदी से बरामद कर लिए है। पुलिस ने दोनो बच्चो के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार किशन (10) पुत्र बृजपाल तथा ध्रुव (9) पुत्र रामशंकर निवासी निकामदपुर थाना अरवल प्राथमिक विद्यालय जीवनपुरवा मे क्रमशः कक्षा पांच तथा चार के छात्र है। शनिवार के दिन गांव के किनारे निकली गंगा नदी के पास भैंस चराने गये थे । गर्मी होने के चलते दोनो बच्चे नदी मे नहाने चले गये । नहाते समय अचानक ध्रुव गहरे पानी मे चला गया तथा डूबने लगा। ध्रुव को डूबता देखकर किशन उसे बचाने का प्रयास करने लगा, तभी वह भी नदी की तेज धारा मे बह गया। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार पटेल एवं थानाध्यक्ष अनिल सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये, जिन्होने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुये हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया । गोताखोरो ने नदी मे जाल डालकर शवो की तलाश शुरू कर दी। चार घंटे के अथक प्रयास के बाद दोनो बच्चो के शवो को नदी से बाहर निकाला जा सका।



# हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल पंप का शुभारंभ

स्वतंत्र भारत

**भरखनी।** सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के रूपापुर गांव में मंगलवार को नवनिर्मित हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल पंप का उद्घाटन सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, व्यापारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पेट्रोल पंप स्वामी हरनाम अग्निहोत्री ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत किया। अतिथियों ने पेट्रोल पंप की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। रूपापुर में हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल पंप शुरू होने से आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को अब ईंधन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।



# घर में अकेले रह रहे बुजुर्ग किसान की करंट से मौत

- बोर्ड ठीक करते समय हुआ हादसा

**भरखनी।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचदेवरा में बुधवार रात बिजली का बोर्ड ठीक करते समय करंट लगने से 71 वर्षीय किसान रामनाथ की मौत हो गई। वह घर में अकेले रहते थे। गुरुवार सुबह छोटे भाई ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी गई।

मृतक रामनाथ पुत्र श्रीधर खेती करते थे। पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था। दोनों पुत्र अरुण व वरुण दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। रामनाथ आठ भाइयों में सबसे बड़े थे और गांव में सम्मानित व्यक्ति माने जाते थे।

गुरुवार सुबह काफी देर तक बाहर न निकलने पर छोटे भाई कुन्ने ने दरवाजा खटखटाया। जवाब न मिलने पर दूसरे दरवाजे से अंदर पहुंचे तो रामनाथ जमीन पर मृत पड़े थे। पास में बिजली का तार व बोर्ड पड़ा था। सूचना पर पचदेवरा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना पर दोनों पुत्र दिल्ली से गांव के लिए रवाना हो गए।

## राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के नए पदाधिकारियों की हुई घोषणा

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संगठन विस्तार अभियान को गति देते हुए जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमित त्रिवेदी द्वारा जिले की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष अमित चंचल त्रिवेदी ने प्रखर मिश्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुनीत मिश्रा पी के को जिला उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा को कोषाध्यक्ष, दिशांत अवस्थी को जिला महासचिव, ऋषि मिश्रा को जिला महा मंत्री तथा अमर पांडेय को जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी। इसके साथ ही कृष्ण पाल अवस्थी को जिला मीडिया प्रभारी, अमित कुमार सिंह को जिला प्रवक्ता तथा आलोक मिश्रा एवं दुर्गेश मिश्रा को जिला मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। वहीं अभिषेक बाजपेई को जिला सचिव की जिम्मेदारी भी प्रदान की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित चंचल त्रिवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा तेजी से जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है और आने वाले समय में संगठन जिले के हर गांव और वार्ड तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा ।



## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** टड़ियावां थाना क्षेत्र के ग्राम शिवलालपुरवा मजरा काकूमऊ में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मई 2026 को दोपहर करीब तीन बजे उसके जेठ का पुत्र अखिलेश घर से निकला था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही विजय पाल, बृजेश, अमित समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों के साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। हमले में घायल युवक को यूपी-112 पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार कराया गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक घनश्याम को सौंपी गई है।



## अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत

- कांग्रेसियों ने मनाई होल्कर जयंती

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज कांग्रेस कार्यालय पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेसजनों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया तथा उनके विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम दीक्षित के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं जिन्होंने जनकल्याण, न्याय, महिला सशक्तिकरण और धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किए। उनका जीवन सेवा, समर्पण और सुशासन का आदर्श उदाहरण है, जिससे आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। ' पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि 'अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने धर्म, संस्कृति और लोककल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।' *पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया और समाज के लिए अनेक विकास कार्य किए। उनका जीवन संघर्ष, सेवा और संवेदनशील प्रशासन की मिसाल है। ' कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष उमा राजवंशी, ओम प्रताप सिंह वर्मा, विनोद यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजीत विशाल नंदवंशी, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष तुषार दीक्षित, शहर मंडल अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह वर्मा, शहर महासचिव इस्लाम गाजी, संध्या वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, मोरध्वज वर्मा, शहर कंट्रोल रूम इंचार्ज ममता पाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।




## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

- शहर के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी यात्रा
- जय घोषों से गूंजा वातावरण

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** लोकमाता मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर जी की 301वीं जयंती के अवसर पर 31 मई 2026 को धनगर समाज उत्थान समिति, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा एवं विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धनगर समाज के हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ महीनकुंड एवं गिरधारीपुरवा के मध्य स्थित पुलिया से हुआ। यात्रा कालाआम, शिवलाल पुरवा, भुड़वा, मरसा, गुलसंदा, रामुआपुर, नौरंगपुर तथा बाउठा होते हुए सिहौना पहुंची। पूरे मार्ग में समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया तथा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान रहा।

सिहौना में आयोजित भव्य सभा एवं मंचीय कार्यक्रम में समाज के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमित धनगर ने किया, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी राम किशोर धनगर (पप्पू) द्वारा निभाई गई।

# टोडरपुर क्षेत्र में फिर हुआ हरे पेड़ों का कटान

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।।** टोडरपुर विकास खंड क्षेत्र में जहां प्रतिबंधित और फलदार हरे पेड़ों पर ठेकेदार द्वारा बेखौफ होकर धड़ल्ले से आरा चलवाकर उन्हें धराशायी कर दिया गया। इस अवैध कटान से जहां पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है, वहीं स्थानीय ग्रामीणों में इस अंधाध गुंध कटान को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में खड़े कई हरे-भरे और छायादार वृक्षों को कटवा दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लकड़कट्टों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो शासन की गाइडलाइंस का डर है और न ही प्रशासन का कोई खौफ है। दिनदहाड़े चली इस आरी के कारण क्षेत्र का हरित आवरण लगातार सिकुड़ता जा रहा है, जिससे एक तरफ सरकार का पर्यावरण संरक्षण का सपना दम तोड़ रहा है, तो दूसरी तरफ चंद रुपयों के लालच में पर्यावरण के इन रक्षकों को बेरहमी से काटा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि मुख्य मार्ग और रिहायशी इलाकों के नजदीक होने के बावजूद इस बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध कटान को रोकने के लिए कोई आगे नहीं आया, जिससे ठेकेदार और माफियाओं के हौसले और बुलंद हैं। इस मामले को लेकर जागरूक नागरिकों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले ठेकेदार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर ऐसे ही हरे पेड़ों पर आरा चलता रहा, तो आने वाले समय में क्षेत्र में पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाएगा और आम जनता को भीषण गर्मी व प्रदूषण का सामना करना पड़ेगा।

## फसल की रखवाली कर रहे किसान से की मारपीट

**शाहाबाद।** कोतवाली के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा में खेत में फसल बचा रहे भाई को मारपीट कर घायल करने के मामले में पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जंच शुरू की है। पीड़ित राकेश कुमार पुत्र शिवलाल के अनुसार वह 28 मई को दोपहर में 3 बजे खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। उसके भाई राजेश कुमार ने अपनी पत्नी और पुत्र अंकुल के साथ पुरानी किसी बात पर गाली गलौज किया गाली देने से मना करने पर उसे लात घूंसो से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## जनरल स्टोर संचालक के पुत्र का डिप्टी मैनेजर फिशरीज पद पर हुआ चयन

**हरदोई।।बघौली** कस्बे के निवासी अज़ीज़ अहमद के पुत्र मोहम्मद वकील ने जिनका चयन मत्स्य विभाग में डिप्टी मैनेजर पद पर हुआ है, जो बघौली क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इनके पिता का जीवन बहुत ही संघर्ष शील रहा है, जीवन में बहुत ही जद्दोजहद करते हुए यहां इस मुकाम तक पहुंचे है, खुद मोहम्मद वकील ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के लिए तीन चार हज़ार की नौकरी कर आगे की तैयारी करते रहे। और उनकी मेहनत और माँ बाप की दुआएं रंग लाई। और झांसी मंडल के यूपी एग्रीकल्चर परियोजना के अंतर्गत डिप्टी मैनेजर फिशरीज (उप प्रबंधक - मत्स्य) पर उनका चयन हो गया। बघौली जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकल कर मंडल स्तरीय शासकीय कार्यालय में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ओहदे को संभालना पूरे क्षेत्र के लिए बहुत ही फख्र की बात है। कहते हैं मेहनतकश बच्चों के आगे किसी तरीके की बाधाएं भी अड़चन नहीं बन सकती, वह उस मुकाम को हासिल कर लेते हैं, जिससे उनके परिवार और क्षेत्र के लिए बड़े ही फख्र की बात होती है। जो आने वाली न्यू जनरेशन के लिए एक मिसाल बन उनको आगे बढ़ने की नई प्रेरणा देती है।

## रोडवेज महिला परिचालकों ने अधिकारियों पर उठाए गंभीर सवाल

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की महिला परिचालकों ने हरदोई डिपो की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। परिवहन अधिकारी को भेजी गई एक गुमनाम शिकायत में महिला परिचालकों ने आरोप लगाया है कि ड्यूटी आवंटन में पारदर्शिता नहीं है और उन्हें लगातार उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। महिला परिचालकों का कहना है कि ड्यूटी पाने के लिए उन्हें कई दिनों तक चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी सुनवाई नहीं होती। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ड्यूटी लगाने के नाम पर हर महीने नगद वसूली की जाती है और यूनियन नेताओं के करीबी लोगों को लगातार प्राथमिकता दी जाती है। महिला कर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ यूनियन नेता वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं और उनके प्रभाव में ही ड्यूटी का आवंटन किया जाता है। शिकायत पत्र में जातिगत भेदभाव और मानसिक उत्पीड़न के आरोप भी लगाए गए हैं। आरोप है कि कई बार किसी परिचालक के नाम अलॉट की गई गाड़ी पर पैसे लेकर दूसरे व्यक्ति को भेज दिया जाता है।

वहीं ड्यूटी मांगने पर महिला परिचालकों को कई दिनों तक टालमटोल का सामना करना पड़ता है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि टाइमकीपर अपने चहेते कर्मचारियों को प्रतिदिन ड्यूटी देते हैं, जबकि अन्य कर्मचारियों को नजरअंदाज किया जाता है। महिला परिचालकों ने परिवहन अधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, ड्यूटी आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने तथा सभी कर्मचारियों को समान अवसर प्रदान करने की मांग की है।

# काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



**हरदोई।आज** केनाल कालोनी स्थित मनोज मानव जी के आवास पर काव्यगोष्ठी का आयोजन रामदेव बाजपेयी की अध्यक्षता एवं राजेश बाबू अवस्थी के कुशल संचालन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ ग़ज़लकार अनमोल शुक्ल अनमोल के अतिरिक्त कवि मनीष मिश्र, अनिल अनिकेत, हर्षित श्रीवास्तव, पंकज त्रिपाठी, अजीत शुक्ल ,अमरेंद्र अवस्थी, गगन तिवारी गगनांचल ,गीतेश दीक्षित,रामकिशोर मस्ताना व संयोजक मनोज मानव जी सहित सभी ने अपनी कविताओं व ग़ज़लों के माध्यम से काव्य की अनुपम रसधार बिखेरी।

# होर्मुज में अमेरिकी नाकेबंदी बरकरार

## ईरान से सीजफायर पर भी सस्पेंस | वैश्विक बाजार में बढ़ा तनाव

**एएनआई, सिंगापुर।** अमेरिका और ईरान के बीच का सैन्य तनाव फिलहाल कम नहीं हो रहा है। सिंगापुर के सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी पूरी तरह लागू है। यह बयान तब आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ 60 दिनों के युद्धविराम पर विचार कर रहे हैं। इस नाकेबंदी से दुनिया के इस सबसे जरूरी तेल रास्ते में जहाजों की आवाजाही ठप है। अमेरिकी कार्रवाई के कारण अप्रैल के मध्य से अब तक 100 से अधिक व्यापारिक जहाजों को वापस भेजा गया है।



**युद्ध के लिए तैयार अमेरिका : पीट हेगसेथ**

अमेरिकी युद्ध सचिव ने अंतरराष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक के बाद कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका दोबारा युद्ध शुरू कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हथियारों का भंडार इस काम के लिए पूरी तरह तैयार है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने भी सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की है। सेना ने कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी बल पूरी तरह मुस्तैद हैं। दूसरी तरफ ईरान भी झुकने को तैयार नहीं है।

ईरानी सेना ने शनिवार को एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। वहीं, होर्मुज के बंद होने से वैश्विक बाजार में लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है।

**क्या है सीजफायर समझौते की शर्तें और विवाद?**

पाकिस्तानी मध्यस्थों की मदद से एक अस्थायी समझौता तैयार किया गया है। इसका मकसद दोनों देशों के बीच लड़ाई को रोकना है। राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में दो घंटे बैठक की। हालांकि अभी तक इस समझौते पर अंतिम मुहर नहीं लगी है। इस समझौते को लेकर दोनों पक्षों के बीच मुख्य विवाद इस प्रकार हैं - परमाणु प्रतिबंध : अमेरिका की शर्त है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ईरान इसे अपनी संप्रभुता के खिलाफ मान रहा है। मुक्त व्यापार : ट्रंप चाहते हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह टोल-फ्री हो। ईरान का कहना है कि वे नाकेबंदी हटने के बाद ही जहाजों को रास्ता देंगे। समुद्री बारूदी सुरंगें : समझौते के तहत ईरान को 30 दिनों में समुद्री सुरंगें हटानी होंगी। अमेरिका ने पहले ही कई सुरंगों को नष्ट करने का दावा किया है।

### लेबनान संकट से उलझा कूटनीतिक गणित

इस पूरे विवाद में लेबनान का मोर्चा सबसे बड़ा रोड़ा बन गया है। ईरान का कहना है कि जब तक लेबनान संकट नहीं सुझलगा, तब तक अमेरिका से कोई समझौता नहीं होगा। इस बीच इस्राइली सेना लेबनान के भीतर 30 किलोमीटर तक घुस चुकी है। वहां गांवों को खाली करने के आदेश जारी हैं। दोनों देशों के सैन्य प्रतिनिधि पेंटागन में सीधे बातचीत भी कर रहे हैं। कूटनीतिक बातचीत के बावजूद जमीन पर युद्ध का खतरा लगातार बना हुआ है।

## उपद्रवी यात्री के कारण फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**मैडिसन।** अमेरिका में शिकागो से मिनियापोलिस जा रही यूनाइटेड एयरलाइंस की एक उड़ान को उस समय आपात स्थिति में डायवर्ट करना पड़ा, जब विमान में एक यात्री ने हंगामा शुरू कर दिया। सुरक्षा को खतरा देखते हुए फ्लाइट को शुक्रवार रात विस्कॉन्सिन के मैडिसन शहर में उतारा गया। विमान में मौजूद कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उपद्रवी यात्री को काबू में कर लिया। इस घटना के बाद यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। यूनाइटेड एयरलाइंस की ओर से बताया गया कि फ्लाइट संख्या 2005 शिकागो से मिनियापोलिस जा रही थी। रास्ते में एक यात्री के व्यवहार को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंता पैदा हो गई। इसके बाद विमान को सुरक्षित तरीके से मैडिसन के डेन काउंटी रीजनल एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरलाइन के अनुसार विमान में मौजूद सुरक्षा अधिकारियों ने यात्री को तुरंत रोक लिया। बाद में डेन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अधिकारियों ने उसे विमान से नीचे उतार दिया। फिलहाल मामले की जांच संघीय एजेंसियां कर रही हैं।

## ईरान को मिल सकता है 29 लाख करोड़ का फंड

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-ईरान में प्रस्तावित 60 दिन के युद्धविराम समझौते के तहत ईरान को बड़े पुनर्निर्माण पैकेज की पेशकश की गई है। यदि दोनों देशों के बीच अंतिम समझौता होता है तो ईरान को 300 अरब डॉलर (करीब 29 लाख करोड़ रुपये) तक का पुनर्निर्माण कोष उपलब्ध कराया जा सकता है। अमेरिकी कंपनियों को ईरान में निवेश की अनुमति देने पर भी विचार चल रहा है। एक ईरानी अधिकारी ने इस प्रस्ताव को पुनर्निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा बताया है। उसने कहा, अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद ईरान को आर्थिक मदद का आश्वासन दिया जाएगा। माना जा रहा है कि लंबे संघर्ष के बाद ईरानी अर्थव्यवस्था को मजबूत का यह पैकेज है।

■ **लेकिन एटमी प्रोग्राम पर पेच अब भी फंसा!**

हालांकि ईरान ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि फिलहाल परमाणु मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं चल रही है। उन्होंने संकेत दिया कि दोनों देशों के बीच वार्ता के बारे में कई दावे वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाते। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि दोनों देश एटमी कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों पर समझौते के करीब पहुंच गए हैं। प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा व उच्च संवर्धित यूरेनियम का निपटान करेगा।



**होर्मुज स्ट्रेट को एक महीने के भीतर बहाल करने का है प्रस्ताव**

मसौदे में पश्चिम एशिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को फिर से पूरी तरह खोलने का प्रस्ताव है। इसके तहत ईरान एक माह में समुद्री यातायात युद्ध से पहले के स्तर पर लाएगा। ईरान जलमार्ग में बिछाई गई समुद्री माइंस हटाएगा और जहाजों से किसी तरह का टोल नहीं वसूलेगा। बदले में अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाने व प्रतिबंधों में राहत देने पर विचार करेगा।

## होर्मुज पर स्थायी टोल का कतर ने किया विरोध

### कहा-बढ़ेगी महंगाई, अस्थायी शुल्क पर बातचीत को तैयार

**दोहा/सिंगापुर।** कतर ने साफ कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर स्थायी शुल्क या टोल लगाना उचित नहीं होगा, क्योंकि इसका सीधा असर दुनिया भर के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा और वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएंगी। हालांकि, कतर ने यह भी संकेत दिया है कि समुद्री सुरक्षा या बारूदी सुरंगों को हटाने जैसे विशेष और अस्थायी कार्यों के लिए सीमित अवधि के शुल्क पर बातचीत की जा सकती है। सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन शांगरी-ला डायलॉग के दौरान कतर के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मामलों के राज्य मंत्री शेख सऊद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने कहा कि खाड़ी देशों का मानना है कि किसी भी प्रकार का स्थायी शुल्क अंततः उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालेगा। इसलिए कतर और उसके सहयोगी देश ऐसे किसी भी लंबे समय तक चलने वाले शुल्क ढांचे का विरोध करते हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल और गैस का व्यापार होता है। इसी बीच ईरान और ओमान समुद्री यातायात को नियंत्रित करने के संभावित ढांचे पर बातचीत कर रहे हैं। तनाव तब और बढ़ गया जब ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र ने जलमार्ग में एक संदिग्ध तैरती हुई वस्तु मिलने की सूचना दी, जिसे नौसैनिक बारूदी सुरंग माना जा रहा है। अधिकारियों ने मछुआरों और जहाजों को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु की तुरंत सूचना देने की सलाह दी है।



## रिपोर्ट में दावा : ईरान ने चीनी मिसाइल का किया था इस्तेमाल

**वॉशिंगटन।** पिछले महीने दक्षिण-पश्चिमी ईरान के ऊपर मार गिराए गए अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल को चीन निर्मित मिसाइल से निशाना बनाया गया था। एनबीसी न्यूज ने सूत्रों के हवालों से बताया कि ये मिसाइलें कंधे से दागी जाती हैं। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि ईरान ने जिस मिसाइल से एफ-15 को गिराया, वह हाल ही में मिली थी या ईरान के पुराने जखीरे से थी।

अमेरिकी अधिकारी अप्रैल में हुई इस घटना की अभी भी जांच कर रहे हैं। दशकों में पहली बार किसी अमेरिकी लड़ाकू विमान को दुश्मन की गोलीबारी से मार गिराया गया। उस समय, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि विमान पर कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल से हमला किया गया। इन हथियारों को आमतौर पर मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम या मैनपैड्स के नाम से जाना जाता है। ये करीब सात फीट लंबे होते हैं और इनका वजन लगभग 40 पाउंड होता है। इनका इस्तेमाल अक्सर कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों को निशाना बनाने के लिए किया जाता है। ईरान के चीन में बने सैन्य उपकरणों के इस्तेमाल की खबरों ने अमेरिका-चीन संबंधों में एक नया आयाम जोड़ दिया है। ठीक ऐसे समय में, जब अमेरिका और ईरान के अधिकारी इस संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। एफ-15 में सवार दो क्रू सदस्यों ने ईरान के ऊपर खुद को सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया था। पेंटागन के अनुसार, पायलट को सात घंटे के अंदर बचा लिया गया, जबकि वेपन सिस्टम ऑफिसर को दो दिन बाद जाग्रोस पहाड़ों की तलहटी में छिपे रहने के बाद खोजकर बचाया गया।



**चीन ने किया था इनकार**

एफ-15 घटना से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा था कि चीन सैन्य उत्पादों के निर्यात के मामले में हमेशा सावधानी और जिम्मेदारी से काम करता है तथा निर्यात नियंत्रण पर चीन के कानूनों और नियमों तथा उचित अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुसार कड़ा नियंत्रण रखता है।

## ईरान युद्ध की आंच धीमी लेकिन अमेरिका में गहराई आर्थिक असमानता

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते तथा पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों ने वैश्विक वित्तीय बाजारों को राहत दी है। अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब पहुंच गया है, लेकिन अर्थव्यवस्था के कई प्रमुख संकेतक बताते हैं कि आम अमेरिकी परिवार अब भी बढ़ती ऊर्जा लागत, घटती वास्तविक आय और कम होती बचत की चुनौती से जूझ रहे हैं। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ईरान युद्ध का असर युद्ध की आंच धीमी होने पर भीअमेरिकी समाज में आर्थिक असमानता को और स्पष्ट कर रहा है।

युद्ध शुरू होने के बाद एसएंडपी 500 सूचकांक में 8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन मार्च के अंत से इसमें 19 प्रतिशत की तेजी आई। इससे बाजार ने शुरुआती क्षति की भरपाई की और इस वर्ष अब तक 10.7 प्रतिशत की बढ़त हासिल कर ली है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि शेयर बाजार में तेजी का लाभ मुख्य रूप से निवेशकों और संपत्ति धारकों को मिलता है, जबकि बड़ी आबादी पर महंगाई का दबाव बना रहता है। अमेरिकी ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक एनालिसिस के आंकड़ों के अनुसार मार्च में वास्तविक डिस्पोजेबल आय 0.2 प्रतिशत और अप्रैल में 0.5 प्रतिशत घटी। वास्तविक डिस्पोजेबल अय महंगाई का प्रभाव समायोजित करने के बाद लोगों के पास खर्च के लिए बचती है।

## एक नज़र

### अमेरिका : न्यू इंग्लैंड में उल्कापिंड के कारण सुनाई दिए धमाके

**डेलावेयर से मॉन्ट्रियल तक दिखे दृश्य**

**न्यू इंग्लैंड।** शनिवार दोपहर अमेरिका के न्यू इंग्लैंड इलाके में दो तेज धमाकों की आवाज से लोग सहम गए और मैसाचुसेट्स व रोड आइलैंड में इमारतें हिल गईं, जिसके बाद पुलिस एजेंसियां मामले की जांच में जुट गईं। अमेरिकन मीटियर सोसाइटी के अनुसार, यह धमाका करीब 3 फीट चौड़े एक उल्कापिंड (मीटियर) के वायुमंडल में प्रवेश करने के कारण हुआ था, जो बोस्टन के उत्तर में मैसाचुसेट्स और न्यू हैम्पशायर की सीमा के पास देखा गया। सोसाइटी के फायरबॉल प्रोग्राम मॉनिटर रॉबर्ट लंसफोर्ड ने बताया कि डेलावेयर से लेकर मॉन्ट्रियल तक दर्जनों लोगों ने इस धमाके को सुनने, जमीन हिलने या दिन के उजाले में टूटते तारे जैसी 'फायरबॉल' देखने की रिपोर्ट दी है। उन्होंने साफ किया कि हालांकि सटीक जानकारी के लिए और जांच की जरूरत है, लेकिन इस उल्कापिंड के जमीन पर गिरने की संभावना बेहद कम है; क्योंकि ज्यादातर उल्कापिंड जमीन तक पहुंचने से पहले ही जलकर नष्ट हो जाते हैं या फिर समुद्र में गिर जाते हैं।

### भारत के सहयोग से नेपाल के मनांग में बनेगा नया अस्पताल

**काठमांडो।** भारत और नेपाल ने संयुक्त रूप से नेपाल के सुदूर मनांग जिले में एक अस्पताल भवन की आधारशिला रखी है। काठमांडो स्थित भारतीय दूतावास के उप प्रमुख राकेश पांडे और नासोन ग्रामीण नगरपालिका के अध्यक्ष धन बहादुर गुरुंग ने बृहस्पतिवार को इसके निर्माण का शुभारंभ किया। यह अस्पताल हाई इम्पैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत 5.6 करोड़ नेपाली रुपये की भारतीय सहायता से बनाया जा रहा है। काठमांडो से लगभग 280 किलोमीटर दूर स्थित इस दुर्गम क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना इस अस्पताल का मुख्य उद्देश्य है।

### श्रीलंका : यौन शोषण के आरोप में शीर्ष बौद्ध भिक्षु निलंबित

**कोलंबो।** श्रीलंका के शक्तिशाली बौद्ध संगठनों ने भारी दबाव के बाद यौन शोषण के आरोपी वरिष्ठ भिक्षु पल्लेगामा हेमरत्न को उनके पद से निलंबित कर दिया है। 71 वर्षीय भिक्षु पर अनुराधापुरा स्थित मंदिर परिसर में 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप है। उन्हें 9 मई को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद 22 मई को उन्हें जमानत मिली। भिक्षु हेमरत्न अटमस्थान के प्रमुख थे, जिसमें श्री महाबोधि सहित आठ पवित्र बौद्ध स्थल शामिल हैं।

### ऑस्कर विजेता स्टार वॉर्स की संपादक मार्सिया का निधन

**कैलिफोर्निया।** हॉलीवुड और सिनेमा प्रेमियों के लिए स्टार वॉर्स जैसी कालजयी फिल्म को अपने संपादन से तराशने वाली ऑस्कर विजेता मार्सिया लुकास की 80 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई है। वे उन चंद प्रभावशाली महिला एडिटर्स में शुमार थीं, जिन्होंने न्यू हॉलीवुड के दौर में सिनेमा की परिभाषा बदली।

### लेबनान में घुसी इस्राइली सेना, 11 की मौत

**बेरूत।** लेबनान और इस्राइल के सैन्य अफसर जहां अमेरिकी रक्षा मुख्यालय (पेंटागन) में संघर्ष को लेकर सीधी बातचीत कर रहे थे, उसी दौरान इस्राइली सेना (आईडीएफ) दक्षिणी लेबनान के एक गांव में घुस गई और अंदर तक पहुंच गई। मरजायौन कस्बे के पास स्थित दिब्बीन गांव में इस्राइली सेना के प्रवेश के बाद यहां किए हमलों में छह लोग मारे गए। दीर कानून अल नहर और अब्बासियेह गांवों पर हुए हवाई हमले में पांच लोग मारे गए, जबकि एब्बा गांव में एक नगर पुलिसकर्मी मारा गया। इससे पहले लेबनान के छह सदस्यीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने इस्राइली सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। दशकों में दोनों देशों के बीच यह पहली सीधी सैन्य वार्ता थी।

### तुर्किये : मुख्य विपक्षी नेता को हटाने के विरोध में लोग सड़कों पर

**अंकारा।** तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी के नेता ओजगुर ओजेल को अदालत द्वारा पद से हटाए जाने के विरोध में शनिवार को हजारों समर्थकों ने अंकारा में मार्च निकाला। ओजेल को 21 मई को एक अदालती आदेश के जरिये पद से हटा दिया गया था, जिसे विपक्षी दल ने राजनीतिक साजिश करार दिया है। समर्थकों को संबोधित करते हुए 51 वर्षीय ओजेल ने इसे राष्ट्रपति रेसप तैयप एर्दोगन और जनता के बीच का मामला बताया और साजिश की आशंका जताई।

### पाकिस्तान में गर्मी का प्रकोप, सिंध में पारा 51.5 डिग्री पार

**पेशावर।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में भीषण गर्मी का कहर जारी है। शनिवार को सिंध के दादू शहर में तापमान 51.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसने मई 2016 के 51.4 डिग्री के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पीएमडी के कराची कार्यालय के मुख्य मौसम विज्ञानी सरफराज खान ने बताया कि दोपहर तक जैकबआबाद में 51 डिग्री, शहीद बेनजीराबाद, लारकाना और मोहनजोदड़ो में पारा 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

नगर पंचायत मीरानपुर कटरा की नवनिर्वाचित



माननीया अध्यक्ष

डा.पूजा कसाना

का

शपथ ग्रहण समारोह

आज दिनांक 01-06-2026 सायं 4 बजे

स्थान-शान मैरिजलॉन खुदागंज रोड,मीरानपुर कटरा

में आप सादर आमंत्रित हैं

निवेदक : नगर पंचायत मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर

## जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर यूक्रेन का ड्रोन हमला

### आईएईए ने कहा- यह आग से खेलने जैसा


**वियना।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) पर हुए ड्रोन हमले को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी कि परमाणु केंद्रों पर हमले करना आग से खेलने जैसा खतरनाक काम है।

आईएईए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि संयंत्र प्रशासन ने उन्हें ड्रोन हमले की सूचना दी है। यह ड्रोन संयंत्र की एक टर्बाइन बिल्डिंग से टकराया। इस टक्कर की वजह से इमारत की एक दीवार में छेद हो गया है। ग्रॉसी ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि किसी भी परमाणु केंद्र पर या वहां से किसी भी तरह का हमला नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की ताकि परमाणु सुरक्षा और सुरक्षा को कोई खतरा न हो। संयंत्र में मौजूद आईएईए की टीम ने नुकसान का खुद जायजा लेने के लिए प्रभावित इमारत तक जाने की अनुमति मांगी है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। आईएईए के अनुसार, अप्रैल 2024 के बाद यह पहली बार है जब संयंत्र के घेरे के भीतर कोई ड्रोन हमला हुआ है। जापोरिज्जिया संयंत्र यूरोप के सबसे बड़े परमाणु केंद्रों में से एक है। मार्च 2022 से ही इस पर रूस का नियंत्रण है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से आईएईए लगातार सैन्य गतिविधियों से होने वाले जोखिमों को लेकर चेतावनी दे रहा है। एजेंसी ने बार-बार परमाणु ढांचे की सुरक्षा की मांग की है।

## दुनिया में अमन की गारंटी बना भारत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए यहां एक कार्यक्रम में उन शांतिरक्षकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में भारत और ऑस्ट्रिया के स्थायी मिशन ने यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बलिदान शांति रक्षकों के सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, पर्वतनेनी हरीशने कहा, ये शांतिरक्षक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्रका प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। इस संबंध में भारत का योगदान अहम है। वह बोले, शांति सैनिकों के अथक प्रयासों से खतरनाक परिस्थितियों में भी दुनिया भर में शांति और स्थिरता बनी रहती है। भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता रखता है और इस महान लक्ष्य की दिशा में अपने प्रयास जारी रखेगा। 4,000 से अधिक उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं, शांतिरक्षक वर्दीधारियों और आम नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने शांति के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया।

■ **कहा-शांति सैनिकों के प्रयासों से दुनिया भर में है स्थिरता**




बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोन:- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइल: 9415016089